सुप्रभात
रांची, रविवार
24.03.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, चर्तुथी/पूर्णिमा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 251 12



लोकतंत्र किसी संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता : योगी

इफ्तार : शाम 5.56(24 मार्च)
सेहरी : भोर 4.26 (25 मार्च)







इफ्तार : शाम 5.56(23 मार्च)
सेहरी : भोर 4.26 (24 मार्च)

# मॉस्को आतंकी हमले में मृतकों की संख्या 150 पार

## कसम खाता हूं, हमलावरों को नहीं छोड़ूंगा: पुतिन, भारत साथ खड़ा है : मोदी

### 11 संदिग्ध हिरासत में आइएसआइ ली जिम्मेदारी

एजेंसी



**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में एक कॉन्सर्ट हॉल में शुक्रवार की देर रात हुए आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 150 से अधिक हो गयी। 145 से अधिक लोग घायल हैं। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आइएसआइ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। रूस की खुफिया एजेंसियों ने मास्को के क्रोकस सिटी हॉल पर हमले के मामले की जांच के संबंध में 11 लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें चार आतंकवादी हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ये सभी क्रोकस सिटी हॉल हमले में सीधे तौर पर शामिल थे। दुनिया भर के देशों ने इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। पीएम मोदी ने हमले की निंदा करते हुए कहा,दुख की इस घड़ी में भारत रूसी संघ की सरकार और जनता के साथ एकजुटता से खड़ा है। हमले का वक्त हाल में 6 हजार से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। रूसी मीडिया की रिपोर्टस के मुताबिक आतंकियों ने पहले सुरक्षा गार्ड को निशाना बनाया फिर आतंकियों ने हॉल के दरवाजे बंद कर दिये और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दिया। फायरिंग के बाद हॉल आग लग गयी, जिससे काफी नुकसान हुआ।

**यूएस को थी हमले की सूचना**

अमेरिकी दूतावास ने पहले ही एक एडवाइजरी जारी की थी। इसमे कहा गया था कि 'चरमपंथी' मॉस्को में बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। अमेरिका ने अपने नागरिकों को भीड़भाड़वाले स्थानों नहीं जाने की एडवाइजरी जारी की थी।

(शेष पेज 11 पर)

एके ने गिरफ्तारी व रिमांड को दी चुनौती, शीघ्र रिहा करें

# दिल्ली हाइकोर्ट से झटका शीघ्र सुनवाई से इनकार



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाइकोर्ट से दिल ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को शनिवार को एक ओर झटका लगा। दरअसल केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को ले कर कोर्ट में चुनौती याचिका दायर की थी। उस पर तत्काल सनिवाई की मांग की थी, पर हाकिोर्ट ने तत्काल लिस्टिंग करने से इनकार कर दिया। हाइकोर्ट में दायर याचिका में केजरीवाल की ओर से दलील दी गयी थी कि इडी की गिरफ्तारी और रिमांड का आदेश दोनों अवैध हैं। ऐसे में वो तुरंत ईडी की हिरासत से रिहा होने के हकदार हैं। हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश से रविवार 24 मार्च तक तत्काल सुनवाई की मांग की गयी थी। इस पर दिल्ली हाईकोर्ट से तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया। दरअसल, शुक्रवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को राहत देने से इनकार करते हुए उन्हें 28 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने कोर्ट में दावा किया कि कथित आबकारी घोटाला मामले में अपराध से अर्जित कमाई की बड़ी लाभार्थी रही आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा धनशोधन कराए जाने के लिए केजरीवाल ने दिल्ली का मुख्यमंत्री होने का फायदा उठाया। राउज एवेन्यू कोर्ट में स्पेशल जज कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने केजरीवाल की हिरासत का अनुरोध करते हुए कहा, दिल्ली सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य व्यक्तियों के साथ सांठगांठ करने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी घोटाले के सरगना और मुख्य षड्यंत्रकारी हैं। मामले में ईडी की दो साल की जांच के दौरान यह पहली बार है जब एजेंसी ने दावा किया है कि आप प्रमुख लाभार्थी थी।

(शेष पेज 11 पर)

### एके ने करोड़ों भारतीयों का विश्वास तोड़ा : अन्ना



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अन्ना हजारे ने एक चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में उन्होने कहा कि दिल्ली सरकार की शराब नीति और उसके जरिये किये गये भ्रष्टाचार में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से मुझे बहुत दुख हुआ है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़े गये इस देश के सबसे बड़े जन लोकपाल आंदोलन में मेरे साथी रहे अरविंद केजरीवाल का भ्रष्टाचार के मामले गिरफ्तार होना सबसे बडी विडंबना है। उन्होंने करोड़ों भारतीयों का विश्वास तोड़ा है। चिट्ठी में अन्ना ने लिखा है, जिन सारी बातों के खिलाफ लडने में मैंने मेरी पूरी जिंदगी बिता दी, उसके विपरीत जाकर केजरीवाल ने करोड़ों भारतीयों का विश्वास तोड़ा है। (शेष पेज 11 पर)

# दिनदहाड़े गोली मार कर युवक की हत्या

## मेन रोड में पत्नी बच्चे संग खरीदारी कर रहा था छोटू

- पुलिस जांच में जुटी आपसी रंजिश में हत्या की आशंका
- गढ़वा का कुख्यात अपराधी था युवक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजधानी रांची की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते हुए अपराधियों ने भीड़भाड़ वाले इलाके मेन रोड में एक युवक की गोली मारकर एक हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार शनिवार को गढ़वा का कुख्यात अपराधी छोटू रंगसाज अपनी पत्नी और बच्चे के साथ ईद की खरीदारी करने बाजार करने आया था। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे रिम्स ले जाया गया, पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही लोअर बाजार और डेली मार्केट पुलिस मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश करने जुट गयी। छोटू पर गढ़वा में कई मामले दर्ज हैं। माना जा रहा है कि आपसी रंजिश में पलामू के अपराधियों ने उसे गोली मारी गयी।

**बीच बाजार में गोली मारी**

हत्या की वारदात को रांची के डेली मार्केट थाना क्षेत्र में चर्च रोड और उर्दू पुस्तकालय के बीच अंजाम दिया। वह रांची के मौलाना आजाद कॉलोनी में रहता था। फायरिंग में एक गोली छोटू के सीने और एक गर्दन में लगी। (शेष पेज 11 पर)

### छोटू रंगसाज कई अपराध में लिप्त था

मूल रूप से गढ़वा के रंका का रहनेवाला छोटू रंगसाज पर गढ़वा जिले के सदर थाने और रंका थाना क्षेत्र में हत्या के सात मामले समेत लूट और डकैती के दो दर्जन मामले दर्ज हैं। हजारीबाग में मारे गए अपराधी भोला पांडेय व पलामू के बॉबी खान से भी इसके तार जुड़े थे। भोला पांडेय और बॉबी खान के मारे जाने के बाद से छोटू रंगसाज गढ़वा जिले में कई कांडों को अंजाम दे चुका था।

# पाम संडे : खजूर की डाली से सजा बाजार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** खजूर पर्व के नाम से चर्चिक पाम संडे ईसाई समुदाय का काफी महत्वपूर्ण त्यौहार माना जाता है। पाम संडे को लेकर रांची के बाजार में भी रौनक है। राजधानी के मेन रोड पर खजूर की डाली की खूब बिक्री हो रही है। ईसाई समुदाय के लोग खजूर की डाली की खरीदारी करने के लिए बाजार में उमड़े हैं। पाम यानी खजूर की डाली खरीदने लोगों ने कहा कि यह पर्व हमारे लिए बेहद खास होता है। इस पर्व को मनाने के लिए यह मान्यता है कि ईसाई समुदाय के प्रभु यीशू येरोसेलम में जब प्रवेश कर रहे थे। इसके लिए वहां के लोगों ने प्रभु के स्वागत के लिए खजूर की डाली को ही सड़क पर बिछा दिया था। इस पर्व में ईसाई समुदाय के लोग हाथ में खजूर की डाली लेकर चर्च पहुंचते हैं और वहां पर यीशु को याद कर प्रार्थना करते हैं। यह पर्व गुड फ्राइडे और ईस्टर संडे से पहले मनाया जाता है। खजूर की डाली बेचने के लिए खूंटी, सरायकेला, ओडिशा, पश्चिम बंगाल के क्षेत्रों से भी कारोबारी रांची पहुंचते हैं।

न्यूज डायरी

### बीसीसीएल के एक भवन में आग, भारी क्षति

**धनबाद।** कोयला नगर बीसीसीएल मुख्यालय के एक भवन में शुक्रवार की आधी रात लगी आग से कोयला कर्मियों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज जल गये। आगजनी की घटना क्षेत्रीय निदेशक सचिवालय कार्यालय में हुई। आग लगने के करण का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

### हेमंत की याचिका पर शीर्षकोर्ट में 1 को सुनवाई

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की एसएलपी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में एक अप्रैल को सुनवाई होगी। उनका मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ है। पूर्व सीएम ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गयी थी।

### हजारीबाग में सड़क हादसा, एक की मौत

**हजारीबाग ।** बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय के समीप जीटी रोड पर शनिवार को सड़क हादसे में युवक की मौके मौत हो यगी। जानकारी के अनुसार सुबह करीब नौ बजे हजारीबाग से बगोदर की ओर जा रही बाइक को पीछे से आ रही ट्रेलर ने चपेट में ले लिया। घटना के बाद ट्रेलर के चक्के में फंसे बाइक सवार को चालक ने काफी दूर तक घसीट लिया। मौके पर ही युवक ने दम तोड़ दिया। आक्रोशित लोगों ने घंटों रोड जाम कर दिया।

तीसरी आंख




# सजायाफ्ता की अपील पर फैसला सुरक्षित, आदेश 9 को

**रांची। (खबर मन्त्र संवाददाता)** नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके की छात्रा के साथ गैंग रेप मामले के सजायाफ्ता राजन उरांव की क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। उसकी ओर से सजा को निर्लंबित रखते हुए जमानत देने का आग्रह किया गया था। कोर्ट ने राजन उरांव की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट 9 अप्रैल को अपना आदेश सुनायेगी।

फास्ट ट्रैक अदालत ने इस मामले में 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनायी है। कानून की छात्रा के साथ 26 नवंबर 2019 को एक किशोर सहित 12 लोगों ने गैंग रेप किया था। कॉलेज परिसर से लगभग 2.5 किमी दूर कांके शहर के संग्रामपुर इलाके में एक शेड के नीचे एक दोस्त से कॉलेज से लौटने के दौरान बात कर रही थी। इसी दौरान वहां बाइक और कार में आये 9 युवकों ने हथियार के बल पर छात्रा को जबरन कार में बैठा लिया। सुनसान जगह पर ले गये। सभी ने छात्रा के साथ गैंग रेप किया। बीच-बचाव करने पर छात्रा के दोस्त से मारपीट भी की। आरोपी रात 10 बजे पीड़ित छात्रा को संग्रामपुर इलाके में पुल के पास छोड़कर भाग गये थे। बाद में छात्रा ने पुलिस में मामला दर्ज कराया।

**कानून की छात्रा से गैंगरेप का मामला**

### आठ हजार घूस लेते बीआरपी गिरफ्तार

**चतरा।** एसीबी की टीम ने शनिवार को हंटरगंज प्रखंड साधन सेवी (बीआरपी) सच्चिदानंद सिंह को जांच रिपोर्ट मैनेज करने के नाम पर शिक्षिका से घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। वह आठ हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों दबोचे गये।

### प्याज निर्यात पर लगा बैन फिर बढ़ाया गया

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा निर्णय लेते हुए शनिवार को प्याज निर्यात पर लंबे समय तक के लिए बैन लगा दिया है। प्याज निर्यात पर लगाये गए प्रतिबंध की समय सीमा 31 मार्च तक थी। अब इसे अनिश्चितकाल के लिए आगे बढ़ा दिया गया है।

## कल्पना सोरेन ने केजरीवाल की पत्नी से की बात, कहा

# आपकी भावना समझ सकती हूं, धैर्य रखें

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केरीबाल से कल्पना सोरेन ने बात कर उन्हें हिम्मत बंधाई । झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने पत्नी सुनीता से फोन पर बात की। साथ ही कहा, मैं आपकी भावना समझ सकती हूं। पूरा झारखंड आपके साथ है। हिम्मत रखें। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को इडी ने गुरुवार देर रात पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है। एके की गिरफ्तारी के बाद इंडिया गठबंधन दल के नेताओं ने उन्हें अपना समर्थन दिया है।

राहुल गांधी गांधी सहित विपक्ष के कई नेताओं ने केजरीवाल की पत्नी से मुलाकात कर उन्हें हिम्मत देने की कोशिश की है। इसी क्रम में कल्पना सोरेन ने भी केजरीवाल की पत्नी को फोन किया और साहस देने की कोशिश की। केजरीवाल से पहले इडी ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को भी गिरफ्तार कर चुकी है। हेमंत पर जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप है।

कल्पना सोरेन ने भी सुनीता से बातचीत के बाद यह जानकारी हेमंत सोरेन के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर दी। एक्स पर कल्पना सोरेन ने लिखा 'अभी अरविंद केजरीवाल जी की धर्म पत्नी सुनीता केजरीवाल जी से बात कर उन्हें साहस देने का प्रयास किया। एक साथी के रूप में मैं उनकी परेशानियों को समझ सकती हूं। लोकप्रिय निर्वाचित मुख्यमंत्रियों की गैरकानूनी ढंग से गिरफ्तारी और वह भी तब जब देश में आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा हो गयी हो, एक लोकतांत्रिक देश के लिए यह सामान्य घटना नहीं है। (शेष पेज 11 पर)

श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय
आपकी नजर, हमारा लक्ष्य...
CGHS और आयुष्मान भारत द्वारा मान्यता प्राप्त
साथ ही साथ 16 TPA (Third Party Association)




उपलब्ध सुविधाएं :
- आँखों की सम्पूर्ण जांच
- अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों द्वारा परामर्श
- मोतियाबिंद का उपचार
- रेटिना (पर्दे) का उपचार
- ग्लुकोमा का उपचार
- बच्चों की आँखों की जांच
- भेंगापन का उपचार
- मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर

20% Discount on Paid Surgery
25% Discount on Optical Frame
10% Discount on Daignostic

आयुष्मान कार्डधारकों के लिए
नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
बिना टांके व इंजेक्शन मोतियाबिंद का सफल ईलाज



रांची : अशोक नगर (गेट नं.1 एवं 2 के बीच में), कडरू रोड, रांची, झारखंड-834002
सम्पर्क करें- 7217894438, 9560743149

धनबाद : ग्राउंड फ्लोर, उर्मिला इनक्लेव, सराईढेला, धनबाद-828127
सम्पर्क करे- 7217894439, 9709485111

समय : सुबह 9.00 बजे से 7.00 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
रविवार बंद

खबर एक नजर में

## राजेश कोड़ा ने मांगी अग्रिम जमानत

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा ने अपनी अग्रिम जमानत के लिए रांची सिविल कोर्ट में अर्जी लगायी है। उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर रांची सिविल कोर्ट में 1 अप्रैल को सुनवाई होगी। राजेश कोड़ा पर इनकम टैक्स रिटर्न नहीं भरने का आरोप है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की शिकायत के मुताबिक, राजेश कोड़ा ने वर्ष 2004 से 2010 तक इनकम टैक्स रिटर्न नहीं भरा है। इससे पहले इनकम टैक्स रिटर्न से जुड़े केस में मधु कोड़ा की पत्नी और बीजेपी में शामिल हो चुकी सांसद गीता कोड़ा ने भी जमानत अर्जी दाखिल की थी। दोनों को कोर्ट से बेल मिल चुका है।

## दो करोड़ रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को झारखंड हाइकोर्ट से मिली राहत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने 2 करोड़ रुपये की ठगी के आरोपी व बुलेट शोरूम के संचालक सुमन कुमार को राहत मिली है। अदालत ने सुमन की गिरफ्तारी पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। सुमन कुमार की ओर से अधिवक्ता विनय कुमार तिवारी ने बहस की। दरअसल गोड्डा की रहने वाली रेणु कुमारी ने सुमन कुमार के खिलाफ गोड्डा के नगर थाना में 2 करोड़ की ठगी करने और जान से मारने की धमकी देने समेत कई अन्य आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सुमन कुमार ने झारखंड हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की गुहार लगायी थी। जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सुनवाई हुई।

## जमीन कारोबारी अफसर अली की जमानत याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई 12 अप्रैल को

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अफसर अली की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 अप्रैल निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अफसर अली की गिरफ्तारी में अपनाई की प्रक्रिया संबंध में ईडी से जानकारी मांगी थी। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गई है। 14 अप्रैल 2023 से न्यायिक हिरासत में जेल में है, इसे देखते हुए उन्हें जमानत प्रदान की जाए।

## राजनीतिक पार्टियों के घोषणा पत्र में ओबीसी के प्रभावकारी मुद्दे शामिल हों : राजेश गुप्ता



**रांची।** सभी पार्टियों से ओबीसी समुदाय के प्रभावकारी प्रमुख मुद्दे को अपने घोषणा पत्र में शामिल कर वचन दें कि यदि वे जीतते हैं तो ओबीसी के मांगों को पूरा करेंगे। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने शहीद भगत सिंह एवं डॉ राम मनोहर लोहिया जी के स्मृति दिवस प्रदेश कार्यालय हरमू में एकदिवसीय उपवास के पश्चात कहीं। अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संजय चौरसिया ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता सहित सभी पदाधिकारी को नारियल पानी पिलाकर उपवास को तुड़वाते हुए कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के मांग जायज हैं और सभी पार्टियों को अपने घोषणा पत्र में इसे शामिल करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि ओबीसी समुदाय के प्रभावकारी प्रमुख मुद्दे को पार्टियां अपने घोषणा पत्र में शामिल कर लागू करती है, तो ओबीसी समुदाय के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आएगी और देश सशक्त होगा।

## अधिकार उपायुक्तों के पास है या अदालत के पास, हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित




**मामला मिनरल्स के ट्रांसपोर्टेशन में लगे वाहनों और सामानों को जब्त कर वाहन नीलाम करने का**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में मिनरल्स के ट्रांसपोर्टेशन में लगे वाहनों एवं उनपर लदे सामानों को जब्त कर कार्यवाही चलाने और वाहन को नीलाम करने (राज्य सात्करण करने) का अधिकार उपायुक्तों के पास है या अदालत के पास है, इसपर हाईकोर्ट में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद हाईकोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले को लेकर जटाशंकर झा सहित 11 याचिकाएं हाई कोर्ट में दाखिल की गई है। प्रार्थियों ने झारखंड माइनर मिनरल ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज रूल 2017 के रूल 11 (वी) को हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

प्रार्थियों को कहना है कि उक्त रूल सेक्शन 21 (4 ए) माइंस एंड मिनरल (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट) एक्ट 1957 की विरुद्ध है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड माइनर मिनरल ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज रूल 2017 के रूल 11 (वी) के तहत मिनरल्स के ट्रांसपोर्टेशन में लगे वाहनों एवं उनपर लदे सामानों को जब्त कर नीलाम करने का अधिकार उपायुक्तों के पास है।

लेकिन सेक्शन 21 (4 ए) माइंस एंड मिनरल (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट) एक्ट 1957 में यह अधिकार अदालत के पास है। इसलिए मिनरल ट्रांसपोर्टेशन के कार्य में लगे वाहनों और उसपर लदे सामानों को जब्त करने, कार्यवाही चलाने एवं नीलाम करने का अधिकार उपायुक्तों के पास नहीं है, यह अधिकार अदालत के पास है।

### सीइओ ने पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं चतरा में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी विभाग समन्वयन बनाकर कार्य करें : के. रवि कुमार

**आपराधिक और असामाजिक गतिविधियों पर रखें सतत निगरानी**

- मतदान केन्द्रों पर हो शुद्ध पेयजल की व्यवस्था
- शौचालय को क्रियाशील बनाने के भी निर्देश
- मेडिकल किट हर हाल में उपलब्ध करायें
- हेलीपैड को कराएं दुरूस्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपन्न कराने के लिए सभी जिलों के जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया है। वे शनिवार को पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय में पलामू लोकसभा क्षेत्र के पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं चतरा जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारी, एवं चुनाव प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चतरा जिले के पुलिस अधीक्षक को अपने क्षेत्र के नामजद आरोपितों को अभियान चलाकर गिरफ्तार करने, प्रतिबंधित नशीले पदार्थों एवं अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई कर हजारीबाग में आयोजित अगली समीक्षा बैठक में प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने 27 मार्च तक सभी मतदान केन्द्रों पर सभी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।



**सोशल मीडिया पोस्ट पर सख्ती से रखें ध्यान, सोशल मीडिया सेल को सक्रिय रखें** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पोस्टों पर गहनता से ध्यान रखे जाने की जरूरत है। उन्होंने सोशल मीडिया सेल, कंट्रोल रूम, यातायात प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन, पोस्टल बैलेट, प्रशिक्षण, एमसीएमसी सहित अन्य कोषांगों को सक्रिय रखने का निदेश दिया।

**अंतराज्यीय चेक पोस्ट पर बलों की तैनाती कर सख्ती से करें जांच** : जिलों के सभी चेक पोस्ट को सक्रिय करते हुए सख्ती बरतें। पर्याप्त बल एवं दंडाधिकारी की नियुक्ति कर सघन जांच अभियान चलाकर अवैध शराब एवं शस्त्र की आवाजाही पर पूर्णतया रोक लगाने तथा सभी चेकपोस्टों पर औचक निरीक्षण करने एवं उनके कार्यान्वयन पर निगरानी रखने का निदेश दिया।

**संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर जीरो रिस्क सिद्धांत पर करें कार्य : ए.वी होमकर**

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने चिन्हित संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर कड़ी निगरानी रखते हुए जरूरी व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त सीआरपीएफ एवं पुलिस बलों की तैनाती का आकलन करते हुए शून्य रिस्क सिद्धांत पर कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि मतदान के साथ-साथ ईवीएम, मतदाता एवं पोलिंग पार्टी की सुरक्षा हम सब की प्राथमिकता है। दुरूह क्षेत्र के मतदान केन्द्रों एवं क्लस्टर पर पोलिंग पार्टी एवं आवश्यक सेवाओं के लिए आवागमन की व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। उन्होंने डिस्पैच सेंटर से क्लस्टर एवं स्ट्रांग रूम से मतदान केन्द्र तक की व्यवस्था का बिंदुवार विश्लेषण करने सहित निर्वाचन कार्य में विधि व्यवस्था संधारण से संबंधित सभी दिशा निर्देशों का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया।

### चतरा के कई बुथों का निरीक्षण, सीइओ बोले

## सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम जरूरी सुविधाएं 27 मार्च तक करायें दुरूस्त

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने चतरा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सिमरिया में मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर बीएलओ के कार्यों की जानकारी भी ली। साथ ही मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के सदस्यों की सूची एवं मतदाता सूची का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिया।

सीईओ ने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के निबंधन, मतदान केंद्रों पर रैंप को दुरुस्त करने, व्हील चेयर की व्यवस्था रखने, स्वच्छ शौचालय एवं उसमें रनिंग वाटर की व्यवस्था करने, शौचालय के दीवार पर पुरूष एवं महिला अंकित करने, शौचालय के रास्तों में साइनेज लगवाने के अलावा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मतदान कक्ष में मतदान अधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य के बैठने एवं वीवीएस एवं वीवीपैट रखने की व्यवस्था की भी जानकारी दी। उन्होंने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की कमियों को 27 मार्च तक दूर करते हुए मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया सुगम बनाने का निर्देश दिया।

## 29 मार्च तक बादलों का साया, कल उत्तरी हिस्से में बारिश की संभावना

**तापमान में होगी वृद्धि**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के मौसम में बदलाव जारी है। आने वाले दिनों में भी बादल और बारिश की संभावना बनी रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी है कि 24 मार्च को राज्य में आंशिक बादल छाये रहेंगे। वहीं 25 मार्च को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में बारिश की संभावना है। इस हिस्से में बारिश के साथ ही तेज हवाएं चलने और वज्रपात की संभावना भी व्यक्त की गयी है। इसमें देवघर, दुमका, धनबाद, जामताड़ा, गिरिडीह, पाकुड़ और साहेबगंज में बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही 26 से 29 मार्च तक राज्य में आंशिक बादल का असर देखा जायेगा। ऐसे में संभावना है कि इस बार होली खेलने में लोगों को खुशियों में खलल होगी। बारिश और बादल का असर राज्य में बना रहेगा।

तापमान की बात करें तो आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में छह डिग्री तक की वृद्धि होगी। इसके तीन दिनों के बाद तापमान में कोई वृद्धि नहीं होगी। ऐसे में आने वाले दिनों में लोगों को गर्मी का एहसास भी होगा। लेकिन बादल और बारिश से लोगों को राहत मिलेगी। राजधानी रांची की बात करें तो 24 से 29 मार्च तक बादल छाये रहने की संभावना व्यक्त की गयी है। 29 मार्च तक राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान 19 से 20 डिग्री और अधिकतम तापमान 33 डिग्री तक रहने की संभावना है।

## लोस चुनाव: सीट शेयरिंग नहीं होने के बावजूद भाकपा माले ने कोडरमा सीट पर किया दावा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अभी तक झारखंड की 14 सीटों के लिए इंडिया गठबंधन की ओर से सीट शेयरिंग फॉमूर्ला तय नहीं हो पाया है। कयासों के अनुसार कांग्रेस को सात सीट, जेएमएम को पांच सीट और राजद और भाकपा माले को एक-एक सीट पर सहमति बन सकती है। हालांकि सीट शेयरिंग के फाइनल फॉमूर्ला की औपचारिक घोषणा अब तक नहीं की गई है। इसके बावजूद भाकपा माले ने कयासों के बीच कोडरमा सीट पर अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

चर्चा है कि भाकपा माले के लिए इंडिया गठबंधन की तरफ से कोडरमा सीट तय की जा सकती है। इस संबंध में भाकपा माले पार्टी के राज्य सचिव मनोज भक्त ने बताया कि दिल्ली और झारखंड में प्रदेश स्तर के नेताओं से लगातार बातचीत जारी है। अभी तक की बातचीत से यह अनुमान है कि कोडरमा सीट भाकपा माले के खाते में आ सकती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में झारखंड के कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य के बीच हुई बातचीत में लगभग यह तय हो चुका है कि कोडरमा लोकसभा सीट से भाकपा माले चुनाव लड़ेगी। वहीं झामुमो नेताओं से भी लगातार संपर्क साधा गया है और उनसे भी कोडरमा सीट को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है।

**प्रत्याशी को लेकर विधायक विनोद सिंह के नाम की चर्चा** : हालांकि प्रत्याशी के नाम के सवाल पर भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। चर्चा है कि बगोदर के वर्तमान विधायक विनोद सिंह प्रत्याशी के रूप में कोडरमा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। मालूम हो कि कोडरमा सीट पर हमेशा ही भाकपा माले ने बेहतर प्रदर्शन किया है। 2009 के आम चुनाव में और 2014 में भाकपा माले के प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रह चुके हैं। इसलिए भाकपा माले कोडरमा सीट की लगातार मांग कर रहा है।

**कोडरमा में हो सकती है कांटे की टक्कर**

सवाल उठता है कि यदि विनोद सिंह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में खड़े होते हैं तो कोडरमा सीट पर एनडीए की वर्तमान सांसद सह मंत्री अन्नपूर्णा देवी को कितनी टक्कर दे पाते हैं। राजनीति के जानकार बताते हैं कि इंडिया गठबंधन की ओर से यदि विनोद सिंह यदि प्रत्याशी के रूप में खड़े होते हैं तो निश्चित रूप से कोडरमा की छह विधानसभा सीटों पर विपक्षी को कड़ी चुनौती मिल सकती है, क्योंकि विनोद सिंह की छवि राजनीति के क्षेत्र में काफी अच्छी रही है।

### लातेहार डीसी व जेएसपीएलएस के सीइओ रहने के दौरान छोड़ी अमिट छाप

## मछली उत्पादन में झारखंड को अग्रणी राज्य बनाने वाले राजीव कुमार लड़ेंगे लोस चुनाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मछली उत्पादन में झारखंड को अग्रणी राज्य बनानेवाले राजीव कुमार अब चतरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। बतौर मत्स्य निदेशक रहते राजीव कुमार झारखंड को मछली उत्पादन में अग्रणी राज्य बनाने और झारखंड राज्य आजीविका मिशन सोसाइटी के सीइओ रहने के दौरान ग्रामीण महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे लातेहार जिले का उपायुक्त रहने के दौरान भी उल्लेखनीय काम करके चर्चा में आये। अपनी व्यवहार कुशलता से लोगों को मन जीतने वाले, आम जनों में अनोखी और अमित छाट छोड़ने वाले, सादगी पूर्ण जीवन जीने वाले राजीव कुमार ने कहा है कि क्षेत्र की जनता की अपार इच्छा कि मैं चुनाव लड़ूं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर किसी राजनीतिक दल का टिकट मिलता है तो ठीक है अन्यथा वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।



उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में विकास की संभावनाएं हैं। इस इस क्षेत्र को विकास के मामले में अग्रणी बनाना हमारा उद्देश्य व सपना है। लातेहार जिले का उपायुक्त रहने के दौरान हमने जिले के चप्पे-चप्पे का दौरा कर लोगों की दुःख दर्द को जाना गरीबी व भुखमरी को हमने नजदीक से देखा और इस बाबत हमने कई काम किया। जंगलों पहाड़ों व सुदूर गांव देहातों में रहने वाले लोगों की पीड़ा को समझा। कुछ इसी तरह की स्थिति पूरे चतरा संसदीय क्षेत्र में है। क्षेत्र के लोगों की गरीबी भुखमरी को मिटाना, लोगों का जीवन स्तर उठाना, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा और शिक्षा की समुचित व्यवस्था करना हमारी प्राथमिकता है। चतरा संसदीय क्षेत्र में लोगों का पलायन रोकने की दिशा में सकारात्मक व ईमानदारी से पहल करने की जरूरत है और इसको लेकर हम गंभीर हैं।

## जेपीएससी ने 11वीं सिविल सेवा सर्विस परीक्षा का जारी किया आंसर की



**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग ने 17 मार्च को हुई 11वीं सिविल सर्विस परीक्षा का आंसर की जारी कर दिया है। अभ्यर्थी अपने सेट का आंसर की जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट जेपीएससी डॉट गॉभ डॉट इन पर देख सकते हैं। अभ्यर्थी अपने मॉडल उत्तर के विरुद्ध अपनी आपत्ति या सुझाव 24 से 30 मार्च तक शाम 5 बजे तक कर सकते हैं। आपत्ति दर्ज करवाने के लिए आयोग की वेबसाइट ईमेल आईडी, फोन नंबर, कैंडिटेट आईडी, पासवर्ड डाल कर विषय के अनुसार प्रश्न के विरुद्ध अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। आपत्ति जताने का सोर्स भी अनिवार्य होगा।

## होली में जैप और आइआरबी समेत कई सुरक्षा कंपनियां रहेंगी तैनात

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** लोकसभा चुनाव के दौरान होली के मौके पर शांति-व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस विशेष प्रबंध कर रही है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 24 जिलों में कानून-व्यवस्था के लिए जैप, आईआरबी समेत अन्य कंपनियों के करीब दो हजार से अधिक अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है।

राज्य में जैप, आईआरबी समेत अन्य बटानियन के साथ कई कंपनी का अतिरिक्त फोर्स राज्य के विभिन्न जिलों में तैनात रहेंगे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस मुख्यालय संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। 23 मार्च से 27 मार्च तक के लिये अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। आईजी अभियान ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

रांची, हजारीबाग, गिरीडीह, दुमका, जमशेदपुर में रैप की कंपनी भी तैनात रहेगी। करीब दो हजार से अधिक अतिरिक्त बलों की तैनाती विभिन्न जिलों में की गई है। पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सभी को दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों से लैस होकर तैनात रहने का निर्देश दिया गया है।

### मिलन समारोह में पूर्व आइजी देव बिहारी शर्मा ने समर्थकों के साथ ली भाजपा की सदस्यता

# नरेंद्र मोदी को विकसित भारत बनाने की चिंता और विपक्ष को मोदी को हटाने की चिंता: बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोजपा युवा मोर्चा के रंजीत राम और पूर्व आइजी देव बिहारी शर्मा को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवम सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने 8980808080 टॉल फ्री नंबर पर पार्टी की विधिवत सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस झामुमो राजद पर बड़ा हमला बोला। श्री मरांडी ने कहा कि एक तरफ भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकसित भारत,आत्म निर्भर भारत स्वाभिमानी भारत बनाने की चिंता है। उन्होंने कहा कि देश का विकास और गरीबों का उत्थान विपक्ष को बर्दाश्त नहीं। उन्होंने कहा कि इसलिए आज सारे भ्रष्टाचारी एकजुट हो रहे हैं। बाबूलाल ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता मोदी जी के साथ खड़ी है। उन्होंने केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

इस मौके पर रंजीत राम ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी जी पर देश को ही नहीं दुनिया को भरोसा है। उन्होंने पार्टी की सदस्यता दिलाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का आभार प्रकट किया। वहीं पूर्व आइजी देव बिहारी शर्मा ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी के कार्यों को बहुत नजदीक से देखा हूं। उन्होंने पारिवारिक क्षति उठाते हुए भी राष्ट्र और झारखंड की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी। पार्टी को ऐसे नेतृत्व पर भरोसा है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में दिलीप करमाली, विशाल राम, अमित श्रीवास्तव, अमित वर्मा, अमरनाथ कुमार, आशुतोष पाठक, रंजन राम, चुन्नू कुमार, शंकर कालिंदी, एहसान रजा, पवन महतो, संजू कुमार आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री एवम सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, शशि भूषण भगत, योगेंद्र प्रताप सिंह थे।

### सुप्रियो और बंधु तिर्की ने केंद्र सरकार पर बोला हमला, कहा

## तानाशाही रवैया दिखा रही केंद्र की मोदी सरकार, राष्ट्रपति संज्ञान लें

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** जेएमएम कार्यालय में शनिवार को पार्टी प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य एवं कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस कर रहा कि केंद्र सरकार तानाशाही रवैया दिखा रही है। संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से केंद्र सरकार की तानाशाही रवैया के विषय बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी एक प्रकार से वर्तमान केंद्र सरकार की तानाशाही रवैया दिखाई पड़ता है। आगामी लोकसभा चुनाव में यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है, तो केंद्र के सभी के सत्ताधारी पार्टियों के नेता सलाखों के पीछे होंगे। जिस प्रकार से भाजपा नए-नए कारनामे करते हुए होली के दिनों में ऑडियो वायरल या फिर अन्य विषय उठा रही है, इससे देश को धरातल पर पहुंचने का मार्ग प्रशस्त है।

वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इलेक्टरल बॉन्ड या फिर अकाउंट फ्रिज होने की बात हो रही है। यह सीधे तौर पर राजनीतिक पार्टियों के फंड पर डाका डालने का प्रयास किया जा रहा है। जिस प्रकार से लगातार देश के संविधान पर हमला हो रहा है, इसे लेकर हमारी मांग है कि राष्ट्रपति संज्ञान ले।

सावधान! तीन दिन में 165 से ज्यादा फूड सैंपल किये गये कलेक्ट

# जांच में फेल हुए रांची के कई होटल और रेस्टूरेंट, 11 को थमाया नोटिस

**सेहत से खिलवाड़**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** होली पर्व के मद्देनजर रांची में मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ पिछले तीन दिनों से शहरी क्षेत्र में जांच अभियान चलाया जा रहा है, जो होली तक जारी रहेगा। अनुमंडल दंडाधिकारी उत्कर्ष कुमार के निर्देशानुसार, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में संबंधित थाना क्षेत्र के सहयोग से टीम ने दिनांक 20, 21 और 22 मार्च 2024 को शहर के विभिन्न होटल, रेस्टूरेंट एवं मिठाई दुकानों में सैंपल जांच की। टीम ने मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के साथ तीन दिनों में विभिन्न मिठाई दुकानों, रेस्टूरेंट आदि में कुल 168 फूड सैंपल की जांच की। जिसमें जांच में फेल 13 प्रतिष्ठानों को नोटिस दिया गया।

**इन क्षेत्रों में चलाया गया जांच अभियान** : टीम द्वारा 20 मार्च को डंगराटोली एवं लालपुर क्षेत्र के विभिन्न मिठाई दुकानों एवं रेंस्टोरेंट की जांच की गई। 21 मार्च को रिम्स, कचहरी रोड, मेन रोड और 22 मार्च को कांके रोड के मिठाई दुकानों एवं रेस्टोरेंट के सैंपल की जांच की गई। इस दौरान जांच में फेल हुए खाद्य सामग्री को नष्ट किया गया एवं संबंधित प्रतिष्ठान को नोटिस तामिला किया गया। टीम द्वारा एक्सपायरी डेट को लेकर 90 फूड पैकेट का भौतिक निरीक्षण भी किया गया।

### इन्हें दिया गया नोटिस

| | |
|---|---|
| द होड कैफे, डंगराटोली | गुप्ता भोजनालय, रिम्स के सामने |
| फ़्लेम्स, डंगराटोली | आशीर्वाद होटल, रिम्स के सामने |
| द पेपरी, डंगराटोली | द ग्रेट इंडियन कैफे, कांके रोड |
| क्विकबाइट, डंगराटोली | ला पिनोज पिज्जा, कांके रोड |
| चिकन प्लाजा, डंगराटोली | कुप्पुस्वामी, कांके रोड |
| सेकेंड वाइफ रेस्टोरेंट, डंगराटोली | मुंडा होटल, कांके रोड |
| अमरीक होटल, डंगराटोली | ------------- |

होली के अवसर पर विधि-व्यवस्था और लोक परिशांति संधारण का आदेश जारी

# होली के दौरान कड़ी निगरानी रखें पदाधिकारी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो : डीसी

### जो होली खेलना न चाहें उनके साथ जबरदस्ती न करें, महिलाओं के साथ अभद्रता न करें: उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि होली पर्व उत्साह के साथ मनाया जाता है किन्तु यह भी आवश्यक है, कि जो व्यक्ति होली खेलना नहीं चाहे उसके साथ होली नहीं खेली जाए। खासकर महिलाओं के साथ अभद्रता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने होली में हुड़दंगियों, आपसी झगड़ों तथा नशापान कर वाहन चलाने चालकों पर कड़ी निगरानी संबंधित थाना प्रभारी, यातायात पुलिस पदाधिकारी को रखने का निर्देश दिया है। ताकि किसी अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सके एवं क्षेत्र में परिशांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि अगर नियमों का उल्लंघन होगा तो ऐसे लोगों के विरूद्ध नियमानुसार विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।



**आचार संहिता का उल्लंघन न हो**

लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है तथा आदर्श आचार संहिता लागू है। प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारी, पदाधिकारी, पुलिस बल इस दौरान यह भी सुनिश्चित करेंगे कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो तथा यदि कोई ऐसा मामला पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई करें। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल एवं अपने-अपने क्षेत्रों में सर्तक रहकर विधि-व्यवस्था संघारण सुनिश्चित करेंगे।

### अफवाहों का अविलंब निराकरण करें

अक्सर झूठे अफवाहों के कारण तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अतः अफवाहों का अविलम्ब निराकरण करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया जाता है, जो अनावश्यक अफवाह फैला कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करें, वैसे साम्प्रदायिक तत्वों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई संबंधित थाना के थाना प्रभारी करना सुनिश्चित करेंगे। यहां यह भी आवश्यक है कि संबंधित पुलिस उपाधीक्षक इसका समुचित पर्यवेक्षण करें। सभी थाना प्रभारी असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखने को लेकर आमसूचना का संग्रहण करेंगे एवं लोक परिशांति भंग करने वालों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

### होलिका दहन पर सतर्कता बरतने के निर्देश

थाना प्रभारी गश्ती के माध्यम से होलिका दहन के दौरान सुनिश्चित करेंगे कि किसी प्रकार की दुर्घटना/विवाद न होने पाये। इस पर्व की अवधि में यदा-कदा चंदा वसूलने, अभद्र व्यवहार, लोगों पर जबरदस्ती कीचड़, धूल, रंग अबीर आदि लगाये जाने एवं अश्लील गीत आदि को लेकर भी अप्रिय घटनायें होने को समस्या रहती है। इस पर विशेष ध्यान दें।

### यहां यहां होगा अग्निशमन वाहन

अग्निशमन पदाधिकारी, रांची एक-एक अग्निशमन दस्ता संबंधित कर्मचारियों के साथ दिनांक 24.03.2024 के पूर्वाहन से पिस्का मोड़, मोरहाबादी मैदान, डोरण्डा थाना, एकरा मस्जिद, कांके चौक, बुण्डू, थाना एवं जिला नियंत्रण कक्ष 02 अग्निशमन वाहन में प्रतिनियुक्त करेंगे। जो होली पर्व की शांतिपूर्ण समाप्ति तक रहेगा। अनुमण्डल पदाधिकारी, बुण्डू, बुण्डू अनुमंडल क्षेत्र में स्थापित कंट्रोल रूम का पर्यवेक्षण करेंगे।

### शराब दुकानों पर कड़ी नजर

रांची जिला के सभी शराब दुकानों को एक दिन (होली मुख्य दिन) बन्द रखना सुनिश्चित करेंगे। उनको यह भी निदेश है कि उक्त अवधि में अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध गहन छापामारी कर इसकी बिक्री पर रोक लगाने की सभी प्रभावी कार्रवाई अपने स्तर से करेंगे।

**चिकित्सा व्यवस्था :** सिविल सर्जन, चिकित्सा व्यवस्था के लिए एम्बुलेंस, चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी एवं सभी आवश्यक दवा एवं उपकरण के साथ जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे।

# हटिया विस क्षेत्र के 11 मतदान केंद्र भवन के नाम परिवर्तित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हटिया विधानसभा क्षेत्र (रांची) के 11 मतदान केन्द्रों के भवन के नाम परिवर्तित किये गये हैं। रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने नाम परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 64-हटिया सह अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची द्वारा कुल 11 मतदान केन्द्रों के भवन के नाम परिवर्तित हो जाने के कारण नाम परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव जिला निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराया गया था, जिस पर निवार्ची पदाधिकारी ने स्वीकृति प्रदान की है।

1. (पूर्व) 275- क्राउन पब्लिक स्कूल, पिपराटोली, कटहल मोड़ रोड, कमरा नंबर-1
(परिवर्तित) 275-कोरोना यूनिवर्सल स्कूल, रांची, पिपराटोली अरगोड़ा, कमरा नंबर-1
2. (पूर्व) 276- क्राउन पब्लिक स्कूल, पिपराटोली, कटहल मोड़ रोड, कमरा नंबर-2
(परिवर्तित) 276-कोरोना यूनिवर्सल स्कूल, रांची, पिपराटोली अरगोड़ा, कमरा नंबर-2
3. (पूर्व) 277- क्राउन पब्लिक स्कूल, पिपराटोली कटहल मोड़ रोड, कमरा नंबर-3
(परिवर्तित) 277-कोरोना यूनिवर्सल स्कूल, रांची, पिपराटोली अरगोड़ा, कमरा नंबर-3
4. (पूर्व) 278- क्राउन पब्लिक स्कूल, पिपराटोली कटहल मोड़ रोड, कमरा नंबर-4
(परिवर्तित) 278-कोरोना यूनिवर्सल स्कूल, रांची, पिपराटोली अरगोड़ा, कमरा नंबर-4
5. (पूर्व) 282-सामुदायिक भवन, लेजर मरचा, पुन्दाग रोड
(परिवर्तित) 282- विवाह मण्डप, अरगोड़ा, लेजर मरचा, कमरा नंबर-1
6. (पूर्व) 283-सामुदायिक भवन, लेजर मरचा, पुन्दाग रोड
(परिवर्तित) 283- विवाह मण्डप, अरगोड़ा, लेजर मरचा, कमरा नंबर-2
7. (पूर्व) 246- उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-1
(परिवर्तित) 246-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-9
8. (पूर्व) 247- उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-2
(परिवर्तित) 247-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-10
9. (पूर्व) 248- उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-3
(परिवर्तित) 248-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-11
10. (पूर्व) 249- उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-4
(परिवर्तित) 249-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-12
11, (पूर्व) 250- उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-5
(परिवर्तित) 250-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-13

### मेडिका रांची को आरोग्य भारत समिट अवार्ड मिला

**रांची।** मेडिका समूह के दो प्रोजेक्ट्स ने आरोग्य भारत समिट अवार्ड, नई दिल्ली में जीत हासिल की है। भगवान महावीर मेडिका हॉस्पिटल, रांची ने पेशेंट फॉल निवारण प्रोजेक्ट में प्रथम और मेडिका, कोलकाता को सर्जिकल साइट संक्रमण में कमी प्रोजेक्ट में प्रथम रनर-अप का अवार्ड हासिल किया। मेडिका समूह के संयुक्त प्रबंध निदेशक और सह-संस्थापक अयनाभ देबगुप्ता ने सम्मान ग्रहण करते हुए कहा स्वास्थ्य क्षेत्र के ये दोनों सम्मान अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखते है और मेडिका आगे भी अपनी उन्नत सेवा को कटिबद्ध है। एवीपी अनिल कुमार ने बताया की पेशेंट फॉल निवारण यह प्रोजेक्ट क्षमता का पता लगाकर रोगी की फॉल संख्या को शून्य तक कम करने के लिए शुरू की गई थी। पेशेंट फॉल के कारण, मूल्यांकन, पुनर्मूल्यांकन और गिरावट की रोकथाम के उपायों को हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा प्राथमिकता दी गयी और एक मिशन के तहत जीरो फॉल टारगेट को हासिल किया गया। वहीं, मेडिका,कोलकाता ने सर्जिकल साइट संक्रमण (एसएसआई) की बढ़ती प्रवृत्तियों को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

# रांची जिले के सभी मतदान केंद्रों पर रखें सभी जरूरी सुविधाएं : जिला निर्वाची पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में जिले के सभी अंचलाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपीडीओ और संबंधित चुनाव से जुड़े पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारियों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। डीइओ ने मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (एएमएफ) के संबंध में प्रखंडों को निर्देश दिया। कहा गया की मतदान केंद्रों पर शौचालय और स्नानघर सुनिश्चित करें कि सभी शौचालय साफ हों और उपयोग योग्य स्थिति में हों।

नहाने और शौचालय के लिए पानी की उपलब्धता, हाथ धोने और अन्य उपयोगों के लिए छोटे साबुन उपलब्ध कराएं। बाल्टी तथा मग अवश्य रखें। यदि भौतिक शौचालय पर्याप्त न हों तो मोबाइल शौचालय की संभावना तलाशें। पीने का पानी स्वच्छ पेयजल के लिए स्टील के गिलास के साथ मिप्ती के बर्तन (2-3), स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति को पुनः जारी रखें। मतदान कर्मियों को बोतलबंद पानी उपलब्ध कराया जाए तो और भी बेहतर होगा। भोजन तीन बारः सुबह 6-7 बजे नाश्ता; दोपहर 12-1 बजे दोपहर का भोजन, 4-5 बजे चाय-नाश्ता। एमडीएम कर्मचारी उपरोक्त वर्णित अनुसार तीन बार बुनियादी भोजन उपलब्ध कराएं (पेमेंट बेसिस पर खाना दिया जाएगा)। इसके अतिरिक्त, उस पंचायत में भोजन व नाश्ते के लिए एक आपूर्तिकर्ता, दुकान को टैग करें। पोलिंग बूथ के अन्दर उसका नाम और संपर्क नंबर चिपकाएं। मतदान के दिन से पहले ही आपूर्तिकर्ता को भोजन की आवश्यकता के बारे में सूचित करें। मतदान दल द्वारा आपूर्तिकर्ता को भुगतान किया जाएगा।

## लोस चुनाव के निष्पक्ष संचालन को लेकर एमसीएमसी का गठन

**रांची।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के निष्पक्ष संचालन को लेकर जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) का गठन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुआ। एमसीएमसी शहर अंचल कार्यालय रांची के प्रथम तल्ला में कार्य करेगा। इसका गठन प्री-सर्टिफिकेशन का कार्य और पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखने के लिए किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की सामग्री का प्रसारण करने से पूर्व एमसीएमसी से पूवार्नुमति आवश्यक होगी। कोई भी राजनीतिक दल, प्रत्याशी, कोई व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह, एसोसिएशन, ऑर्गनाईजेशन, ट्रस्ट अगर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर कोई भी विज्ञापन का प्रसारण करना चाहते हैं तो एमसीएमसी को आवेदन देना होगा। रजिस्टर्ड राजनीतिक दल के प्रत्याशी को विज्ञापन प्रसारण की तिथि से 3 दिन पूर्व व अनरजिस्टर्ड राजनीतिक दल या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रसारण की तिथि के 7 दिन पहले अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

खबर एक नजर में

### बरियातू में क्षत्रिय परिवार का होली मिलन



**रांची।** बरियातू क्षत्रिय परिवार की ओर से शनिवार को पूजा बेंक्वेट हॉल में होली मिलन समारोह हुआ। समारोह में लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। होली मिलन में शिवाजी सिंह, रणधीर सिंह,अशोक सिंह, मनीष सिंह, जितेंद्र सिंह पंकज सिंह, प्रशांत सिंह, विजेंद्र सिंह पप्पु सिंह, रौनक सिंह, पुरेंद्र सिंह, श्रीराम सिंह समेत करीब एक हजार क्षत्रिय परिवार शामिल हुए।

### झारखंड यादव चेतना मंच का होली मिलन



**रांची।** झारखंड यादव चेतना मंच ने अयोध्यापुरी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जय सिंह यादव और रामाशीष यादव ने कहा कि रंग बिरंगी रंगों का त्यौहार है इस पर्व को हम लोगों को मिलजुलकर मानना चाहिए, ताकि समाज में अच्छा संदेश जाए। मौके पर अर्जुन यादव, विजय यादव, कृष्ण कुमार, राजेश यादव, लक्ष्मण यादव, अजय कुमार यादव, राजकुमार यादव, दिनेश यादव, अरुण यादव थे।

### श्री महावीर मंडल ने खेली होली



**रांची।** श्री महावीर मंडल, बड़ा तालाब में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। समारोह में हीरालाल साहू, रवि कुमार पिंकू, दीपक ओझा, कुणाल अजमानी, वेद प्रकाश सिंह, कृष्णा सहाय, लंकेश सिंह, गोपाल पारीक, शंकर दुबे, वरुण साहू, नकुल तिर्की उपस्थित थे।

### श्री शिव बारात आयोजन महासमिति का होली मिलन



**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर का होली मिलन शनिवार को किया गया। मौके पर सभी एक दूसरे को गुलाल लगा कर बधाई दी। मौके पर राजेश साहू, दीपक लाल, गगन कुमार, दीपक नंदा, मेहुल प्रसाद, बादल सिंह, राजकुमार तलेजा, उर्मिला चौधरी, रंजीत विहारी, अर्चना मिर्धा, राम सिंह, जयंत मिश्रा, स्वपना चटर्जी, मीरा गुप्ता, मीरा सिंह, राजीव वर्मा, अंशु तिवारी, किरण तलेजा, सुनील यादव, शुभाशीष चटर्जी, रंजीता पांडेय, अमन सिंह, अनीश कुमार, सोनी, प्रकाश पांडेय मौजूद रहे।

### सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राम्हण महासभा ने आयोजित किया होली मिलन समारोह



**रांची।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राम्हण महासभा ने बूटी मोड़ स्थित डॉ एके मिश्र, न्यू संजीवन औषधालय परिसर में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में डॉ ब्रजबिहारी पाण्डेय, डॉ हरिहर प्रसाद पांडे, पंडित रामशंकर मिश्र देवज्ञ, डॉ. सुधांशु शेखर मिश्र,सुबोध मिश्र, गोपाल पाठक, डॉ अनिल कुमार मिश्र, मनीष वैद्य, कृष्णा पाठक, राघव दत्त पाठक, रविरंजन मिश्र, रोहित शर्मा, गौतम वैध, संतोष पाठक, डॉ प्रहलाद पाण्डेय, सूर्यबली पाठक, मृत्युंजय पाठक आदि मौजूद थे।

# निर्मला कन्वेंट हाई स्कूल में होली मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मोरहाबादी स्थित निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने जमकर हर्बल रंग तथा गुलाल से होली खेली। अधिकांश बच्चों ने रंग-बिरंगे फूलों से भी होली खेली। वहीं, सभी बच्चों ने शिक्षकों को अबीर लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। स्कूल के प्रचार्य विजय कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों शिक्षकों एवं कर्मचारियों को होली की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि जल ही जीवन है। इसलिए होली की खुशी में इसे बर्बाद न करें। किसी को गलत तरीके से रंग लगाकर एवं केमिकल से बने हुए रंगों का प्रयोग कर इसकी महत्व को खंडित नहीं करनी चाहिए।

वहीं, विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा ने कहा कि कई लोगों को रंगों से एलर्जी होती है। इसका हमें पूरी तरह से ध्यान रखना चाहिए। अगर कोई रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहता है या उन्हें किसी तरह की समस्या है, तो उन्हें रंग लगाने की जिदद नहीं करनी चाहिए। उन्होंने स्कूल परिवार के सभी छात्रों शिक्षकों कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर सुधा, राणा, निशा, अनामिका छेत्री, गीता कुमारी, किरण कुमारी, आशुतोष कुमार, सुरेश कुमार, पंकज कुमार, मनोज खलको, सुधीर कुमार सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को स्नेह पूर्वक रंग लगाकर मिठाइयां बांटी और होली खेला।

## श्री श्याम मंदिर में 25 मार्च को मनाया जायेगा होली उत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खाटू धाम की परंपरा के अनुसार हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 25 मार्च को श्रृंगार पंच आरती के बाद प्रातः 9 से 12 बजे तक होली उत्सव मनाया जाएगा। होली उत्सव में सिर्फ गुलाल का प्रयोग किया जाएगा। सुरेश सरावगी तथा विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि सोमवार को होली उत्सव के दिन प्रातः 5:30 बजे मंगला पंच आरती एवं बाल भोग 8:30 बजे श्रृंगार पंच आरती एवं श्याम प्रभु को भोग अर्पित किया जाएगा। दोपहर 12:15 बजे शंख आरती होगी। सायं 4:30 बजे श्याम प्रभु को नवीन बागा पहनाया जाएगा और विशेष श्रृंगार किया जाएगा। रात्रि 7:00 बजे ग्वाल भोग 8:30 बजे शयन आरती और रात्रि 9:30 बजे पट मंगल होगा। महामंत्री नारसरिया ने बताया कि सायं 4:00 बजे महा रुद्राभिषेक होगा। पंडित रत्नाकर शर्मा एवं सहयोगी पंडित स्फटिक शिवलिंग पर महा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान संपन्न कराएंगे, जिसके यजमान डॉक्टर प्रवीण नारसरिया, डॉक्टर श्रुति नारसरिया और माधव नारसरिया होंगे।

## अहिंसा दौड़ 31 को रजिस्ट्रेशन जारी

**रांची।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑगेनाईजेशन 31 मार्च को मोराबादी मैदान में अहिंसा रन का आयोजन करेगा। इसकी शुरूआत सुबह 5:30 होगी। इस दौड़ मे भाग लेने के लिए प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है। संस्था के अध्यक्ष प्रियंका पाटनी और सचिव सरोज पांड्या ने बताया कि 10 किलोमीटर की दौड़ में प्रथम आने वाले महिलाओं और पुरुषों को 21-21 हजार, द्वितीय स्थान वालों को 15000 और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को 11000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। वही 5 किलोमीटर दौड़ने वालों को क्रमश 11000, 7100 और 5000 रुपए दिए जाएंगे। 45 वर्ष से अधिक उम्र वालों वाले प्रतिभागियों को 10 किलोमीटर दौड़ पूरा करने पर क्रमश 21000, 15000 व 11000 रुपए से पुरस्कृत किया जाएगा और 3 किलोमीटर दौड़ने वाले विजेता को 7100 रुपए के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### छात्रों को प्रोजेक्ट शुरू करने का निर्देश

**रांची।** जिला स्तरीय प्रदर्शनी प्रोजेक्ट प्रतियोगिता 2023-24 के लिए रांची जिला में 110 छात्रों का चयन हुआ है। सभी चयनित छात्रों को प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए रांची जिला प्रशासन ने पत्र लिखा है। छात्रों को अवॉर्ड की राशि मिली या नहीं इसकी जांच करने को भी कहा गया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंसपायर अवॉर्ड-मानक स्कीम के तहत किया जाता है। इसके लिए सबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापक को भी निर्देश दिया गया है। प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। जिला स्तर में क्वालीफाई करने के बाद, राज्य स्तरीय लेवल में छात्र पहुंचते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य छात्रों के स्किल को प्रोत्साहित कर के उसे आगे बढ़ाना है। इसमें छात्र अपने अंदर की प्रतिभा को बाहर लाते हैं और आगे के लिए काम करते हैं।

मारवाड़ी भवन में हास्य कवि सम्मेलन, कवियों ने लोगों को खूब गुदगुदाया

# देश मांगता एक ही दान, तुम कर दो मतदान : सुरेंद्र शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** होली के रंगोत्सव के अवसर पर कवि सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से शनिवार को मारवाड़ी भवन में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि विनोद अग्रवाल कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए हंसी के फव्वारे की बौछार करते तीखे वाण व्यंग का मधुर संगम पेश किया। हास्य रस के विख्यात कवि सुरेंद्र शर्मा ने अपनी चुटीली हास्य कविताओं एवं अपनी चार लाइणै लुगाई पर कविताओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया, उन्होंने कहा कि जिंदगी हंसने के लिए है हजार टेंशन है इसमें हंस लीजिए तो सारे टेंशन रफूचक्कर हो जाएंगे। चुनावी मौसम है नेता तो एक दूसरे के मुंह पर कालिख मलेंगे, कपड़े भले सफेद पहनेंगे, लेकिन वह विपक्षी नेता के बारे में चाहते हैं कि उनके कपड़े और चरित्र दोनों मैले हो इसी जुगाड़ मे सभी नेता लगे- भिड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि देश मांगता एक ही दान तुम केवल कर दो मतदान, राम शबरी का झूठा बेर खा सकता है पर शबरी राम के मंदिर में क्यों नहीं जा सकती। मैं आजतक नहीं समझ पाया कि जो मेरी गंदगी उठाता है वह मेरे से गंदा कैसे हो सकता है। कवि सुरेंद्र दुबे, अनिल अग्रवाल अग्रवंशी, राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी ने भी अपने अपने तीखे व्यंग अंदाज से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। इस दौरान हंसी के ठहाके देर रात तक चली। कवियों ने वर्तमान राजनीति, देश की हालात, आतंकवाद ,सामाजिक बुराइयां पर भी जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि आजकल तनाव भरी जिंदगी में लोग हंसना भूल गए हैं, इसलिए वह लोगों की उदासी दूर करने निकले हैं। इसलिए अपने आप को मजबूत करने के लिए हर परिस्थिति में मुस्कुराते रहना चाहिए। वीर रस की कवयित्री साक्षी तिवारी ने भी कई चुटकुले व्यंग कविताओं की लड़ी लगा दी।

कवि सम्मेलन मे 3000 से भी अधिक लोगों ने हंसी के साथ कवि सम्मेलन का लुफ्त उठाया। इसे पूर्व कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि राजकुमार गाड़ोदिया, विशिष्ट अतिथि मुंबई स्टॉक एक्सचेंज के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, उद्घाटन ने दीप प्रज्वलित कर की। समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल, सचिव अनिल अग्रवाल, विनोद जैन, ललित कुमार पोद्दार, पवन शर्मा, पवन पोद्दार, रतन मोर,किशोर मंत्री, मनोज बजाज, कमल जैन, अनुप अग्रवाल, प्रवक्ता संजय सर्राफ कवि सम्मेलन में शामिल रहे। पधारे ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र दुबे, अनिल अग्रवाल अग्रवंशी , राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी, एवं कवियत्री साक्षी तिवारी, को होलीयाना अंदाज मे सब्जी की माला, पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं मोंमेटो देकर स्वागत किया।


झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग
विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी का कार्यालय,तेनुघाट परियोजना, हजारीबाग

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री हर्ष राज, कार्यालय चपरासी पिता-स्व० भुवनेश्वरी प्रसाद यादव, ग्राम-हाउसिंग कॉलोनी दीपूगढ़ा, पोस्ट-हजारीबाग, थाना-सदर, जिला-हजारीबाग आप दिनांक-01.11.2023 से लगातार 21.03.2024 तक कार्यालय से बिना सूचना दिये अनुपस्थित है। इस कार्यालय के पत्रांक-299, दिनांक-15.12.2023 के द्वारा आपको सूचना दी गई है। इस प्रकार आप दिनांक-01.11.2023 से लगातार दिनांक-20.03.202 तक अनुपस्थित है।

समाचार पत्र के माध्यम से अगाह किया जाता है कि विज्ञापन छपने के एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में अपना योगदान दें अन्यथा विभागीय कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा कर विभाग को भेज दी जायेगी।

ह०/-
विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी,
तेनुघाट परियोजना, हजारीबाग

PR 323346 (Water Resource)23-24*D

## बीआईटी मेसरा में रिसर्च स्कॉलर्स डे का आयोजन, शिक्षाविदों ने दिए व्याख्यान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीआईटी मेसरा के फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी विभाग ने 18 से 19 मार्च, 2024 को रिसर्च स्कॉलर्स डे का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों के शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों ने मुख्य व्याख्यान दिए। भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर के प्रोफेसर कौशिक चटर्जी को मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। पुणे के अगरकर रिसर्च इंस्टीट्यूट के डॉ. चिन्मय पात्रा और मौलाना अबुल कलाम आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (कोलकाता) के प्रोफेसर अरूप मुखर्जी अन्य मुख्य वक्ता थे। प्रतिभागियों ने फार्मास्युटिकल और बायोमेडिकल विज्ञान के क्षेत्र में अत्याधुनिक शोध की जानकारी हासिल की। इसके अलावा फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी विभाग के शोध विद्वानों द्वारा पोस्टर प्रस्तुतियाँ भी शामिल थी।

फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पापिया मित्रा मजूमदार, संकाय मामलों के डीन प्रोफेसर अशोक शेरोन और स्नातकोत्तर अध्ययन के डीन प्रोफेसर एस.एस. सोलंकी ने भी अपने भाषण में इस कार्यक्रम के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### सेमेस्टर 4 के छात्र छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच की मांग

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा में गड़बड़ी की जांच करने का आदेश दें कुलाधिपति : आजसू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने शनिवार को राजभवन को पत्र लिखकर पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 में बरती गई अनियमितता एवं यूजी सेमेस्टर-4 के छात्र छात्राओं के परीक्षा फल में गड़बड़ी से संबंधित जानकारी राजभवन को दी है। रांची विवि अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने बताया कि दिसंबर 2020-23 में रांची विवि पीएचडी में दाखिले को प्रवेश



परीक्षा में बड़े पैमाने पर विवि की ओर से अनियमितता बरती गई थी। पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए जो परिचय पत्र एडमिट कार्ड जारी किया गया था, उसमें सभी परीक्षार्थियों का कैटेगरी जनरल था। प्रवेश पत्र एडमिट कार्ड पर न परीक्षार्थी का फोटो था, न अटेंडेंस शीट में परीक्षार्थी का फोटो लगा हुआ था। वाणिज्य विभाग के सभी प्रश्न सभी प्रश्न 2016 से हू-ब-हू मिल रहे थे। पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 का बुकलेट आंसर शीट की कार्बन कॉपी भी परीक्षार्थी को उपलब्ध नहीं कराई गई और न ही प्रश्न पर आपत्ति दर्ज करने का मौका दिया गया। पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 यूजीसी के अधिनियम 2016 के तहत लिया गया जबकि यूजीसी की नई नियमावली 2022 में ही लागू हो चुकी है। श्री शुक्ला राज्यपाल सह चांसलर के नाम से मांग पत्र सौंपते हुए पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 के उच्च स्तरीय जांच एवं एवं 2023 पीएचडी प्रवेश परीक्षा को रद्द करने का आग्रह किया है। ज्ञापन सौंपने वालों में रोहित चौधरी, बिपिन यादव, विक्रम यादव, विक्रम यादव, मनजीत, प्रियांशु शर्मा, प्रतीक कुमार, अकाश नयन, बीरबल कुमार के अलावा कोई सदस्य मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### हटिया-दुर्ग स्पेशल ट्रेन का परिचालन जून तक

**रांची।** यात्रियों की भीड़ को देखते हुए दक्षिण रेलवे की ओर से ट्रेन संख्या 08185 और 08186 हटिया-दुर्ग- हटिया के बीच द्वि साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार दिया गया है। अवधि विस्तार के साथ ही ट्रेन का परिचालन मई तक किया जायेगा। वहीं ट्रेन संख्या 08185 हटिया-दुर्ग द्वि साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को अवधि विस्तार देते हुए दो अप्रैल से 27 जून तक किया जाएगा। इस दौरान ट्रेन कुल 26 ट्रिप करेगी। जो प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को हटिया से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 08186 दुर्ग-हटिया द्वि साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 3 अप्रैल से 28 जून तक कुल 26 ट्रिप का परिचालन किया जायेगा। ट्रेन प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को दुर्ग से प्रस्थान करेगी।

### स्कूल एरा ने आयोजित किया सेमिनार



**रांची।** स्कूल एरा द्वारा सर्व शिक्षा अभियान एवं शैक्षणिक समस्याओं पर शनिवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि एनके मुरलीधर और पत्रिका की पब्लिकेशन हेड आकांक्षा कुमारी ने किया। मुख्य वक्ता डॉक्टर शीतल कुमारी ने आयोजित विषय पर जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में स्कूल एरा के पब्लिकेसन हेड ने मुख्य वक्ता को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

### शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**रांची।** शहीद स्थल सह स्मारक, शहीद चौक पर शनिवार को शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुकदेव की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शिक्षाविद डॉ राम प्रवेश ने कहा कि शहीद भगत सिंह, राज गुरु और सुकदेव भले ही आज हमारे बीच नहीं है, परन्तु उनलोगों की कुर्बानी के कारण आज स्वतंत्र भारत के लोकतंत्र का महल खड़ा है। सभा में किशन अग्रवाल, शंकर आजाद, रवि दत्त, सुबोध कुमार, हरदीप सिंह, वीरेंद्र सिंह, सूर्यनारायण, अयाज अख्तर, लाल चितरंजन शाहदेव, विमल किशोर, आदि मौजूद थे।

### शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु युवाओं के प्रेरणास्रोत : गौतम सिंह



**रांची।** आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह ने शनिवार को शहीद दिवस पर आजसू केंद्रीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा में कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने अल्पायु में देश की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया था। शहीद दिवस पर भारत माता के अमर सपूत वीर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान आशुतोष गोस्वामी, जब्बार अंसारी, वेदांत कौस्तव, अजीत कुमार राजककिशोर महतो, राहुल तिवारी अभिषेक शुक्ला, रोहित चौधरी, बिपिन यादव, विक्रम यादव, राजेश सिंह, प्रियांशु, अभिषेक साहू, बबलू मंडल, आनंद यादव, आशुतोष सिन्हा उपस्थित थे।

### एजेड सर्विसेज का ट्रेडिंग अवेयरनेस प्रोग्राम

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय स्तर का संस्थान एजेड सर्विसेज ने देश-विदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में मार्ग प्रशस्त किया है। ये बातें शनिवार को रांची में एजेड सर्विसेज के एजुकेटर ने अवेयरनेस प्रोग्राम के दौरान कही। उन्होंने बताया कि एजेड सर्विसेज का मुख्यालय दुबई में है। यह कंपनी वैश्विक स्तर पर ट्रेडिंग/मार्केटिंग से संबंधित अवेयरनेस प्रोग्राम का संचालन करती है। जिसके तहत लोगों को 9 सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद लोग ट्रेडिंग/मार्केटिंग से संबंधित मामलों की जानकारी प्राप्त कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी होकर जीविकोपार्जन कर सकते हैं।

### सीपीआई ने भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय में शनिवार को शहादत दिवस पर शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी। नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में है। यह सरकार की जन विरोधी नीतियों का परिणाम है। इसीलिए भगत सिंह के सपनों का भारत बनाने के लिए लिए हम सब युवाओं को मिलकर संघर्ष को तेज करना होगा। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र के रक्षा और संविधान बचाने के लिए देश के युवा भगत सिंह के रास्ते चलें। तभी देश विकास की ओर अग्रसर होगा। इस दौरान महेंद्र पाठक, इम्तियाज खान, राजेश यादव समेत अन्य उपस्थित रहे।

### भाकपा माले कार्यालय में शहादत दिवस पर याद किये गये भगत सिंह



**रांची।** भाकपा-माले राज्य कार्यालय में शहीद-ए-आजम भगत सिंह का 93वां शहादत दिवस शनिवार को मनाया गया। माले कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर भाकपा-माले के वरिष्ठ नेता शुभेन्दू सेन ने कहा कि देश तानाशाही की ओर बढ़ चुका है। मजदूर, किसान विरोधी कानून लाये जा रहे हैं। कारपोरेट हित में सरकार हर लोकतांत्रिक आंदोलन को कुचलने की साज़िश कर रही है। केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध करने वाले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना, देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बैंक खाता फ्रीज करना और चुनाव बांड घोटाले के जरिए हजारों करोड़ चंदा लेना देश को खतरे में डालने के समान है। उन्होंने इंडिया गठबंधन के दलों से अपील की है कि अविलंब वे एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ सड़क पर उतरें। कार्यक्रम में जगरनाथ उरांव, नदीम खान, सुदामा खल्को, भीम साव, अनंत गुप्ता, छुटुराम महतो, विनोद लहरी, शांति सेन, आईति तिर्की, कुमार वरूण, नेहा सिन्हा, सोनाली केवट, इनामुल हक आदि उपस्थित थे।

### ट्रक ड्राइवरों के लिए स्वास्थ्य जांच अभियान

**रांची।** कोटक महिंद्रा बैंक ने सेहत का सफर का दूसरा संस्करण शनिवार को लॉन्च किया है। यह देश भर में ट्रक ड्राइवरों की शारीरिक तंदुरुस्ती को प्राथमिकता देने के लिए एक कोटक कर्म पहल है। इस पहल के अंतर्गत, कोटक कॉम्प्लीमेंटरी स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करने जा रहा है, जिन्हें विशेष रूप से ट्रक ड्राइवरों के महत्वपूर्ण कार्यबल के लिए तैयार किया गया है। इन शिविरों में निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श दिया जाएगा। साथ ही, सेहत का सफरके माध्यम से देश भर में लगभग 3,000 ट्रक ड्राइवरों की सेहत और तंदुरुस्ती सम्बंधित जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग तरह की जांच की जायेगी। इसमें आंखों की जांच, शारीरिक मुद्रा के मूल्यांकन के लिए फिजियोथेरेपिस्ट/ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों द्वारा आंकलन, मुंह के कैंसर की शुरुआती जांच के लिए दांतों की जांच, और सामान्य स्वास्थ्य के लिए ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर आदि की जांच की जायेगी। निःशुल्क दवायें देने के साथ-साथ कोटक सरकारी कल्याण योजनाओं पर जागरूकता सत्र का संचालन भी करेगा, जिसका उद्देश्य ड्राइवरों की तंदुरुस्ती में सुधार करना है। विभिन्न परिवहन केन्द्रों में, जहां ट्रक ड्राइवरों की बार-बार आवाजाही होती है, 30 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे। प्रत्येक शिविर में डॉक्टरों और नर्सों की टीम रहेगी।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में ग्रेजुएशन डे सेरेमनी का हुआ आयोजन



**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में शनिवार को प्री-स्कूल ग्रजुएशन डे सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान शारदा ग्लोबल स्कूल ने नन्हे बच्चों एक स्वस्थ, सुगढ़ एवं अनुशासित तथा कर्त्तव्यनिष्ठता की प्रेरणा देकर अगले चरण के सोपान पर चढ़ने की प्रेरणा दी। इस प्री-स्कूल स्नातक दिवस पर शारदा ग्लोबल स्कूल में मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा, गेस्ट ऑफ ऑनर सरिता वर्मा, विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका एवं अनुज रंजन, विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर, दीपा बंका, अकांक्षा सिन्हा एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में आर्ट इंटीग्रेटेड एग्जिबिशन



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए शनिवार को एक आर्ट इंटीग्रेटेड प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी में बच्चों ने पाठ्यक्रम को एक श्रृंखला में प्रदर्शित किया, जो कला के साथ एकीकृत था। उन्होंने मिप्ती, कागज, प्लास्टिक और जूट बैग से बनी शिल्प वस्तुओं का प्रदर्शन किया। सोहराई, मधुबनी और डोकरा जैसे पारंपरिक कला रूपों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली पेंटिंग भी प्रदर्शित की गई। विभिन्न अनुभवजनित शैक्षणिक यात्राओं पर आधारित परियोजनाओं को भी प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रस्तुत किया। आकर्षण का मुख्य बिंदु लाइव पेंटिंग काउंटर था जिसने सबसे अधिक भीड़ अपनी ओर खींचा। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की रचनात्मकता, कड़ी मेहनत और उत्साह की सराहना की।

## एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका और जिम्मेवारियों पर टॉक शो



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना और आई.क्यू.ए.सी के संयुक्त तत्वधान में शनिवार को स्वयंसेवकों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को बताने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अभिजीत डे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और महत्व के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने उपस्थित सभी स्वयंसेवकों को समाज की सांस्कृतिक मूल्यों का महत्व बताया और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उपस्थित बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर ने कहा कि अगर समाज में कुछ बदलाव करना है तो खुद को अलग दिखाना चाहिए और सरल कार्य को भी नये ढंग से प्रस्तुत करना चाहिए। कार्यक्रम में एन एस एस समन्वयक डॉ अनिर्बान गुप्ता के साथ करीब 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## पासवा के स्कूल पहुंचे वित्त मंत्री, बच्चों के संग बिताया समय, दिया गुरु मंत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पासवा की ओर से संचालित तुपुदाना स्थित डीएवी सरला स्कूल में शनिवार को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव पहुंचे। उन्होंने स्कूली बच्चों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को होली की बधाई दी। स्कूल पहुंचने पर वित्त मंत्री का स्वागत किया गया। डॉ रामेश्वर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा देश में जितने भी संत महात्मा हुए, सबने एक ही चीज सिखायी कि माता-पिता, गुरुजनों की बात मानों, उनका आदर करो, अपने परिवार का सम्मान करो, बड़ों का आदर करो जिसमें अभी कमी आ गई है। बच्चे पहले पैर छूते थे, हाथ जोड़ते थे लेकिन अब बदलाव आया है। बदलाव अच्छे के लिए है या बुरे के लिए। इसे मैं परिभाषित तो नहीं



कर सकता, लेकिन इतना जरूर कह सकता हूं कि बच्चों के बीच आकर मुझे अच्छा लगता है। इनका मन निश्चल होता है। आज के बच्चे बुद्धिमान, तेज एवं होशियार हैं और बच्चे कच्चे बांस की तरह होते हैं, जिन्हे जिधर भी मोड़ दिया जाए उधर ही मुड़ जाते हैं।

डॉ. उरांव ने कहा बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ संस्कारी बनाने की जरूरत है। अभिभावक मोबाईल का जितना जरूरी है उतना ही उपयोग कराएं। इससे पूर्व मंत्री ने अपने पॉकेट से पैसे निकालकर बच्चों को टॉफी खिलाई, बच्चों संग फोटो खिंचवाया। इस मौके पर पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा डीएवी सरला स्कूल प्रेप से कक्षा 5 तक शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों की भी जानकारी देगा, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

## पारस अस्पताल में ब्रेन ट्यूमर का हुआ सफल ऑपरेशन



**रांची।** पारस अस्पताल के डॉ. सचिन ने बार-बार होने वाला ब्रेन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया है। इस बीमारी से पीड़ित 55 साल की महिला मरीज प्रेमा देवी की स्थिति अब बेहतर है। डॉ सचिन ने बताया कि महिला मिर्गी और सर दर्द की समस्या लेकर अस्पताल पहुंची थी। महिला ने डॉक्टर को बताया कि 12 साल पहले बनारस में ब्रेन के लेफ्ट हिस्से के ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन हुआ था। इसके बाद तुरंत महिला को एमआरआई कराने की सलाह दी गई। एमआरआई रिपोर्ट में पता चला कि ट्यूमर फिर से हो गया है, जिसका सफल ऑपरेशन किया गया।

## कांग्रेस नेता सदानंद महतो का निधन

**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व महामंत्री सदानंद महतो का हृदयगति रूक जाने के कारण शनिवार को उनके पैतृक निवास बारेन्दा, सोनाहातु में निधन हो गया। वे शहीद रघुनाथ महतो इंटर कॉलेज के प्राचार्य, ग्रामीण विकास केन्द्र, रांची के सचिव तथा कई सामाजिक संस्था से जुड़े हुए थे। सिल्ली के पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश नेशोक व्यक्त करते हुए व्यक्तिगत क्षति बताया। उनके मृदु स्वभाव, कुशल सांगठनिक क्षमता तथा व्यवहार से सभी का दिल जीतते थे। शोक व्यक्त करने वालों में अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, कमल प्रसाद साहू, हलधर महतो, दिनेश सिंह मुण्डा, कौशल किशोर महतो, सच्चिदानंद प्रमाणिक, सुधीर महतो, भगीरथ प्रमाणिक, महावीर महतो, सुरेश चन्द्र गोंझू, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, महानन्द पुराण, कृष्ण कुमार सिंह मुण्डा, इन्द्रनाथ महतो, सिंधु देवी, बीणा देवी, जानकी देवी, धरमनाथ महतो, विशेश्वर महतो, गदाधर महतो, अश्विनी महतो, राजकिशोर सिंह मुण्डा, रामानन्द केशरी, अक्षय महतो, तपन साहु, भूषण कुमार आदि सैंकड़ों कांग्रेसजनों ने शोक व्यक्त किया है और उनके परिवारजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं साहस बनाये रखने के लिए सांत्वना दी।

## सदर हॉस्पिटल रांची को एनक्वास दिलाने की तैयारी में जुटा विभाग, सिविल सर्जन भी रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सदर हॉस्पिटल रांची सुपर स्पेशियलिटी में जल्द ही एनक्वास की टीम विजिट कर सकती है। इसे लेकर हॉस्पिटल प्रबंधन ने अपनी ओर से तैयारी तेज कर दी है। वहीं सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार खुद से इसकी मॉनिटरिंग कर रहे है, ताकि सदर हॉस्पिटल को एनक्वास का सर्टिफिकेट मिल जाए। इससे केंद्र सरकार की ओर से हॉस्पिटल को और बेहतर बनाने के लिए ग्रांट उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं इस राशि से मरीजों के लिए हॉस्पिटल में सुविधाएं भी बढ़ेगी। बताते चलें कि एनक्वास के तहत हॉस्पिटल में सफाई, हाइजीन और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को चेक किया जाता है।

**सर्टिफिकेट के साथ मिलेगा ग्रांट**

नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट की टीम हॉस्पिटल की व्यवस्था का जायजा लेगी। डॉक्टरों और स्टाफ का रिकॉर्ड जांचेगी। स्टाफ से मरीजों के इलाज करने संबंधी सवाल पूछे जाएंगे। हर विभाग के कर्मचारियों से उनके संबंधित सवाल-जवाब होंगे। इसे लेकर सिविल सर्जन खुद से सभी चीजों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सर्टिफिकेट मिलने के बाद हॉस्पिटल को तय राशि भी मिलेगी।

**टूटी कुर्सियां दुरुस्त, नई भी लगायी गयीं :** हॉस्पिटल की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए टीमें लगी हुई हैं। टूटी कुर्सियों को दुरुस्त किया जा रहा है। ओपीडी में कुर्सियों पर पेंट भी किए गए हैं। नई कुर्सियां भी लगाई गई हैं, जो किसी ऑफिस के वेटिंग एरिया से कम नहीं है। डस्टबिन की कई बार सफाई कराई जा रही है। हालांकि सदर के लिए यह नया नहीं है, चूंकि यहां की सफाई व्यवस्था प्राइवेट हॉस्पिटल की तर्ज पर है। इसलिए सफाई के लिए प्रबंधन को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी होगी। बायो मेडिकल वेस्ट के प्रॉपर डिस्पोजल की जानकारी दी जा रही है।

**क्या है एनक्वास सर्टिफिकेशन :** हॉस्पिटलों के लिए नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट के लिए हर साल मूल्यांकन किया जाता है। पिछले वर्ष की तुलना में क्या सुधार हुआ है और सुविधाओं का कितना विस्तार किया गया है। इसके अलावा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई और इंफेक्शन कंट्रोल को भी देखा जाता है। मरीजों और परिजनों से भी फीडबैक लिया जाता है। वेस्ट मैनेजमेंट, मरीजों की समस्याओं का समाधान आदि बिंदुओं पर मूल्यांकन किया जाता है।

## संत जेवियर्स कॉलेज में वॉल ऑफ फेम का किया गया अनावरण

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में शनिवार को वॉल ऑफ फेम का अनावरण किया गया। साथ ही विभाग के साहित्यिक क्रिया कलापों के प्रदर्शनी के लिए समर्पित बोर्ड का भी अनावरण किया गया। अनावरण समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा ने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थियों में सृजनात्मक शक्तियों की कमी नहीं है और महाविद्यालय प्रबंधन उनकी इस शक्ति को निखारने हेतु हर संभव प्रयास एवं व्यवस्था करने को तत्पर है।

## सीताजी की भव्य प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमि मिला

**रांची।** दिव्यानंद जी महाराज ने विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि सीतामढ़ी में मां सीताजी की भव्य प्रतिमा एवं उन्हें भवगती के रूप में स्थापित करने के लिए काउंसिल को 30 एकड़ भूमि उपलब्ध हो गई है, साथ ही 25 एकड़ भूमि को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में यह प्रक्रिया पूरी होते ही वह स्वयं सीतामढ़ी में मंदिर-निर्माण कार्य के स्थान, कार्य के चरण एवं प्रारूप की घोषणा करेंगे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी भेंट करेंगे ।

# भगत सिंह के बलिदान को भूल गई झारखंड सरकार : राष्ट्रीय युवा शक्ति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्र आज अपने वीर नायक शहीद-ए-आजम भगत सिंह की पुण्यतिथि मना रहा है। वहीं दूसरी ओर राजधानी रांची में झारखंड सरकार ने शहीदे आजम की प्रतिमा को स्थापित करने के लिए थोड़ी सी जमीन भी उपलब्ध नहीं करा पाई है। राष्ट्रीय युवा शक्ति ने मोरहाबादी मैदान में स्थापित करने के लिए 25-26 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण कराया था, जो पिछले एक वर्ष से पुलिस लाइन में कबाड़ और जब्त की गई गाड़ियों के बीच पड़ी है। दुनिया जिन्हें शहीद-ए-आजम कहती है उनकी एक प्रतिमा को स्थापित करने के लिए झारखंड सरकार, रांची जिला प्रशासन और



रांची नगर निगम को राजधानी में जमीन नहीं मिल पा रही है।

**राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष को लिया गया हिरासत में :** राष्ट्रीय युवा शक्ति नामक सामाजिक संस्था लगातार राजधानी में सम्मान के साथ भगत सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग करती रही है। फरवरी महीने से ही राजभवन के समक्ष इस मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन और उपवास के बाद भी प्रशासन ने उनकी मांग को अनसुना कर दिया, ऐसे में संस्था के अध्यक्ष उत्तम यादव ने शनिवार को खुदकुशी की चेतावनी सरकार को दी थी, लिहाज एहतियातन शनिवार की सुबह रांची पुलिस ने उत्तम यादव और उनके पांच साथियों को उनके आवास से ही हिरासत में ले लिया।

### मोरहाबादी मैदान से हटा दी गयी थी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा

राष्ट्रीय युवा शक्ति के कार्यकर्ता कहते हैं कि रांची नगर निगम ने दो बैठक के बाद प्रस्ताव पारित कर रांची के मोरहाबादी मैदान में बापू वाटिका के उत्तर की ओर वाले जगह में युवाओं के आइकॉन भगत सिंह की प्रतिमा लगाने के लिए जमीन उपलब्ध कराई थी। निगम द्वारा निर्धारित की गई जगह पर 16 अप्रैल 2023 को राष्ट्रीय युवा शक्ति की ओर से शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित भी कर दी गई। इसके बाद न जाने किसके कहने पर जिला प्रशासन ने भगत सिंह की प्रतिमा की ऊंचाई का हवाला देकर उसे रात के अंधेरे में मोरहाबादी मैदान से हटा दिया। राष्ट्रीय युवा शक्ति के युवा सदस्यों ने कहा कि तब यह बताया गया राष्ट्रपिता की प्रतिमा से अधिक ऊंचाई भगत सिंह की प्रतिमा की है। इसके बाद भगत सिंह की प्रतिमा को प्रशासन ने पुलिस लाइन परिसर में ले जाकर रख दिया। तब से शहीद-ए-आजम की प्रतिमा वहीं पड़ी हुई है।

## कांग्रेस नेताओं ने भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, टी मुचिराय मुंडा को किया याद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव की शहादत दिवस तथा क्षेत्रीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्व. टी. मुचिराय मुण्डा की पुण्यतिथि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, शनिवार को मनायी गयी। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यापर्ण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वीर सपूत अमर शहीद भगत की राष्ट्र के प्रति बलिदानों से हमें भी प्रेरणा लेने की आवश्यक्ता है। शहीद भगत सिंह ने देश को आजाद कराने में अपने प्राणों की आहूति दे दी। 23 मार्च 1931 को ब्रिटिश सरकार ने भगत सिंह को फांसी पर लटका दिया, पर भारतवासियों पर आजादी की जो ज्वाला अंग्रेजों के विरूद्ध भड़कायी थी वह ज्वाला अन्ततः 15 अगस्त 1947 को शांत हुआ। भगत सिंह के बलिदानों की हीं देन है जिसके फलस्वरूप आज हम आजाद हैं। वक्ताओं ने अमर शहीद राष्ट्र नायक भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव के देश की आजादी के लिए अपनी जान की कुबार्नी तथा उनकी वीरता पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने स्व. मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें छोटानागपुर का गांधी बताया। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड क्षेत्र के हित में चहुंमुखी विकास कार्य एवं संगठन में प्रभुत्व की लड़ाई में असाधारण योगदान रहा।

कार्यक्रम में अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, राजेश चन्द्र राजू, प्रभात कुमार, टिंकु वर्मा, फिरोज रिज्वी मुन्ना, अरूण श्रीवास्तव, नरेन्द्र लाल गोपी, दामोदर राम वाल्मीकी, जाकीर हुसैन, रामानन्द केशरी, भूषण कुमार सहित अनेक कांग्रेसजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

स्पीड न्यूज

## इटकी : जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में फगडोल मेला कल

**इटकी।** रंगों का त्योहार होली के मौके पर स्थानीय जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में 25 मार्च को फगडोल मेला लगेगा। 24 मार्च को बाजार परिसर में गांव के जमींदार के वंशज व पाहन की ओर से पारंपारिक रीति .रिवाज के साथ होलिका दहन की जायेगी। वहीं आदर्श नगर सहित अन्य स्थानों पर भी होलिका दहन किया जायेगा। इसकी तैयारियां यहां जोरों पर है। इधर शनिवार को इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों ने एक दूसरे को गुलाल-अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी समारोह में अधीक्षक डॉ पीके भगत कौसर आलम डॉ रेनू तिर्की डॉ सालिक जमाल अनिल कुमार प्रियरंजन कुमार पंकज गोप व सुरेश ठाकुर सहित अन्य शामिल थे।

## असामाजिक तत्वों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर : दीपक सिन्हा

**सिकीदिरी।** सिकिदिरी थाना परिसर में शनिवार को होली को लेकर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधिए समाज सेवी गणमान्य लोग उपस्थित थे। थाना प्रभारी ने कहा कि होली त्योहार के दौरान कोई असामाजिक तत्वएनशेड़ियों एवं अशांति फैलाने वालों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इन पर सख्त कारवाई की जाएगी। संचालन फारूक खान ने किया। मौके पर एसआई वरूण कुमार रोशन कुमार सिंह हरातू मुखिया राजेन्द्र बेदिया सुरसू मुखिया सुमित्रा देवी हेसातू मुखिया अनिता बारला चाडू मुखिया रोजलीन लकडा. पंसस अनिल महतो मौजूद थे।

# मछली पकड़ने गये वृद्ध पर लकड़बग्घा ने किया हमला

## घायल को देखने पहुंचे वन कर्मी, मिलेगा मुआवजा

खबर मन्त्र संवाददाता


घटना की जानकारी लेते मुखिया सुनिल उरांव व ग्रामीण।

**ओरमांझी।** मछली पकड़ कर अपनी व पत्नी का जीवन यापन करने वाले गरीब वृद्ध पर लकबग्घा ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसका उपचार रिम्स में चल रहा है। बताया गया कि थाना क्षेत्र के होचई निवासी 62 वर्षीय वृद्ध शुक्रवार शाम को मछली पकड़ने लकाड़ीगढा जंगल की ओर गया था। तभी एक लकड़बग्घा ने उसपर अचानक हमला कर दिया। उसके पास मछली पकड़ने के लिए बंसीडांग (डंडा) था। अपनी जान बचाने के लिए वह भी लकड़बग्घा पर डंडा से हमला करने लगा। अंत में लकड़बघा उसे छोड़कर भाग गया, लेकिन इस जद्दोजहद में कारू नायक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके चहरे, माथा, हांथ सहित शारीर के कई भाग जख्मी हो गया है। घायल होने के कारण वह अपना घर नहीं लौट सका। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय ग्रामीण द्वारा उसे जंगल से उठा कर गांव लाए और स्थानीय चिकित्सक से उपचार कराया गया। वही सुबह में जानकारी मिलने पर मुखिया सुनिल उरांव उसका घर पहुंचा। घटना की जानाकारी ली और ओरमांझी थाना पुलिस व वन कर्मियों की सूचना देकर घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए रिम्स में भर्ती कराया। कहा गया कि दलित परिवार काफी गरीब है। किसी प्रकार जीवन यापन करते हैं। उसका एक बेटा ललटू नायक है, वह मजदूरी करता है।

### घायल को सहायता मिलेगी

भाजपा के प्रदेश संयोजक (कार्यक्रम एवं बैठक विभाग) स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने घटना पर दुख जताते हुए कहा मछली पकड़ कर जीवन यापन करने वाले वृद्ध दंपति की गरीबी को समझा जा सकता है। अब घायल भी हो गया है। उसने विभाग से मुआवजा दिलाने के साथ हर संभव मदद करने भरोसा भी दिया है। बाद में वन विभाग के कर्मी घायल को देखने रिम्स पहुंचे। घटना की जानकारी ली और उसकी पत्नी जासो देवी को पांच हजार रुपया दिए। कहा कि विभाग द्वारा जल्द मुआवजा दिलाया जाएगाा।

# पिठोरिया के अंबाटोली में जावा महुआ और शराब किया नष्ट



**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम कुमार राय के द्वारा अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ अनवरत कार्रवाई जारी है। शनिवार को पिठोरिया गांव क्षेत्र के किसान चौक, मुंडा टोली और अंबाटोली में अभियान चलाकर जावा महुआ व महुआ शराब को नष्ट किया गया। गौरतलब है कि प्रभारी गौतम कुमार राय द्वारा पिठोरिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब बनाने वालों को किसी भी कीमत में शराब नहीं बनाने की चेतावनी दी गई है। इसी के मद्देनजर गुप्त सूचना पर औचक छापामारी कर लगभग दो क्विंटल जावा महुआ व सैंकड़ों लिटर महुआ शराब को नष्ट किया गया। साथ ही शराब बनाने की सामग्री व भट्टियों को भी ध्वस्त किया गया। पिठोरिया पुलिस की इस कार्रवाई से देशी शराब के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# पिपरवार : बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है होली : रूपलाल महतो

## ज्ञानदीप विद्या निकेतन तरवां में होली मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक जगदीश महतो जगदीश कुमार महतो रोशन कुमार महतो तेजनाथ कुमार महतो ऑस्कर खलको सुनीता कुमारी सविता कुमारी प्रवीणता लुगुन सहित काफी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार अंतर्गत किचटो पंचायत के तरवां स्थित ज्ञानदीप विद्या निकेतन विद्यालय बाराडीह में होली मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। इस होली मिलन समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपलाल महतो और संचालन शिक्षक जगदीश महतो ने किया। होली मिलन समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा होली के गीतों पर नागपुरी सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपलाल महतो ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत ही रंगों का त्यौहार होली हैं। इसे सभी लोगों के साथ मिलजुल कर मनाए और खास कर इस होली के त्यौहार में प्राकृतिक पेड़ पौधों में लगे फूलों का रंग ही एक दूसरे को लगाए साथ ही नशा पान से दूर रहे तभी होली का आनंद लिया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित छात्र.छात्राओं को को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात छात्र छात्राओं ने भी विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को रंग अबीर गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के सीनियर छात्र.छात्राओं सहित शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# रामवि बारीडीह का पीएम श्री योजना में चयन, हर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय बारीडीह का शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पीएम श्री योजना में चयन किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य विजय बहादुर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से इसे मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। पीएम श्री योजना में चयनित बारीडीह स्कूल का आधारभूत संरचना को विकसित कर स्कूल में शिक्षा की आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा ताकि सभी गरीब बच्चे भी बेहतर शिक्षा हासिल कर सके।

स्कूल में साइंस लैब, लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्षा, स्मार्ट क्लासरूम और खेल मैदान को हाईटेक किया जायेगा। राजकीयकृत मध्य विद्यालय बारीडीह इटकी प्रखंड का एकमात्र स्कूल है जिसका चयन पीएम श्री योजना में चयन हुआ है।



## एक नजर में

### खलारी पुलिस उपाधीक्षक से मिले खलारी के बुद्धिजीवी वर्ग के लोग



**खलारी।** पलामू प्रमंडल सामाजिक विकास मंच के अध्यक्ष शेख वकील अहमद एवं खलारी पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी के नेतृत्व में शनिवार को खलारी बुद्धिजीवी रवींद्रनाथ चौधरीए तेजनारायण सिंहए राजेन्द्र रजकए आरिफ अंसारीए बंटी अंसारी ने खलारी पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चौधरी से मुलाकात किया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चौधरी को बुके देकर उनका स्वागत करते हुए अभिनंदन किया। वहीं डीएसपी ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा की खलारी में सभी के साथ न्याय होगा और शान्ति और कानून व्यवस्था में क्षेत्र के सभी आमजन का सहयोग और साथ जरुरी है।

### पंचायत सहायक का होली मिलन समारोह



**खलारी।** चुरी पश्चिमी पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत सहायक के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रदीप कुमार तथा जिला अध्यक्ष गौतम कुमार उपस्थित थे।इस मौके पर विभिन्न प्रकार के बातो पर चर्चा हुई।इस अवसर पर अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।वही एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर भोलानाथ चौहान किरण मिंज विकास कुमार शर्मा अनिल कुमार गंझू सरस्वती देवी निशा देवी रामकृष्ण मुंडा तिलक भीम गंझू एडित कुजूर आरती कुमारी तारा कुमारी सुनीता कुमारी विजय भोगता आदि मौजूद थे।

### एसीसी पब्लिक स्कूल खलारी में शिक्षक व छात्रों ने अबीर गुलाल लगाकर होली मनायी



**खलारी।** एसीसी पब्लिक स्कूल खलारी में होली का त्योहार बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। नन्हे-नन्हे बच्चें बच्चियां राधा कृष्ण बने और नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सभी विद्यार्थी और अध्यापिका एक दूसरे को गुलाल लगाए और बधाइयां दी । मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि गिरि ने बताया कि होली मनाने कि परंपरा की शुरूआत पुरातन काल में राजा हिरण्यकश्यपु के पुत्र प्रह्लाद के जीवित बचने पर उनकी इस बुराई पर जीत के उत्सव के रूप में मनाते हैं। साथ ही यह त्योहार राधा कृष्ण के सच्चे प्रेम का प्रतीक है इसलिए हम प्रत्येक वर्ष होली का त्योहार मनाते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापिका पम्मी पायल गुड़िया रूबी शामिल हैं।

### इटकी प्रखंड सभागार में होली मिलन समारोह



**इटकी।** प्रखंड सभागार में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग के नेतृत्व में आयोजित समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह में सीओ विजय कुमार ने कहा की होली का त्यौहार आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश देता है। होली को सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाने को कहा। मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सनी बाखला, धीरज लकड़ा, विकास कुमार, शैंपू प्रसाद गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, रीता कुमारी, सौरभ कुमार, सुधीर राम तिवारी, चंदन तिवारी, रामप्रसाद भगत, सुरेश टोप्पो, बिरसा उरांव, अजीत कुमार, धर्मदास टोप्पो आदि मौजूद थे।

# शांति समिति की बैठक : सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने का निर्णय



**अनगड़ा।** होली का त्यौहार शान्ति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शुक्रवार को अनगड़ा थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक हुयी । बैठक में सदस्यों नें रंगों का त्यौहार होली को आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया । बैठक में सदस्य अब्दुल इमाम अन्सारी ने एसटीध एससी एक्ट का जमीन दलालो के द्वारा दुरुपयोग का गम्भीर मामला उठते हुए कहा कि कुछ जमीन दलाल इस एक्ट को हथियार की तरह इस्तेमाल करके निर्दोष लोगों को फंसा रहे है। थाना प्रभारी से ऐसे लोगो को चिन्हित कर कार्रवाई करने ण तथा निर्दोष लोगों पर किए गए केश की निष्पक्ष जांच कर उन्हें केश से मुक्त करने की मांग की । सदस्य जयराम महली ने भी पुलिस प्रशासन से इसे गम्भीरता से लेने की मांग की । बैठक में सदस्यो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी । शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से प्रमूख दीपा उरांव जिप सदस्य अनुराधा मुन्डा पूर्व उपप्रमुख अनवर खान बीडीओ जयपाल सोय पुलिस निरीक्षक हंसे उरांव थाना प्रभारी चमरा मिंज वरिष्ठ कांग्रेसी शिवदास गोस्वामी सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा रामकृष्ण चौधरी सिकन्दर अन्सारी जगरनाथ महतो नीलकंठ चौधरी बरतू मुन्डा अब्दुल इमाम अन्सारी अमानुल्लाह अन्सारी बीरेन्द्र सिंह भोक्ता अजय महतो सुनील महतो जगेश्वर महतो शहनवाज खान बबलू खान अनीता देवी सरीता देवी धनेनाथ महतो सलीम अन्सारी सचिन लकड़ा सरजू राम इत्यादि उपस्थित थे।

# पॉल्ट्री मुर्गा लदा पिकअप वैन पलटा, खलासी की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के सिल्ली-टीकर- जमशेदपुर सड़क पर डिबाडीह गांव के समीप शनिवार सुबह 5 बजे के आसपास अज्ञात वाहन के टक्कर में पॉल्ट्री मुर्गा लदा पिकअप वैन जेएच 11 एन 3125 दुर्घटना ग्रस्त हो गया। टक्कर काफी जोरदार था जिस कारण सीट पर बैठे खलासी की मौत तत्काल हो गयी। घटना की सूचना पर सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार घटनास्थल पर पहुंच कर शव को काफी मशक्कत के बाद पिकअप वैन से बाहर निकाले। घायल चालक भीमदेव राय के अनुसार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर भाग गया। शव की पहचान 36 वर्षीय विनोद कुमार राय राजधनवार थाना क्षेत्र के झांझ गांव के रहने वाला था।परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

### मुर्गा ले भागे ग्रामीण

गांव के सामने मुर्गा गाड़ी की दुर्घटना की सूचना पर आसपास के लोग जमा होने लगे। दुर्घटना के बाद अधिकांश मुर्गा मर गये थे। जो बचे उसे ग्रामीणों ने ले भागे। धूप बढ़ने से मुर्गा के मरने की आशंका अधिक थी। इसलिए प्रशासन ने भी कोई दिलचस्पी नही दिखाई। समय रहते मुर्गा लोगो के काम आया। अन्यथा सभी मुर्गा बेकार हो जाता। अब इन मुर्गों से लोगों की होली अच्छी मनेगी।

# आधी आबादी सशक्त होगी तभी समाज विकसित होगा



**अनगड़ा।** आधी आबादी को सशक्त बनाकर ही गांव और समाज को विकसित बनाया जा सकता है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से महिला को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अभी तक 110 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को टेलरिंग टैली और ब्यूटिशियन कोर्स का प्रशिक्षण कराया गया है। इसके अलावा 141 महिलाओं को मशरूम उत्पादन एवं 50 से अधिक महिलाओं को नकदी फसल से जोड़ा गया है। फॉउंडेशन की प्रबंधक प्रिया बागची ने बताया कि महिला शक्ति को अपनी क्षमता की पहचान करनी होगी।इसके बाद घर से बाहर निकलकर प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास करना होगा ।अभी तक तीन सौ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को खेतीबारी मशरूम, मछली एवं मुर्गी पालन से जोड़ा गया है। इसके अलावा 70 से अधिक महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, कप-प्लेट निर्माण एवं अन्य स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ा जा चुका है। 150 से अधिक ग्रामीणों को सिलाई, कढ़ाई, कप-प्लेट निर्माण, पलंबर, मोटरसाईकिल सर्विसिंग, टैली एवं अन्य स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ा जा चुका है। इसके अलावा अभी वर्तमान में सोलर पैनल और इलेक्टीशिन का कोर्स चलाया जा रहा है जिसमें 30 गांव के युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है ।

# बंजर होती भूमि को बचाना व प्रकृति को समझना जरूरी

## ओरमांझी में माटी महोत्सव में कॉलेज की छात्राओं ने की मस्ती

खबर मन्त्र संवाददाता


मिट्टी स्नान कर उत्सव मनाते लोग।

**ओरमांझी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आरटीसी कॉलेज ओरमांझी द्वारा एडॉप्टेड गांव हतवाल में शनिवार को 10वीं माटी महोत्सव का आयोजन किया गया। कालेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो के नेतृत्व में स्वर्णरिखा डैम किनारे आयोजित कार्यक्रम में छात्रों के साथ कई ग्रामीणों ने भी मिट्टी स्नान कर सूर्य की रोशनी से ऊर्जा प्राप्त किया। वहीं कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अबीर-गुलाल लगा नृत्य कर जमकर मस्ती किए और होली के पूर्व माटी महोत्सव को उत्साहवर्धक बना दिए। महोत्सव में अतिथियों को अंगवस्त्र के साथ पारस का पुष्प देकर सम्मानित किया गया। वहीं धार्मिक व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पूजा समिति ओरमांझी को पुस्कृत किया गया। समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी व कोषाध्यक्ष दुर्गाशंकर साहू को पुरस्कार (मेमोंटा) देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रखंड के सुदूवर्ती गांव खीराबेड़ा में शिक्षा के प्रसार-प्रचार में महत्वपूर्ण योगदान के लिए राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खीराबेड़ा के पूर्व प्रचार्य शेख उमर को भी शिक्षा सारथि सम्मान-2024 मिला। कार्यक्रम में माटी महोत्सव के लगातार बेहतर प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों को भी पुरस्कृत किया गया। महोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी कहा शारीरिक व मानसिक बीमारियों का निदान प्रकृति में निहित है। प्रकृतिक गुणों को जानने के लिए मिट्टी स्नान जैसे कार्यक्रम जरूरी है। कालेज की छात्र-छात्राओं को प्रकृति के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए कॉलेज की प्रशंसा करते हुए उन्होंने बंजर होती धरती को बचाने का अहवान भी किया। वहीं कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो ने प्रकृतिक चिकित्सा पद्यति पर विचार व्यक्त किया, प्रकृतिक गुणों की जानाकारी देते हुए स्वस्थ्य, तंदुरुस्ती व रोगमुक्त जीवन के लिए मिट्टी स्नान को महत्वपूर्ण बताया।

## पूजा समिति ओरमांझी हुआ सम्मानित



पूजा समिति ओरमांझी को सम्मानित करते रामटहल चौधरी।

### कार्यक्रम में ये लोग हुए शामिल

प्रचार्य डॉ भीम महतो, ब्रजभूषण नीरज, पंसस रीना देवी, शशि मिश्रा, पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, दुर्गाशंकर साहू, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी गफ्फार अंसारी रणजीत कुमार सिंह, मीनू कुमारी गणेश बास्की, मोतीलाल महतो, कयुम अंसारी, रामकुमार महतो, एकबाल अंसारी, रीता कुमारी, कैलाश ठाकुर सहित कॉलेज के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## समय संवाद

ब्रज की विशेष मस्ती भरी होली होने का कारण यह है कि इसे कृष्ण और राधा के प्रेम से जोड़ कर देखा जाता है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन नंदगाँव के ग्वाल- बाल विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना के पश्चात होली खेलने बरसाना गांव में आते हैं और बरसाना गांव के लोग नंदगांव में जाते हैं। इन पुरूषों को हुरियारे (होरियारे) कहा जाता है। बरसाना की लट्ठमार होली के बाद अगले दिन यानी फाल्गुन शुक्ल दशमी के दिन बरसाना के हुरियार नंदगांव की हुरियारिनों से होली खेलने उनके यहां पहुंचते हैं। तब नंदभवन में होली की खूब धूम मचती है।अर्थात- श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य, और आत्मनिवेदनम। भक्ति मार्ग के इस चरम सोपान को प्राप्त कर लेने के बाद प्राणी परमात्मा को प्राप्त कर लेता है।

# जागरण और सौहाद्र का त्योहार होली



एन के मुरलीधर

**पौराणिक** मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन शुक्लपक्ष अष्टमी होलाष्टक तिथि का आरम्भ है। इस तिथि से पूर्णिमा तक के आठों दिनों को होलाष्टक कहा गया है। शुभ कार्यों के लिए वर्जित इन आठों दिनों के बारे में अनेकों पौराणिक घटनाओं का वर्णन मिलता है।

होलाष्टक कथा

प्रहलाद जन्म से ही ब्रह्मज्ञानी थे और हरपल भगवत भक्ति में लीन रहते थे, उन्हें सभी नौ प्रकार की भक्ति प्राप्त थी जिनका उन्होंने इस तरह वर्णन भी किया है - श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पाद सेवनम। अर्चनं वन्दनं दास्यंसख्यमात्म निवेदनम। अर्थात- श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य, और आत्मनिवेदनम। भक्ति मार्ग के इस चरम सोपान को प्राप्त कर लेने के बाद प्राणी परमात्मा को प्राप्त कर लेता है। प्रहलाद भी इसी चरम पर पहुंच गये थे जिसका उनके पिता हिरन्यकश्यपु अति विरोध करते थे किंतु, जब प्रहलाद को नारायण भक्ति से विमुख करने के उनके सभी उपाय निष्फल होने लगे तो, उन्होंने प्रह्लाद को इसी तिथि फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी को बंदी बना लिया और मृत्यु हेतु तरह तरह की यातनायें देने लगे, किन्तु प्रहलाद विचलित नहीं हुए। इसदिन से प्रतिदिन प्रहलाद को मृत्यु देने के अनेकों उपाय किये जाने लगे किन्तु भगवत भक्ति में लीन होने के कारण प्रहलाद हमेशा जीवित बच जाते।

इसी प्रकार सात दिन बीत गये आठवें दिन अपने भाई हिरण्यकश्यपु की परेशानी देख उनकी बहन होलिका (जिसे ब्रह्मा द्वारा अग्नि से न जलने का वरदान था) ने प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर अग्नि में भस्म करने का प्रस्ताव रखा जिसे हिरण्यकश्यपु ने स्वीकार कर लिया। परिणाम स्वरुप होलिका जैसे ही अपने भतीजे प्रहलाद को गोद में लेकर जलती आग में बैठी तो, वह स्वयं जलने लगी और प्रहलाद पुनः जीवित बच गए क्योंकि उनके लिए अग्निदेव शीतल हो गए थे। तभी से भक्ति पर आघात हो रहे इन आठ दिनों को होलाष्टक के रूप में मनाया जाता है।

भक्ति पर जिस-जिस तिथि-वार को आघात होता उस दिन और तिथियों के स्वामी भी हिरण्यकश्यपु से क्रोधित हो उग्र हो जाते थे, इसीलिए इन आठ दिनों में क्रमशः अष्टमी को चंद्रमा, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध एवं चतुर्दशी को मंगल तथा पूर्णिमा को राहु उग्र रूप लिए माने जाते हैं तभी से इन दिनों में गभार्धान, विवाह, पुंसवन, नामकरण, चूड़ाकरन, विद्यारम्भ, गृह प्रवेश व निर्माण सकाम अनुष्ठान आदि अशुभ माने गये हैं। तभी से फाल्गुन शुक्ल अष्टमी के दिन से ही होलिकादहन स्थान का चुनाव किया जाता है, इस दिन से होलिका दहन के दिन तक इसमें प्रतिदिन कुछ लकड़ियां डाली जाती है, पूर्णिमा तक यह लकड़ियों का बडा ढ़ेर बन जाता है।

पूर्णिमा के दिन शायंकाल शुभ मुहूर्त में अग्निदेव की शीतलता एवं स्वयं की रक्षा के लिए उनकी पूजा करके होलिकादहन किया जाता है। इन्हीं दिनों को होलाष्टक कहा गया है।

### धर्य की प्रतीक होली

महिलाएँ पुरुषों को लट्ठ मारती हैं, लेकिन गोपों को किसी भी तरह का प्रतिरोध करने की इजाजत नहीं होती है। उन्हें सिर्फ गुलाल छिड़क कर बरसाना की महिलाओं को चकमा देना होता है। पकड़े जाने पर नंदगांव के पुरुषों जमकर पिटाई होती है अथवा महिलाओं के कपड़े पहनाकर, श्रृंगार इत्यादि करके उन्हें नचाया जाता है।

मान्यता है कि द्वापर युग में श्रीकृष्ण को बरसाना की गोपियों ने नचाया था। दो सप्ताह तक चलने वाली इस मस्ती भरी होली में सिर्फ प्राकृतिक रंग- गुलालों का ही प्रयोग किया जाता है, जिससे वातावरण बहुत ही सुगन्धित, आनन्दित व उत्साहित रहता है। अगले दिन यही प्रक्रिया पुनः दोहराई जाती है, लेकिन इस बार बरसाना नहीं बल्कि नंदगांव में, जहाँ नंदगांव की गोपियाँ, बरसाना के गोपों की रंग - अबीर और लट्ठों से जमकर धुलाई करती है।

# चर्चा में रहती है देश में इन स्थानों की भव्य होली



मनोज कुमार सिन्हा

**नये** साल के आने की खुशी में ये पर्व मनाया जाता है। इस दिन लोग एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई देते हैं। ऐसा कहा जाता है कि भगवान श्री कृष्ण ने राधा रानी के साथ सबसे पहले होली खेली थी। इसलिए ब्रज की होली आज भी दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यहां आप जानेंगे भारत की 7 ऐसी जगहों के बारे में जहां अलग ढंग से होली खेली जाती है

**बरसाने की लठमार होली:** बरसाने की लठमार होली सबसे ज्यादा प्रचलित है। इसमें नंदगाव के पुरुष बरसाना के राधारानी के मंदिर में ध्वजा फहराने की कोशिश करते हैं जिन्हें लठमार कर बरसाने की महिलाएं दूर रखती हैं। नंदगांव में भगवान कृष्ण का लालन पालन हुआ था तो बरसाने में राधा रानी का। बरसाने की लठमार होली की परंपरा एक हफ्ते पहले से शुरू हो जाती है। इस लठमार होली के दौरान अगर पुरुष महिलाओं की पकड़ में आ जाते हैं तो उनकी जमकर कुटाई होती है और उन्हें महिलाओं के कपड़े पहनकर नाचना होता है।

**मथुरा-वृंदावन में फूलों की होली:** मथुरा में फूलों की होली से खेलने की परंपरा काफी पुरानी है। ये होली भी एक सप्ताह तक मनाई जाती है। वृंदावन सहित देश के कई हिस्सों में होली के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसमें नृत्य के साथ साथ एक दूसरे पर फूलों की बरसात की जाती है। होली से पहले पड़ने वाली एकादशी पर ये होली खेली जाती है।

**पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन की बसंत-उत्सव होली:** पश्चिम बंगाल में होली को बसंत उत्सव के रूप में मनाया जाता है। ये होली जिसकी शुरूआत रविंद्रनाथ टैगोर ने की थी इसे बंगाल की सबसे पुरानी यूनिवर्सिटी शांति निकेतन में मनाया जाता है। यहां सिर्फ अबीर और गुलाल से होली खेली जाती है। यूनिवर्सिटी के छात्र होली के दिन खास सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं।

**पंजाब की होला-मोहल्ला होली:** पंजाब में होली के त्योहार को एक अलग ही ढंग से मनाया जाता है। इस दिन लोग एक जगह पर एकत्रित होकर तलवारबाजी, कुश्ती, मार्शल आर्ट्स जैसे करतबों का आयोजन करते हैं। इस सब चीजों का प्रदर्शन रंगों को गुलाल के बीच किया जाता है।

**उदयपुर की शाही होली:** यहां शाही अंदाज में होली खेली जाती है। यहां सिटी पैलेस में शाही निवास से मानेक चौक तक शाही जुलूस निकाला जाता है। जिसमें हाथी, घोड़ा से लेकर रॉयल बैंड भी शामिल होते हैं। साथ ही राजस्थानी हीत-संगीत इस पर्व की खूबसूरती को और भी अधिक बढ़ा देता है।

# प्राकृतिक रंग स्वास्थ्य के लिये उपयोगी

मनोज शर्मा



**रंगों** और खुशियों के त्योहार होली खेलने के लिए चुकंदर, मेहंदी और फूलों को अपने किचन में इकट्ठा करना शुरू कर दीजिए, ताकि आपको हानिकारक रासायनिक रंगों से होली नहीं खेलना पड़े।

- नारंगी रंग बनाने के लिए रात भर मेहंदी की पत्तियों को पानी में डालकर छोड़ दें और सुबह उस पानी से होली खेलें।

- गहरा गुलाबी रंग (मैजेंटा) बनाने के लिए चुकंदर के कुछ टुकड़ों को एक कप पानी में उबाल लीजिए और फिर अगले दिन इससे होली खेलें।

- पीला रंग बनाने के लिए लाल रंग के फूलों को पानी में भिगो दे इससे पानी का रंग हल्के पीले रंग का हो जाएगा।

- हरा रंग बनाने के लिए पालक को पानी में भिगों दीजिए और फिर रंग हरा हो जाने पर उस पानी से होली खेलें।

- नीला रंग बनाने के लिए ब्लूबेरी के रस का इस्तेमाल कीजिए।

- अगर सूखे रंग से होली खेलना हो तो चावल के आटे में फूड कलर मिला लीजिए और इसमें दो छोटा चम्मच पानी मिलाकर गाढा पेस्ट बना लें। इसे सूखने के लिए छोड़ दें और फिर इसे मिक्सर में पीस लीजिए, इससे यह पाउडर बन जाएगा और इससे होली खेलें। वृंदावन की 'होली नहीं देखी तो क्या देखा

देश भर में होली की धूम मची हुई है ऐसे में हम जा पहुंचे वृंदावन की होली देखने.... वृंदावन में बांके बिहारी के मंदिर में होली का उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। ब्रज में 40 दिन पहले ही होली के कार्यक्रमों की शुरूआत हो जाती है।

मणिपुर की होलीः यहां 6 दिन तक होली मनाई जाती है। यहां होली के त्योहार पर फोक कलाकार अपना हुनर दिखाते हैं और गुलाल के रंगों में रंगे रहते हैं।

गोवा की होलीः गोवा में भी होली का उत्सव मनाया जाता है। गोवा की होली को शिगमोत्सव के नाम से जाना जाता है। जिसे दो हफ्ते तक मनाया जाता है। गोवा की इस होली की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें फागोत्सव और होली दोनों ही संस्कृतियों का मिश्रण होता है। यहां देवी देवताओं की पूजा करने के बाद जुलूस और झांकियां निकाली जाती हैं। जिस दौरान रंग से खेला जाता है। ये रंग प्राकृतिक फूलों से तैयार किये जाते हैं।

# रंगों से त्वचा ओर बालों को बचायें

**रंगों और खुशियों के त्योहार होली खेलने के दौरान अपनी त्वचा और बालों का ध्यान जरूर रखें। चेहरे पर सनस्क्रीन लगाना और बालों में तेल लगाना नहीं भूलें।**

*** बालों को रंगों और हानिकारक केमिकल से बचाने के लिए बालों में अच्छी तरह से तेल लगा लें, जिससे आपके बालों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। आप दो बड़े चम्मच बादाम तेल में दो बूंद लैवेंडर का तेल, एक बूंद गुलाब का तेल और दो या तीन बूंद नींबू के रस को मिलाकर बालों में लगाएं, इससे आपके बालों को पोषण मिलने के साथ ही सुरक्षा भी मिलेगी।**

*** होली खेलने से पहले चोटी बनाना नहीं भूलें, क्योंकि ऐसा नहीं करने से सिर की त्वचा में रंगों के समा जाने की संभावना रहती है, जिससे आपको सिर में खुजली आदि की समस्या सकती है।**

*** सूर्य की हानिकारक यूवी किरणों और टैनिंग से बचने के लिए होली खेलने निकलने से पहले सनस्क्रीन जरूर लगाएं।**

*** पुरुषों के लिए भी अपनी दाढी की देखभाल करनी जरूरी है, इसलिए वे होली खलने से पहले नारियल तेल, बादाम तेल लगाना नहीं भूलें।**

*** होली खेलने के बाद रंगों को छुड़ाने में परेशानी महसूस होती है, इसलिए दो चम्मच बेसन में एक चुटकी हल्दी का पाउडर, एक छोटा चम्मच शहद और फिर जरा सा दूध या दही मिलाकर पेस्ट बान लें और इसे रंग लगी त्वचा पर लगाएं. इसे 15-20 मिनट तक लगाए रखने के बाद हल्के गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपके रंग आसानी से छूट जाएंगे और आपकी त्वचा भी कोमल और मुलायम हो जाएगी।**

*** आप बाद में हल्दी युक्त क्लींजर से भी चेहरा धो सकते हैं।**

*** अपने पूरे शरीर पर शहद और शिया बटर युक्त मॉइश्चराइजर लगाएं, इससे शरीर की त्वचा कोमल बनेगी और उसमें नमी बरकरार रहेगी।**

*** सारा रंग निकल जाने और स्नान करने के बाद पुरुष अपनी दाढी पर यलंग-यलंग (कैनेन्गा) के तेल की दो-तीन बूंदें लगाएं।**

# सांस्कृतिक मूल्यों सहित लठमार होली

**-अशोक प्रवृद्ध**

सम्पूर्ण भारत में बड़े उत्साह, धूमधाम व समारोहपूर्वक मनाई जाने वाली अच्छाई पर जीत की प्रतीक पर्व होली का प्रसंग छिड़ते ही मन में बरबस ब्रज का नाम आ जाता है। यह भी सर्वप्रसिद्ध है कि होली सप्ताह आरम्भ होते ही सबसे पहले ब्रज रंगों में डूब जाता है। इसमें भी सर्वाधिक मशहूर है बरसाना की लट्ठमार होली।लठमार का अर्थ है लाठी से मारना अथवा लाठी से मारने वाला और होली रंगों का एक लोकप्रिय भारतीय त्योहार का नाम है। लठमार होली उत्सव का एक रूप है, जिसमें लोगों को लाठी के साथ एक दूसरे को मारना होता है। उत्तर प्रदेश के मथुराजिले के नंदगाँव और बरसाना कस्बों में होली का यह त्यौहार पृथक रूप से और अजीबोगरीब प्रकार से मनाया जाता है, जिसे लठमार अर्थात लट्ठमार (लठामार) होली की संज्ञा से अभिहित किया गया है। होली के दौरान उत्सव के लिए बेहद लोकप्रिय नंदगाँव और बरसाना की लट्ठमार होली फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक से मनाई जाती है। इस विशेष अवसर पर कई मंदिरों की पूजा करने के बाद नंदगाँव के पुरुष बरसाना होली खेलने जाते हैं और बरसाना की महिलाएं नदगांव होली खेलने आती हैं। होली की टोलियों में नन्दगांव (नंदगाँव) के पुरूष होने का कारण यह है कि श्रीकृष्ण नंदगांव के ही थे और बरसाने की महिलाएं क्योंकि राधा बरसाने की थीं। राधा की जन्म स्थली बरसाना में यह होली शेष भारत में खेली जाने वाली होली से कुछ दिनों पहले ही शुरू हो जाती है।इस दिन लट्ठ महिलाओं के हाथ में रहता है और नन्दगाँव के पुरुष अर्थात गोपराधा के मन्दिर लाडलीजीपर झंडा फहराने की कोशिश करते हुए महिलाओं के लट्ठ से बचने की कोशिश करते हैं।

मान्यताहै कि इस दिन सभी महिलाओं में राधा की आत्मा बसती है और पुरुष भी हँस-हँस कर लाठियाँ खाते हैं। आपसी वातार्लाप के लिए होरीगाई जाती है, जो श्रीकृष्ण और राधा के बीच वातार्लाप पर आधारित होती है। यह होली उत्सव करीब सात दिनों तक चलता है। इसके अतिरिक्त एक और उल्लास भरी होली वृन्दावन की होली होती हैं जहाँ बाँके बिहारी मंदिर की होली और गुलाल कुंद की होलीबहुत महत्त्वपूर्ण है। संसार भर में प्रसिद्ध ब्रज की लठमार होली के सम्बन्ध में पौराणिक व निबन्ध ग्रन्थों में भांति- भांति की कथा प्रचलित हैं।

मान्यता है कि ब्रज वही स्थान है जहाँ स्वयं भगवान ने होली का उत्सव मनाया था। यही कारण है कि देश -विदेश से लोग

ब्रज की गलियों में खेली जाने वाली इस अलग तरह की होली के दर्शन के लिए आते हैं। इस लठमार होली के पीछे यह कारण भी माना जाता है कि ऐसा करके प्रभु श्रीकृष्ण के द्वारा द्वापर युग में की जाने वाली लीलाओं की पुनरावृत्ति की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस विशेष प्रकार की होली की शुरूआत ब्रज के बरसाना गाँव से हुई थी। हैरतंगेज तथ्य है कि विगत साढ़े पांच हजार से भी अधिकवर्षों से मनाया जाने वाला यह वार्षिक आयोजन उत्साह और ऐतिहासिक गौरव आज भी मनाया जाता है।

पौराणिक कथा के अनुसार नंद गांव निवासी भगवान श्रीकृष्ण होली के समय राधा के निवास स्थल बरसाना गए थे। गोपियोंके साथ मित्रता के लिए भी प्रसिद्ध भगवान श्रीकृष्ण के द्वाराबरसाना प्रवास के इस दिन राधा के चेहरे पर रंग लगा दिए जाने से क्षुब्ध राधा की सखियाँ और वहाँ की महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण को बंदी बना लिया और उन पर बांस और डंडे की बौछार कर उन्हें बरसाना से निकाल दिया था। कथा के अनुसार होली के अवसर पर प्रतिवर्ष भगवान कृष्ण के जीवन की इस घटना के स्मरण स्वरूपफाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनोरंजन के रूप में लठमार होली मनाई जाती है।

प्रतिवर्ष नंदगांव के पुरुष बरसाना शहर में जाते हैं और वहाँ की महिलाएँ उनको उसी तरह लाठी और रंगों से खेलते हुए बाहर निकालती हैं। लठमार होली से सम्बन्धित दूसरी पौराणिक कथानुसार एक बार राधा गुस्सा हो गईं कि कृष्ण और उनके साथी ने स्नान घाटों से उनके कपड़े चुरा ले गए। इसलिए, राधा अपने साथियों को नंदगाँव के पास ले जाते हैं ताकि उन्हें एक सबक सिखाया जाए।

# चालीस दिनों तक चलती है ब्रज की होली

सुधांशु कुमार

**चा**लीस दिन तक चलने वाला ब्रज होली महोत्सव शुरू हो चुका है। इसी के साथ होली के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए देश और दुनिया से श्रद्धालु मथुरा पहुंचने लगे हैं। ब्रज में बसंत पंचमी पर होली का ढांडा गढ़ने के साथ ही ब्रज के लगभग सभी मंदिरों में होली महोत्सव की शुरूआत हो जाती है। यहां हम आपको पूरे कार्यक्रम के बारे में बता रहे हैं।



### समाज गायन की परंपरा

देश-विदेश में विख्यात ब्रज की होली में समाज गायन विशेष स्थान रखता है, जिसमें होली गीत और पद गायन की अनूठी परंपरा है। इसमें पारंपरिक अंदाज में ठाकुरजी के समक्ष ब्रजवासी-सेवायत ब्रजभाषा में होली पदों का गायन करते हैं। समाज गायन की शुरूआत भी ब्रज के मंदिरों विशेषरूप से बरसाना स्थित श्रीजी मंदिर में बसंत पंचमी से हो जाती है। गुरुवार को श्रीजी मंदिर में पड़ गायन के बाद सेवायत गोस्वामीजनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया।

गोकुल स्थित गुरु शरणानंदजी महाराज के महावन रमणरेती आश्रम में हर साल पारंपरिक होली का आयोजन किया जाता है। इसमें टेसूके फूलों और गुलाल से होली खेली जाती है।

### बरसाना में लड्डू होली

मथुरा के बरसाना में लड्डू होली धूमधाम से मनाई जाती है। यह बरसाना की विश्व विख्यात लठ्ठमार होली से एक दिन पहले लाडली मंदिर में मनाई जाती है। इस बार लड्डू होली का आयोजन 03 मार्च 2020 को किया गया।

बरसाना में लट्ठमार होली के अगले दिन नंदगांव में लट्ठमार होली खेली जाती है। इस बार यह आयोजन 05 मार्च को हुआ।

### श्रीकृष्ण जन्मस्थान में होली

बरसाना और नंदगांव में लट्ठमार होली के बाद रंगभरनी एकादशी के दिन श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर होली मनाई जाती है। इस दिन ब्रज में देश-विदेशी भक्तों के साथ पूरा मथुरा यहां जुटता है। इस बार यह आयोजन 6 मार्च को हुआ।

### गोकुल में छड़ीमार होली

भगवान कृष्ण के गांव गोकुल में छड़ीमार होली खेली जाती है। गोकुल में श्रीकृष्ण बाल रूप में रहे थे इसलिए यहां लाठी के बजाए छड़ी होली जाती है, ताकि उन्हें ज्यादा चोट न लगे। इस बार 7 मार्च 2020 को गोकुल में इसका आयोजन किया जाएगा।

### दाऊजी का हुरंगा

दाऊजी का हुरंगा मथुरा के दाऊजी मंदिर में आयोजित होता है। यह मंदिर प्रसिद्ध बलदेव गांव में स्थित है। इसका आयोजन ब्रज के राजा बलदेव (दाऊजी) के आंगन में किया जाता है। इस बार इसका आयोजन 11 मार्च 2020 को किया जाएगा।

लोक मान्यतानुसार बरसाना की लठमार होली भगवान कृष्ण के काल में उनके द्वारा की जाने वाली लीलाओं की पुनरावृत्ति जैसी है। मान्यता है कि श्रीकृष्ण अपने सखाओं के साथ इसी प्रकार कमर में फेंटा लगाए राधारानी तथा उनकी सखियों से होली खेलने पहुंच जाते थे तथा उनके साथ हंसी- ठिठोली करते थे जिस पर राधारानी तथा उनकी सखियां ग्वाल वालों पर डंडे बरसाया करती थीं। ऐसे में लाठी-डंडों की मार से बचने के लिए ग्वाल वृंद भी लाठी या ढ़ालों का प्रयोग किया करते थे जो धीरे-धीरे होली की परंपरा बन गया। यही कारण है कि आज भी इस परंपरा का निर्वहन उसी रूप में किया जाता है।नाचते - झूमते गाते गांव में पहुंचने वाले लोगों को औरतें हाथ में ली हुई लाठियों से उन्हें पीटना शुरू कर देती हैं और पुरुष खुद को बचाते भागते हैं। सब मारना पीटना हंसी -खुशी के वातावरण में होता है। औरतें अपने गांवों के पुरूषों पर लाठियां नहीं बरसातीं, लेकिन शेष आस- पास खड़े लोग बीच -बीच में रंग बरसाते हुए दिखाई देते हैं।

बरसाने में टेसू के फूलों के भगोने तैयार रहते हैं। दोपहर तक घमासान लठमार होली का समाँ बंध चुका होता है। नंदगाँव के लोगों के हाथ में पिचकारियाँ और बरसाने की महिलाओं के हाथ में लाठियाँ होती हैं और फिर शुरू हो जाती है होली।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### परवरिश में भगत, सुखदेव और राजगुरु को दी गयी श्रद्धांजलि




**कुजू।** स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की स्मृति का सम्मान करने के लिए परवरिश एडुकेयर स्कूल, कुजू शनिवार को शहीद दिवस पर एक विशेष सभा का आयोजन किया। इस दौरान शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान की याद किया गया। सभा की शुरूआत भाषणों और कविताओं के माध्यम से बहादुर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई, जिसमें भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और साहस और देशभक्ति की उनकी स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला गया। मौके पर परवरिश एडुकेयर स्कूल के निदेशक, शैलेन्द्र कुमार व प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह, संयोजक प्रकाश रंजन ने कहा कि शहीद दिवस भारत की स्वतंत्रता की खोज में हमारे बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों की एक गंभीर याद है। हमारा लक्ष्य हमारे छात्रों में हमारे शहीदों के प्रति श्रद्धा की भावना पैदा करना और उन्हें स्वतंत्रता, न्याय और समानता के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। हमारे छात्रों द्वारा प्रदर्शित देशभक्ति की भावना से हम सभी बहुत प्रभावित हुए है। मौके पर प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी, रश्मि कुजूर, कंचन, सोमा, रजनी, शांति, संगीता, प्रियंका और अन्य सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### सिद्धू-कान्हू नगर में होली मिलन



**रामगढ।** सिद्धूकान्हू में होली मिलन में महिलाओं ने होली गीत के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। तत्पश्चात होली के गीत के बीच सबों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। भारत साउंड सर्विस प्रोपराइटर पंकज अग्रवाल, अमर अग्रवाल , अमित लाइट, संजय एलईडी वॉल और राजा गोस्वामी फ्लावर डेकोरेटर और प्रकाश फोटो ग्राफर द्वारा कार्यक्रम को भव्य रूप दिया गया। देरशाम तक आयोजन चलता रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी भोजन कर विशेष यादों के साथ अपने अपने घर प्रस्थान किया। मौके पर सीए अजीत जायसवाल, संजय गोस्वामी, चंद्रिका सोनी, डॉक्टर रणधीर, सुधाकर सिंह, जगरनाथ भगत, विक्रांत विकास, हरिहर प्रसाद, कीर्ति कांत, शिव प्रताप मोदी, पुरुषोत्तम कुमार, आलोक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अमन अग्रवाल समेत टोला के सभी परिवार के लोग मौजूद थे।

### सनराइज एकेडमी के छात्रों ने खेली होली



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित सनराइज एकेडमी में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने कम्प्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी उर्फ जूली व पल्लवी सिन्हा के साथ जमकर होली खेली। साथ ही एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर रंगों का पर्व होली की बधाई दी गई। मौके पर शिक्षिका नेहा कुमारी ने कहा कि होली आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश लेकर आता है। उन्होंने छात्राओं से शांति पूर्वक माहौल में होली खेलने की अपील करते हुए पानी बर्बाद न करने का भी संदेश दिया।मौके पर पल्लवी सिन्हा, शिक्षक रजनीश प्रसाद, कमलेश मेहता, अजीत पासवान, अंजली लहेरी, देवाशीष चैहान, नूरजहां, नेहा, समीना खातुन, दीपक, काजल, सिकन्दर, नूरजहां, रितिका, मेघा, प्रिया, संध्या, मुस्कान, तनिषा, आषा, कुसुम, अपराजिता सोनी, आस्था सोनी, रेखा, अक्षत, शहनवाज, करन, मुस्कान, नेहा, पूजा, अंष, उत्कर्स, काजल, निषू, आशा, रोषनी, श्रेया कुमारी, निरंजन चैहान, अनिश, संध्या, मुस्कान तिवारी, अंजली, काजल, रमेश, सिमरन, निशा, नेहा सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा ने भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा केंद्रीय कमेटी ने शनिवार को नकारी कॉलोनी में शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू का 93वां शहादत दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय महासचिव नरेश नायक व संचालन कॉल माइंस वर्कर्स यूनियन के भुरकुंडा शाखा सचिव राहुल सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव सह ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने शहीदे आजम भगत सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने भी शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ आशीष कुमार ने कहा देश की आजादी के लिए भगत सिंह आदि शहीदों ने अपना बलिदान दे दिया। भगत सिंह का सपना था कि देश में समता मूलक समाज बने।

# होली व चुनाव ले भुरकुंडा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

## विधि-व्यवस्था बनाए रखने की दी गयी चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** होली और लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को भुरकुंडा ओपी पुलिस एवं केंद्रीय सुरक्षा बल सीआरपीएफ के जवानो ने भुरकुंडा कोयलांचन के विभिन्न क्षेत्रो में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान भुरकुंडा ओपी के एसआई निर्भय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सौंदा डी, सौंदा बस्ती, सेंट्रल सौंदा, सयाल सहित अन्य क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर होली पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। साथ ही लोक चुनाव के दौरान भयमुक्त होकर बिना लोभ-लालच के मतदान करने की अपील की। मौके पर एसआई निर्भय कुमार गुप्ता ने कहा की हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देते हैं। सभी पर्व-त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में भाईचारगी के साथ मनाना चाहिए।

उन्होंने बताया की होली पर्व के दौरान पुलिस गश्ती तेज की जायेगी। साथ ही असामाजिक तत्वों पर पुलिस पैनी नजर रखेगी। किसी भी हाल में हुड़दंगियों व उपद्रवियों को बक्क्षा नहीं जायेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियो से पर्व के दौरान अफवाहों पर ध्यान न देकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। साथ ही कुछ अप्रिय घटना की जानकारी पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव में किसी ने व्यवधान पहुंचाने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं। मतदाता लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण माहौल में निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान करें। एसआई श्री गुप्ता ने कहा की निर्भीक होकर मतदान केंद्र पर जाएं और वोट करें। उन्होंने वाहन चालको से कहा की सड़क पर जहां-तहां अपनी गाड़ी खड़ा न करें। इससे जाम की स्थिति बनती है। सभी वाहन चालक अपने साथ लाइसेंस सहित दुरूस्त कागजात लेकर ही चलें। साथ ही दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। फ्लैग मार्च में निर्भय कुमार सहित सीआरपीएफ के जवान व सशस्त्र बल शामिल थे।

# बिरहोर बच्ची की मौत पर पगार गांव पहुंची जांच टीम

**मंटू सोनी की शिकायत पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने लिया संज्ञान**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** एनटीपीसी के चट्टीबारियातू कोल खनन परियोजना के दुष्प्रभाव से नाबालिग बिरहोर बच्ची की मौत के मामले में मंटू सोनी की शिकायत पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग भारत सरकार और मुख्य सचिव झारखंड सरकार के आदेशानुसार उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर उपायुक्त कार्यालय हजारीबाग से चार सदस्यों की टीम केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पगार चट्टीबारियातू गांव के बिरहोर टोला पहुंचे। बिरहोर बच्ची की मौत पर मंटू सोनी ने सवाल उठाया था कि परियोजना से प्रभावित बिरहोर टोला को पुर्नवास किए बगैर एनटीपीसी के द्वारा खनन कार्य कैसे चालू हुआ और बच्ची की मौत के असली जिम्मेवार कौन कौन लोग है। जिनपर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। इस बाबत चार सदस्यों की टीम में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी दीप नारायण चौधरी, राकेश कुमार सिंह विधि सह परिवेक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति सदस्य मुन्ना पांडे और पायल सिन्हा शनिवार के दिन पगार चट्टीबारियातू गांव स्थित बिरहोर टोला पहुंचे और परिवार जनों से मिलकर मौत के कारणों का जायजा लिया। इस दौरान पंचायत के मुखिया झरीलाल महतो एवं बिरहोर समुदाय के सदस्य मौजूद थे। जांच टीम के सदस्यों ने जानकारी दी कि शिकायतकर्ता मंटू सोनी के द्वारा उठाए गए सवालों पर पूछताछ किया गया है जिसका रिपोर्ट संबंधित आयोग में भेज दिया जाएगा। बिरहोर बच्ची किरण बिरहोर की मौत 28 फरवरी की रात में हुई थी। जहां केरेडारी में इलाज के लिए लाया गया लेकिन समुचित इलाज नहीं मिलने की वजह से उसकी मौत हो गई थी।

### अग्रसेन स्कूल के 53 बच्चों को मिला पदक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के बच्चों ने ओलिंपियाड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। अलग-अलग विषयों की परीक्षा में 53 बच्चों ने गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज मैडल अपने नाम कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। रीजनिंग में सृष्टि कुमारी को ऑल इंडिया रैंक 48 मिला है। इसी प्रकार अरिशा इस्लाम को 49, इंद्रमणि कुमार को 53, अर्शित गुप्ता को 67, पलक कुमारी को 68, अदीबा हुसैन को 69 वां रैंक मिला है। इसके अलावा अंकुश कुमार, तेजस झा, विक्की कुमार, इश्वांस सिंह, आलीशान खान, अनुष्का कुमारी, दीपिका कुमारी, युवराज भारती, देव यादव, मयूर कुमार, प्रिया कुमारी, रिया भारती, एंजेल वर्मा, आराध्या कुमारी, मो अनस, अनुराधा कुमारी, प्रियांशु कुमार, राज कुमार, पवन कुमार, अंशदीप अग्रवाल, सागर पांडेय, विराट राणा ने ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। बच्चों की सफलता पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है।

# पाइप को पीएचडी के संवेदक कर्मियों ने किया क्षतिग्रस्त

**छात्रों को नहीं मिल रहा पानी और खाना : प्रधानाध्यापक**

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** झरपो और भाराजो पंचायत सीमा पर स्थित मध्य विद्यालय और इसी प्रांगण में चल रहे उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय झरपो में जा रहा बुध बाजार चौक से पूर्व में लगे पानी टंकी द्वारा पाइप के सहारे पियाउ जल एमडीएम भोजन छात्र छात्राओं के लिए आपात कालीन समय में पानी की एक मात्र व्यवस्था थी। जो पेय जल स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग के संवेदक कर्मियों द्वारा रात्रि में पाइप लाइन बिछाने के गढ्ढे खुदाई करने के दौरान क्षति ग्रस्त कर टुकड़ों में बाट दिया गया। जिससे विद्यालय परिसर में प्याऊ जल की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। मध्य विद्यालय झरपो के प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र इंदिवर ने पेय जल स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग संवेदक कर्मियों को आरोप लगाते हुए कहा कि वैसे तो विद्यालय प्रांगण में अब तक कई चापानल लगवाने की बोरिंग हो चुकी है लेकिन पानी की श्रोत नही रहने के कारण यहां पानी की किल्लत है। किसी प्रकार हमलोगों ने प्रतिनिधियों के सहयोग से विद्यालय में पानी की व्यवस्थाएं किये थे। लेकिन बिना मुझसे तथा हमारे विद्यालय परिवार से पूछताछ आदेश अनुमति सहमति लिए अपनी मन की मर्जी से हमारे विद्यालय में आ रहे पानी पाइप को रात्रि में कार्य करवा रहे पेय जल स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग के संवेदक कर्मियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जो कदापि उचित नहीं है। हमारे मध्य विद्यालय और उसी प्रांगण चल रहे उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय में टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र से झरपो, भाराजो,खैरा पंचायत समेत अन्य कई पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों से लगभग हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं छोटे छोटे बच्चे पढ़ने लिखने आते है। जिन्हे प्याऊ जल के शंकट को लेकर काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। घटना की सूचना टाटीझरिया बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज मुखिया सह टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी को दिया गया है।

### झरपो में शांति समिति की बैठक

**टाटीझरिया।** झरपो पंचायत भवन के पीछे ग्राम देवी (गवांत) के समीप होलिका दहन स्थल में निर्धारित समयानुसार शाम 3:30 बजे ग्रामीणों की उपस्थिति में होलिका दहन महापर्व सह रंग अबीर का त्यौहार होली पर्व को शांति पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता झरपो के कांदू टोला निवासी कांशी महतो ने किया। बैठक में होलिका दहन स्थल की साफ सफाई , नियमित लाइट की व्यवस्था, संस्कृतिक सामुदायिक भवन ,समेत अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। वही झरपो पंचायत के स्थानीय मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ,उचित नारायण उच्च विद्यालय झरपो के सहायक शिक्षक सह समाजसेवी छोटन कुमार (सर) ,डॉ.दयाल प्रसाद ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि होली हिंदुओ का प्रमुख त्यौहार है और सही मायने में पूछा जाय तो होली पर्व के साथ ही हम सनातनी हिंदू धर्म के परिवारों के लिए नया शाल संवत आरंभ होती है। एक दूसरे के साथ आपसी भाई चारे के साथ रंग अबीर गुलाल लगाकर त्यौहार मनाए। मौके पर सुरेश मिश्रा,प्रकाश प्रसाद, राजकुमार टेंट वाला,धानेश्वर रजक,किशुन महतो,जगदीश राम,घनश्याम शर्मा,संदीप पांडेय समेत अन्य कई लोग शामिल थे।

# सौहार्द के साथ मनायें होली : उपायुक्त

**शांति समिति की बैठक**



रामगढ़। होली पर्व के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल रामगढ़ में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को रमजान एवं आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई । मौके पर उपायुक्त ने सभी से कहा कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी है । इसलिए पर्व के दौरान भी इस बात का पूरा ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है कि पर्व के दौरान आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का किसी भी तरह से कोई उल्लंघन न हो। उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में कोई भी अफवाह सामने आती है अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने संबंधित कोई मामला सामने आता है तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से जिला नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या 06553 222005 पर दी जाए वही उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर संयुक्त जिला आदेश के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रतिनियुक्त किए गए दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर संपन्न कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर असामाजिक तत्वों द्वारा पर्व के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश की जाएगी तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी वहीं उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर नजर रखने एवं कोई भी मामला सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन को देने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने कहाकि नशे में वाहन चलाने वाले होगी कार्रवाई एसडीओ आशीष गंगवार द्वारा शांति समिति के सदस्यों को लोकसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर प्रभावी आदर्श आचार संहिता, धारा 144 के विभिन्न प्रावधानों आदि की जानकारी दी गई । वहीं, उनके द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की भी जानकारी दी गई । उन्होंने बताया कि रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक डीजे के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध है। इस दौरान किसी तरह की अवमानना होने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा संयुक्त जिला आदेश के माध्यम से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में 61 स्थलों पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल के जवानों, प्रत्येक प्रखंड के लिए तीन पालियों में गश्ती दंडाधिकारियों एवं जिला नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में दंडाधिकारियों की प्रति नियुक्ति की गई है।

## एक नजर में

### इचाक : महावीर स्थान में होली मिलन



**इचाक।** मंगुरा स्थित महावीर स्थान में होली मिलन समारोह का आयोजन भाजपा जिला सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार मेहता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सार्वजनिक दुर्गा मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नागेश्वर मेहता और संचालन सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता ने किया। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले लगाया और होली की अग्रिम बधाई दी। इस दौरान प्रसिद्ध लोक गायक अजय पाठक, पूर्व उप मुखिया बंशी मेहता, पंडित रवि शंकर, सीताराम कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि रामशरण शर्मा समेत कीर्तन मंडली के कई दिग्गजों ने फगुआ गीत गाकर लोगों को खूब झुमाया। इस दौरान लोगों ने धुसका, बर्रा, मालपुवा समेत झारखंडी व्यंजनों के भी लुत्फ उठाए। मौके पर पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने लोगों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली खुशियों का त्योहार है। हमें अपने अंदर के क्रोध और अहंकार को जलाकर एकता और भाईचारे के नए रंग में रंगने की जरूरत है। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री सुमन कुमार पप्पू, उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केपी ओझा, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, हरिहर मेहता, सुनिल पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

23 हैज पी 2 : होली की बधाई देते लोग।

### लोकसभा चुनाव को ले बीडीओ ने की बैठक

**बड़कागांव।** बीडीओ जितेंद्र मंडल के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आज बड़कागांव शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद के नेतृत्व में बीआरपी अभय कुमार ,धनंजय कुमार दास सीआरपी अजय कुमार, राजेंद्र प्रजापति ,दीपक कुमार, देवदत्त कुमार पाठक, लखनलाल महतो , तनवीर अख्तर, रामदेव साहू उपस्थित रहे।समीक्षा बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्रत्येक बूथ में शौचालय, रैंप, पेयजल ,बिजली व्यवस्था ,पंखा की व्यवस्था,फर्नीचर एवं अन्य सुविधाओं के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। समीक्षा में यह निर्देश दिया गया की यथाशीघ्र विद्यालयों में जो कमियां उभर कर आई हैं उन कमियों को दूर किया जाए ताकि चुनाव कर्मियों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो और लोकसभा चुनाव एक अच्छे वातावरण में संपादित किया जा सके। होली की शुभकामना के साथ बैठक का समापन किया गया।

### ज्ञानोदय विकास स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस



**बड़कागांव।** ज्ञानोदय विकास स्कूल में सातवां वार्षिक एवं शहीद दिवस मनाया गया।कार्यक्रम विकास सेवा समिति बड़कागांव अध्यक्ष दशरथ कुमार की अध्यक्षता में की गई वही मंच संचालन कुलदीप कुमार राणा ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एचडीएफसी बैंक कलस्टर हेड सौरभ रंजन,अतिथि मैनेजर संजय कुमार , विकास सेवा समिति अध्यक्ष दशरथ कुमार , सचिव बुद्धिनाथ महतो , ज्ञानोदय विकास स्कूल के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, सचिव सिकंदर कुमार सोनी, शशि कुमार मेहता , देवप्रसाद महतो, ज्ञानी कुमार, अश्विनी कुमार, अमलेश कुमार, सुखदेव साव, झमन प्रसाद, स्कूल के प्रिंसिपल अरुण कुमार, उप प्रिंसिपल लालदेव महतो ने शहीद भगत सिंह ,सुखदेव , राजगुरु की तस्वीर तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इसके साथ हीं आज के दिन को यादगार बनाने के लिए वृक्षारोपण भी किया । मौके पर छात्रों के साथ अभिभावक भी मौजूद थे।

### बीएम मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने खेली होली

**बड़कागांव।** बीएम मेमोरियल स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं व शिक्षकों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने तिलक होली खेलकर पानी बचाने का संकल्प लिया। वहीं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि होली एक आपसी भाईचारे का पर्व है सभी बच्चे शांतिपूर्ण तरीके से मनाए। मौके पर उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा,उप प्राचार्य पूनम कुमारी, विद्यालय के शिक्षा चैयरमेन रंजीत कुमार,ब्रह्मदेव सिंह चौहान,महेंद्र विश्वकर्मा,अमीन अंसारी,विनोद नायक,सुमित कुमार,आनन्द कुमार,एरिका टोप्पो,सुमन देवी,देवंति देवी,जेमा तिग्गा,सरिता बा,आशीष कुमार, मुकेश दास, शोनू कुमार, दिलेश्वर दास,अंजली तिवारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### अवैध महुआ शराब बनाने वाला गिरफ्तार

**दारु।** पुलिस ने शुक्रवार को मेडकुरी क्षेत्र मे छापामारी कर अवैध महुआ शराब बनाने वाले प्यारी साव पिता उगन साव को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरसात मे भेज दिया।इस बारे मे थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि उन्हे खबर मिल रही थी की हिरासत मे लिया गया व्यक्ति लगातार अवैध रूप से महुआ शराब बना रहा है और इसकी बिक्री कर रहा है।छापामारी मे 25 लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया साथ ही करीब 150 लीटर अवैध जावा महुआ को मौके पर ही नस्ट कर दिया गया।

### कान्य कुब्ज स्वर्णकार समाज का होली मिलन

**बड़कागांव।** सोनी धर्मशाला में कान्य कुब्ज स्वर्णकार समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक सोनी ने किया। होली मिलन समारोह में समाज के लोगों ने झाल मंजीरा बजाए व जमकर होली के गीत गाए। रामसेवक सोनी ने कहा कि रंगों का त्यौहार हमें आपसे भाईचारगी से रहने का संदेश देता है। हम सभी मिलजुल कर शांतिपूर्वक होली मनाए। मौके पर सरोज सोनी, प्रदीप वर्मा,बृजेश वर्मा,राजू सोनी ,मनोज सोनी,कोषाध्यक्ष सरोज कुमार सोनी,अरविंद वर्मा, शिवशंकर सोनी,सुखदेव सोनी,प्रकाश सोनी, रूपेश कुमार सोनी,धीरेंद्र सोनी,जतू सोनी,घनश्याम सोनी,अनिल सोनी, शंभू सोनी,प्रेम सोनी,दिलीप सोनी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### शिशु विकास विद्यालय के बच्चों ने खेली होली



**टाटीझरिया।** झरपो शिशु विकास विद्यालय में शनिवार को होली मिलन समारोह हुआ। होली मिलन में शिक्षक, शिक्षिका और बच्चो ने भाग लिया सभी बच्चे एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर आपस में अबीरो से सराबोर रहे। बच्चों ने ...होली खेले रघुवीरा अवध में और ...रंग बरसे भीगे चुनरवाली होली गीतों पर खूब थिरके और एक से बढ़कर एक होली की गीत भी गाए। इस मौके पर बच्चे शिक्षकों और शिक्षिकाओं को अबीर लगाकर तथा उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया। व्यवस्थापक ज्योतिष पंडा और प्रधानाध्यापक सत्यानंद पांडेय सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई। मौके पर शिक्षक प्रमोद पांडेय, सुरेश मिश्रा गीता रानी, आरती देवी, मनीषा कुमारी, मुस्कान कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, आकृति सुमन, रिया कुमारी, पारुल प्रिया ,मनीषा कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थी।

# होलिका दहन के धुएं की दिशा करती है भविष्यवाणी

होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। कहते हैं होलिका दहन की अग्नि भी भविष्य के बारे में काफी कुछ जानकारी देती है। ज्योतिष शास्त्र में होलिका दहन के धुएं से शुभ अशुभ विचार किया जाता है।

व्यक्ति विशेष के लिए होली का पर्व क्या शुभ अशुभ फल लेकर आ रहा है, इस जिज्ञासा का समाधान होने के साथ-साथ अगर यह भी जानकारी मिल जाए कि सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए होली का पर्व कैसा रहेगा तो यह होगा सोने पे सुहागा। ज्योतिष शास्त्र के अन्तर्गत होलिका जलने के मुहूर्त से लेकर होलिका दहन के समय तथा होलिका जलने के बाद होली की अग्नि से उत्पन्न होने वाले धुएं से भी शुभाशुभ विचार करने की प्राचीन परम्परा है। आइए जानते हैं, होली के धुएं से भविष्य कथन का विचार। ज्योतिष शास्त्र के संहिता ग्रंथों में व्यक्ति विशेष से उपर उठकर सम्पूर्ण देश, राष्ट्र के लिए शुभाशुभ का सम्यक विचार किया जाता है। त्रिस्कन्ध ज्योतिष शास्त्र में सिद्धांत ज्योतिष, संहिता ज्योतिष एवं होरा ज्योतिष प्रमुख स्कन्ध माने गए हैं। जहां होरा स्कन्ध की उपयोगिता किसी व्यक्ति विशेष के बारे में भविष्यवाणी करने में सहायक होती है, वहीं संहिता स्कन्ध में वर्णित ज्ञान की सहायता से एक साथ विश्व, राष्ट्र, देश, शहर, ग्राम स्तर पर शुभ अशुभ का विचार कर भविष्यवाणी की जाती है। होलिका दहन के समय यदि होलिका से उठने वाला धुंआ अथवा होली की अग्नि की लपटें पूर्व की ओर जाए यानी कि होली पर पूर्व दिशा की ओर हवा चले तो संहिता ग्रंथों के अनुसार यह समझना चाहिए कि राजा एवं प्रजा, दोनों के लिए उस वर्ष की होली सुखमय रहेगी यानी कि पूरे राज्य में सुख, सम्पन्नता का वास होगा। होलिका दहन के समय यदि होलिका से उठने वाला धुंआ दक्षिण दिशा की ओर जाने लगे यानि कि होली पर दक्षिण की ओर होलिका दहन के समय हवा चल रही हो, तो इस शकुन संकेत से विद्वान ज्योतिषाचार्यों द्वारा यह अभिप्राय निकाला जाता है कि ऐसी परिस्थिति में राज्य की सत्ता भंग और दुर्भिक्ष की सम्भावनाऐं बढ़ जाती हैं। होलिका दहन के समय यदि होलिका से उठने वाला धुआं एवं अग्नि की लपटें पश्चिम की ओर जाने लगे यानी कि होलिका दहन के समय पश्चिम दिशा की ओर हवा चले तो इसे अच्छा माना जाता है, इसके कारण आम जनमानस में सौहार्द की भावना विकसित होती है, साथ ही देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होती है। होलिका दहन के समय यदि होलिका से उठने वाला धुआं उत्तर दिशा की ओर जाने लगे यानि कि होली पर उत्तर की ओर होलिका दहन के समय हवा चल रही हो, तो इस शकुन संकेत से विद्वान ज्योतिषाचार्यों द्वारा यह अभिप्राय निकाला जाता है कि ऐसी परिस्थिति में फसल की पैदावार अच्छी होती है और धान्य की वृद्धि होती है। होलिका दहन के समय होलिका की अग्नि अथवा होलिका का धुंआ यदि पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण दिशा की ओर न जाकर आकाश की तरफ सीधा जाए तो यह संकेत उस देश के राजा को शोक अर्थात सत्ता परिवर्तन का प्रबल योग बनाता है। तुलसीदास जी ने फाल्गुन मास की पूर्णिमा सी को अन्य महीनों की पूर्णिमा से अधिक श्रेष्ठ बतलाया है। वे कहते हैं, ह्यह्यत्रिबिध सूल होलिय जरे, खेलिय अब फागु। अर्थात इस आनन्दमयी होली की फाल्गुनी पूर्णिमा के दिन दैहिक, दैविक, भौतिक इन तीनों तापों की होली जलाकर (भगवान के साथ) प्रेम की खूब फाल्गुनी होली खेलनी चाहिए। मान्यताओं के अनुसार होलिका दहन के बाद जब होली की भस्म ठंडी हो जाए तो उस होली-भस्म को मस्तक पर तिलक लगाने से वर्ष भर व्यक्ति आधि-व्याधियों से बचा रहता है।



## होली की मस्ती जैसे कलर फेस्टिवल

वैसे तो दुनिया में होली जैसे उत्सवों की संख्या करीब दो दर्जन से भी ज्यादा है, लेकिन धरती के एक छोर से दूसरे छोर तक पांच ऐसे बड़े और लोकप्रिय कलर फेस्टिवल मनाये जाते हैं, जो बिल्कुल होली जैसे हैं। आइये इन पर एक नजर डालते हैं कि भारत के बाहर भी ऐसे ये कौन से त्योहार हैं, जिन्हें हम होली के नजदीक पाते हैं। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में यह बिल्कुल होली जैसा मस्तीभरा त्योहार खूब धूमधाम से मनाया जाता है। इसीलिए क्वींसलैंड को ऑस्ट्रेलिया की मेलन कैपिटल भी कहा जाता है। इस त्योहार में स्ट्रीट परेड होती है, जिसमें लोग एक-दूसरे पर मेलन यानी तरबूज का गूदा निकालकर मस्ती में फेंकते हैं। लोग तरबूज के जूस को भी निकालकर इसे बोतलों में भर लेते हैं और जैसे होली में एक दूसरे पर रंग डालते हैं, वैसे ही यह जूस डाला जाता है। कई युवा मिलकर एक समूह बनाते हैं और तरबूज के गूदे के ढेर के ऊपर डांस करते हैं और खूब मस्ती करते हैं या कुछ युवा एक घेरा बना लेते हैं और उसके बीच में बारी बारी से अलग अलग युवा अपना डांस परफोर्म दिखाते हैं।

**मड फेस्टिवल दक्षिण कोरिया:** ऑस्ट्रेलिया के मेलन फेस्टिवल जैसा दक्षिण कोरिया के बोरिओंग शहर में विशेष तौर पर पूरी दुनिया में प्रसिद्ध मड फेस्टिवल मनाया जाता है। गौरतलब है कि एक जमाने में मिनरल्स से भरी बोरियाओंग की मिट्टी को कॉस्मेटिक के रूप में इस्तेमाल करने को बढ़ावा देने के लिए इस फेस्टिवल का आयोजन शुरू हुआ था। लेकिन आज यह दो हफ्तों तक चलने वाला मड फेस्टिवल न सिर्फ दक्षिण कोरियाई युवाओं का पसंदीदा और मस्तीभरा त्योहार है बल्कि इसमें हिस्सा लेने के लिए पूरी दुनिया से युवा पहुंचते हैं। इस फेस्टिवल में भी खूब नाच, गाना, मस्ती और एक दूसरे पर गीली मिट्टी को लेपना, फेंकना जैसी हरकतें होती हैं, ठीक वैसी ही जैसी हरकतें होली में होती है।

**स्पेन का हैरोविन फेस्टिवल:** स्पेन का हैरोविन फेस्टिवल भी बिल्कुल होली जैसा है, इसमें युवा आपस में 'वाइन बैटल' से लेकर बुल फाइट्स तक करते हैं और यह फेस्टिवल हर साल 29 जून को पेट्रन सेंट, सेन पैड्रो के दिन मनाया जाता है। इसकी शुरूआत वाइन बैटल से होती है जिसमें किसी पर तब तक शराब डाली जाती, जब तक कि वह पूरी तरह से नहा न जाए और उसके कपड़े इस शराब के असर से पर्पल रंग के न हो जाएं। इस त्योहार में भी लोग एक-दूसरे पर वैसे ही शराब डालते हैं जैसे भारत में होली के मौके पर लोग एक-दूसरे पर पिचकारियों से रंग डालते हैं।

# होलाष्टक क्या होता है, 2024 में कब से लगेगा, जानें स्टार्ट डेट और इन दिनों क्या नहीं करना चाहिए

बासुकीनाथ पाण्डेय

**होलाष्टक** शब्द होली और अष्टक दो शब्दों से मिलकर बना है, जिसका अर्थ होता है होली के आठ दिन। होलाष्टक होली से 8 दिन पहले शुरू हो जाते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इन आठ दिनों में कोई भी मांगलिक कार्यक्रम जैसे शादी, ब्याह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि वर्जित माने जाते हैं.होलाष्टक के दौरान सभी ग्रह उग्र स्वभाव में रहते हैं, जिसके कारण शुभ कार्यों का अच्छा फल नहीं मिल पाता है। होलाष्टक 2024 में कब से शुरू हो रहे हैं, नोट करें डेट, कौन कौन से कार्य नहीं करें।

होली से 8 दिन पहले होलाष्टक पड़ता है। होलाष्टक के दौरान सभी शुभ कार्य वर्जित होते हैं। यहां जानें होलाष्टक 2024 में कब से लगेगा और इस दौरान किन चीजों से बचना चाहिए। नोट करें होलाष्ट में वर्जित कार्य और नियम। आप यहां होलाष्टक 2024 स्टार्ट और एंड डेट नोट कर सकते हैं।

होलाष्टक शब्द होली और अष्टक दो शब्दों से मिलकर बना है और इसका अर्थ है होली के आठ दिन। होली के त्योहार से आठ दिन पहले होलाष्टक शुरू हो जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन आठ दिनों के दौरान शादी-ब्याह, लौकिक कार्य जैसे शुभ समारोह और घर पर रहना वर्जित है। होलाष्टक के दौरान सभी ग्रह उग्र स्वभाव में होते हैं इसलिए शुभ कार्यों से अच्छे परिणाम नहीं मिल पाते। 2024 होलाष्टक में कब शुरू होगा? तारीखों और उन चीजों पर ध्यान दें जो नहीं की जानी चाहिए। यहां जानें होलाष्टक 2024 कब से कब तक रहेगा।

होली से आठ दिन पहले होलाष्टक प्रारंभ हो जाते हैं। 2024 में होलाष्टक की स्टार्ट डेट 17 मार्च, दिन रविवार रहेगा। होलाष्टक की शुरूआत फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से शुरू होती है। वहीं इनका समापन फाल्गुन पूर्णिमा को 24 मार्च, दिन रविवार को होगा होलाष्टक के समापन वाली शाम को ही होलिका दहन किया जाता है। वहीं फाग खेलने की तारीख 25 मार्च 2024, दिन सोमवार की रहेगी।



**होलाष्टक 2024 का पहला दिन : 17 मार्च, रविवार**

**होलाष्टक 2024 का दूसरा दिन : 18 मार्च, सोमवार**

**होलाष्टक 2024 का तीसरा दिन : 19 मार्च, मंगलवार**

**होलाष्टक 2024 का चौथा दिन : 20 मार्च, बुधवार**

**होलाष्टक 2024 का पांचवां दिन : 21 मार्च, गुरुवार**

**होलाष्टक 2024 का छठा दिन : 22 मार्च, शुक्रवार**

**होलाष्टक 2024 का सातवां दिन : 23 मार्च, शनिवार**

**होलाष्टक 2024 का आठवां दिन : 24 मार्च, रविवार**

### होलाष्टक में ना करें ये काम

होलाष्टक काल में किसी भी भवन का निर्माण या गृह प्रवेश नहीं करना चाहिए। इसके अलावा मकान, रियल एस्टेट और कार खरीदना और बेचना भी शुभ नहीं माना जाता है।

होलाष्टक में यज्ञ और हवन जैसे धार्मिक अनुष्ठान न करें। अन्यथा इन अनुष्ठानों का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होगा।

होलाष्टक काल के दौरान कोई नया व्यापार या व्यवसाय खोलना, नई नौकरी लेना या कोई अन्य नया काम करना अच्छा नहीं होता है। इससे बचना चाहिए.

होलाष्टकके दौरान सोने और चांदी के गहने, घरेलू सामान और कीमती सामान खरीदने से बचें।

इन बातों का रखकर आप होलाष्टक को शुभ बना सकते हैं। साथ ही इस दौरान श्री कृष्ण और भगवान की शिव की पूजा भी फलदायी मानी गई है।होलाष्टक 2024 कब से शुरू

होलाष्टक फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 17 मार्च 2024 से शुरू होंगे और फाल्गुन पूर्णिमा 24 मार्च 2024 पर समाप्त होगी. इस दिन होलिका दहन होगा और 25 मार्च 2024 को रंगवाली होली खेली जाएगी.

### होलाष्टक का महत्व

होलाष्टक के दिनों में वातावरण में नकारात्मकता ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है. यही वजह है कि इस दौरान शुभ कार्य पर रोक लग जाती है. अष्टमी तिथि को चन्द्रमा,नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध,चतुर्दशी को मंगल और पूर्णिमा को राहु उग्र अवस्था में रहते हैं. हिंदू मान्यताओं के अनुसार अगर कोई व्यक्ति होलाष्टक के दौरान कोई मांगलिक काम करता है तो उसे कई तरह की परेशानियां आती है, या फिर वह अधूर रह जाता है.

### होलाष्टक से जुड़ी कथा

पौराणिक कथा के अनुसार होलिका दहन से 8 दिन पहले यानी कि भगवान विष्णु के परम भक्त प्रहलाद को उनके पिता हिरण्यकश्यप ने बहुत प्रताड़ित किया था. प्रहलाद को श्रीहरि की भक्ति से दूर करने के लिए हिरण्यकश्यप ने सात दिनों तक कई यातनाएं दी थी. आठवें दिन हिरण्यकश्यप की बहन होलिका ने अपनी गोद में बिठाकर प्रहलाद को भस्म करने की कोशिश लेकिन वह नाकाम हुई.

# चालीस दिन तक चलती है ब्रज की होली

**चालीस** दिन तक चलने वाला ब्रज होली महोत्सव शुरू हो चुका है। इसी के साथ होली के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए देश और दुनिया से श्रद्धालु मथुरा पहुंचने लगे हैं। ब्रज में बसंत पंचमी पर होली का ढांडा गढ़ने के साथ ही ब्रज के लगभग सभी मंदिरों में होली महोत्सव की शुरूआत हो जाती है। यहां हम आपको पूरे कार्यक्रम के बारे में बता रहे हैं।

**समाज गायन की परंपरा**

देश-विदेश में विख्यात ब्रज की होली में समाज गायन विशेष स्थान रखता है, जिसमें होली गीत और पद गायन की अनूठी परंपरा है। इसमें पारंपरिक अंदाज में ठाकुरजी के समक्ष ब्रजवासी-सेवायत ब्रजभाषा में होली पदों का गायन करते हैं। समाज गायन की शुरूआत भी ब्रज के मंदिरों विशेषरूप से बरसाना स्थित श्रीजी मंदिर में बसंत पंचमी से हो जाती है। गुरुवार को श्रीजी मंदिर में पड़ गायन के बाद सेवायत गोस्वामीजनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया।

गोकुल स्थित गुरु शरणानंदजी महाराज के महावन रमणरेती आश्रम में हर साल पारंपरिक होली का आयोजन किया जाता है। इसमें टेसूके फूलों और गुलाल से होली खेली जाती है।

**बरसाना में लड्डू होली**

मथुरा के बरसाना में लड्डू होली धूमधाम से मनाई जाती है। यह बरसाना की विश्व विख्यात लठ्ठमार होली से एक दिन पहले लाडली मंदिर में मनाई जाती है। इस बार लड्डू होली का आयोजन

बरसाना में लट्ठमार होली के अगले दिन नंदगांव में लट्ठमार होली खेली जाती है। इस बार यह आयोजन 20,21 मार्च को हुआ।

**श्रीकृष्ण जन्मस्थान में होली**

बरसाना और नंदगांव में लट्ठमार होली के बाद रंगभरनी एकादशी के दिन श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर होली मनाई जाती है। इस दिन ब्रज में देश-विदेशी भक्तों के साथ पूरा मथुरा यहां जुटता है। इस बार यह आयोजन 21 मार्च को हुआ।

**गोकुल में छड़ीमार होली**

भगवान कृष्ण के गांव गोकुल में छड़ीमार होली खेली जाती है। गोकुल में श्रीकृष्ण बाल रूप में रहे थे इसलिए यहां लाठी के बजाए छड़ी होली जाती है, ताकि उन्हें ज्यादा चोट न लगे। इस बार 22 मार्च को गोकुल में इसका आयोजन किया गया।

**दाऊजी का हुरंगा**

दाऊजी का हुरंगा मथुरा के दाऊजी मंदिर में आयोजित होता है। यह मंदिर प्रसिद्ध बलदेव गांव में स्थित है। इसका आयोजन ब्रज के राजा बलदेव (दाऊजी) के आंगन में किया जाता है। इस बार इसका आयोजन 22 मार्च को किया गया।



# विदेशियों को भी खींचती है देश की रंग बिरंगी होली



रंगों का त्योहार होली इस साल 25-26 मार्च को मनाया जायेगा। नये साल के आने की खुशी में ये पर्व मनाया जाता है। इस दिन लोग एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई देते हैं। ऐसा कहा जाता है कि भगवान श्री कृष्ण ने राधा रानी के साथ सबसे पहले होली खेली थी। इसलिए ब्रज की होली आज भी दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यहां आप जानेंगे भारत की 7 ऐसी जगहों के बारे में जहां अलग ढंग से होली खेली जाती है

**बरसाने की लठमार होली:** बरसाने की लठमार होली सबसे ज्यादा प्रचलित है। इसमें नंदगाव के पुरुष बरसाना के राधारानी के मंदिर में ध्वजा फहराने की कोशिश करते हैं जिन्हें लठमार कर बरसाने की महिलाएं दूर रखती हैं। नंदगांव में भगवान कृष्ण का लालन पालन हुआ था तो बरसाने में राधा रानी का। बरसाने की लठमार होली की परंपरा एक हफ्ते पहले से शुरू हो जाती है। इस लठमार होली के दौरान अगर पुरुष महिलाओं की पकड़ में आ जाते हैं तो उनकी जमकर कुटाई होती है और उन्हें महिलाओं के कपड़े पहनकर नाचना होता है।

**मथुरा-वृंदावन में फूलों की होली:** मथुरा में फूलों की होली से खेलने की परंपरा काफी पुरानी है। ये होली भी एक सप्ताह तक मनाई जाती है। वृंदावन सहित देश के कई हिस्सों में होली के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसमें नृत्य के साथ साथ एक दूसरे पर फूलों की बरसात की जाती है। होली से पहले पड़ने वाली एकादशी पर ये होली खेली जाती **है।**

**पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन की बसंत-उत्सव** होली: पश्चिम बंगाल में होली को बसंत उत्सव के रूप में मनाया जाता है। ये होली जिसकी शुरूआत रविंद्रनाथ टैगोर ने की थी इसे बंगाल की सबसे पुरानी यूनिवर्सिटी शांति निकेतन में मनाया जाता है। यहां सिर्फ अबीर और गुलाल से होली खेली जाती है। यूनिवर्सिटी के छात्र होली के दिन खास सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं।

**पंजाब की होला-मोहल्ला होली:** पंजाब में होली के त्योहार को एक अलग ही ढंग से मनाया जाता है। इस दिन लोग एक जगह पर एकत्रित होकर तलवारबाजी, कुश्ती, मार्शल आर्ट्स जैसे करतबों का आयोजन करते हैं। इस सब चीजों का प्रदर्शन रंगों को गुलाल के बीच किया जाता है।



**उदयपुर की शाही होली:** यहां शाही अंदाज में होली खेली जाती है। यहां सिटी पैलेस में शाही निवास से मानेक चौक तक शाही जुलूस निकाला जाता है। जिसमें हाथी, घोड़ा से लेकर रॉयल बैंड भी शामिल होते हैं। साथ ही राजस्थानी हीत-संगीत इस पर्व की खूबसूरती को और भी अधिक बढ़ा देता है।

**वृंदावन की 'होली नहीं देखी तो क्या देखा :** देश भर में होली की धूम मची हुई है ऐसे में हम जा पहुंचे वृंदावन की होली देखने.... वृंदावन में बांके बिहारी के मंदिर में होली का उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। ब्रज में 40 दिन पहले ही होली के कार्यक्रमों की शुरूआत हो जाती है।

**मणिपुर की होली:** यहां 6 दिन तक होली मनाई जाती है। यहां होली के त्योहार पर फोक कलाकार अपना हुनर दिखाते हैं और गुलाल के रंगों में रंगे रहते हैं।

**गोवा की होली:** गोवा में भी होली का उत्सव मनाया जाता है। गोवा की होली को शिगमोत्सव के नाम से जाना जाता है। जिसे दो हफ्ते तक मनाया जाता है। गोवा की इस होली की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें फागोत्सव और होली दोनों ही संस्कृतियों का मिश्रण होता है। यहां देवी देवताओं की पूजा करने के बाद जुलूस और झांकियां निकाली जाती हैं। जिस दौरान रंग से खेला जाता है।

# विश्वगुरु बनने की राह पर है भारत, एआइ-मशीन लर्निंग से होंगे बड़े बदलाव : एन. चंद्रशेखरन

## एक्सएलआरआइ के 68वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए एन. चंद्रशेखरन, मिला सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस मेडल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शनिवार को एक्सएलआरआइ के 68वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ ईस्ट एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन उपस्थित थे। इस अवसर पर एक्सएलआरआइ से पास आउट होने वाले 551 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिया गया। इसमें 14 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिला। दौरान कार्यक्रम के दौरान एन. चंद्रशेखरन को प्रतिष्ठित "सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस" से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एन चंद्रशेखरन ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के विकास के लिए यह गोल्डेन टाइम है। हम विश्व गुरु बनने की राह पर हैं। देश का विकास दर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस दौर में कॉलेज से पास आउट होकर निकलने वाले विद्यार्थियों के सामने अच्छा मौका है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलाव हो रहा है। ग्रीन एनर्जी, टेलकॉम सेक्टर, एआइ, मशीन लर्निंग, सप्लाई चेन मैनेजमेंट ये तमाम सेक्टर हैं, जहां सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। कहा कि टाटा ग्रुप ने हाई-टेक चिप विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने जा रही है। जिसे गुजरात में धोलेरा के विशेष औद्योगिक क्षेत्र में ताइवान के पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ साझेदारी में स्थापित किया जायेगा। इससे करीब 70,000 रोजगार भी मिलेंगे। उन्होंने टाटा ग्रुप द्वारा किये जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों से जुड़ी जानकारी भी उन्होंने दी। इस मौके पर एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे, एक्सएलआरआइ के डीन एकेडमिक्स प्रो डॉ संजय पात्रो, डीन एडमिनिस्ट्रेशन फादर डोनाल्ड डिसूजा समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद थे। इस दौरान फैकल्टी, नॉन टीचिंग स्टाफ व मेंटेनेंस स्टाफ को लगातार 15 वर्ष व 25 साल तक सेवा देने के लिए उन्हें लांग सर्विस मेडल से नवाजा गया। एन चंद्रशेखर ने कहा कि टाटा ग्रुप ग्रीन एनर्जी की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। लिथियम आयन बैटरी बनाने के लिए 20 गीगावॉट की गीगाफैक्टरी शुरू की गयी है। भारत सेमीकंडक्टर के मामले में पूरी तरह दूसरे देशों से किए गए आयात पर निर्भर है। आने वाले समय में भारत में सेमीकंडक्टर की खपत जोरदार होने वाली है। कहा कि हम इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बढ़ती मांगों को पूरा कर सकेंगे। नटराजन चन्द्रशेखरन ने कहा कि टाटा ग्रुप-सी 295 डिफेंस एयरक्राफ्ट भी बना रहे हैं। शुरूआत में वडोदरा में और फिर धोलेरा में और यह काम तेजी से चल रहा है। टाटा ग्रुप में इलेक्ट्रिक कारों पर काम किया जा रहा है। इस साल कुछ प्रोडक्ट्स मार्केट में दस्तक दे सकते हैं। फिलहाल इलेक्ट्रिक कारों की मार्केट हिस्सेदारी के मामले में टाटा मोटर्स भारत में सबसे आगे है।






किस कोर्स के कितने स्टूडेंट हुए ग्रेजुएट
- फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट- 13
- ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट- 176
- बिजनेस मैनेजमेंट- 209
- जेनरल मैनेजमेंट ( 15 माह प्रोग्राम ) - 113
- पीजीडीएम इन मैनेजमेंट ( इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योर )- 40

एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए इन्हें मिला मेडल
- बेस्ट ऑल राउंड स्टूडेंट- नंदिनी गोयल
- बेस्ट ऑल राउंड वीमेन स्टूडेंट- नंदिनी गोयल
- आउटगोइंग एफपीएम स्टूडेंट- गरिमा मल्लिक
- हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ एचआरएम- मयंक नागपुरकर
- सेकेंड हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ एचआरएम- प्रतिपन्ना अनुभव
- हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ बीएम- केसीराजू लोकेश
- सेकेंड हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ बीएम- श्रीनिवास एस
- हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ जीएमपी- अनुराग कुमार
- एक्सएलआरआइ मेडल फॉर सोशल इनिशिएटिव- महक शर्मा, अर्जुन पांडे, अमन वर्मा, धनंजय गजानन कदम, कार्तिका वी जे, मनीषा मंडल

### आज हम चाईना को पीछे छोड़ने की ताकत रखते हैं : नरेंद्रन

मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ ईस्ट एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन ने कहा कि छात्र जीवन के दौरान जो भी बातें सीखी जाती है, उसका व्यावहारिक जीवन में सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल करें। कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। कहा कि आज से 34 साल पहले जब वे ग्रेजुएट हुए थे, तब देश में सिर्फ चार आइआइएम थे। उस वक्त चाइना कोई फैक्टर नहीं था, लेकिन आज स्थिति बदली हुई है।

टीवी नरेंद्रन ने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, यही गति रही तो हम विकास के मामले में चाईना को भी पीछे छोड़ सकते हैं। उन्होंने जीयो पॉलिटिकल परिस्थिति में क्लाइमेट चेंज पर भी अपनी बातों को रखा।



# एनटीटीएफ के 4 छात्रों का किर्लोस्कर कंपनी में चयन, 3.80 लाख के पैकेज पर लॉक

खबर मन्त्र संवाददाता




**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों बैंगलोर स्थित किर्लोस्कर कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। जिसमे सर्वप्रथान लिखित परीक्षा, छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा, तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। जिसमे छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौर्वांगित किया। बैंगलोर स्थित किर्लोस्कर कंपनी द्वारा एनटीटीएफ के 04 छात्रों को 03.80लाख के पैकेज पर लॉक किया गया।सभी छात्रों ने तीनों राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे अपनी जगह इस कंपनी में बनाई। सभी चयनित छात्र एनटीटीएफ के फाइनल ईयर के डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक के है। तीनों राउंड के सिलेक्शन प्रोसेस के बाद अंकित सिंह,गौतम शर्मा, शुभम यादव, कुमारी नंदिनी साहू को चुना गया। सभी छात्रों को किर्लोस्कर ने 03.80 लाख की पैकेज पर बैंगलोर स्थित कंपनी के लिए लॉक किया है।छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान गौर्वांगित है। इसमें संस्थान के प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एवं मिथिला ने सहयोग किया। प्राचार्य प्रीता जॉन ने सभी छात्रों को उनके उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। उप प्राचार्य रमेश राय, के साथ पंकज कुमार गुप्ता, दीपक सरकार, हरीश कुमार, शर्मिष्ठा, हीरेश साथ उप-प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारी वरुण कुमार ने भी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की

## कोल्हान डीआईजी ने अंतराज्यीय चेक नाका का लिया जायजा



**चांडिल।** शनिवार को कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे ने चांडिल अनुमंडल के नीमडीह थाना क्षेत्र में स्थित झारखंड पश्चिम बंगाल सिमा पर बने अंतराज्यीय चेक नाका का लोकसभा चुनाव को लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चेक नाका पर तैनात पदाधिकारी को कई दिशा-निर्देश दिए एवं वहां लगे सीसीटीवी की भी जानकारी लिया। इस दौरान उनके साथ निरीक्षण में चांडिल एसडीपीओ सुनिल कुमार राजवाड़ पहुंचे थे।

## सामूहिककार्यक्रम सह होली मिलन का समारोह का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** 23 मार्च, 2024 को झारखंड अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक संघ के द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों का ओपीएस (पुरानी पेंशन योजना) होने की खुशी में एक सामूहिक कार्यक्रम कार्यक्रम- सह - होली मिलन जुबली पार्क में चिल्ड्रन पार्क के पास रखा गया जिसमें पूर्वी सिंहभूम जिला के 18 अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे, एनपीएस से ओपीएस के सफर में सभी लोग अपना अपना विचार रखा गया। उनपर आभार भी प्रकट किया गया। सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी एक दूसरे पर गुलाल लगाए।

# वैस्कुलर सर्जरी इमरजेंसी पर कार्यक्रम और वैस्कुलर सूचरिंग पर कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) की क्लीनिकल सोसायटी ने वैस्कुलर सोसायटी ऑफ इंडिया और जमशेदपुर सर्जरी सोसायटी के साथ मिलकर 23 मार्च, 2024 को वैस्कुलरसर्जरी इमरजेंसी पर केंद्रित एक आधे दिन का कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमइ) कार्यक्रम और वैस्कुलर सूचरिंग पर एक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस क्षेत्र में अपनी तरह का पहला यह अग्रणी कार्यक्रम टीएमएच ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।इसका आयोजन एयर वाइस मार्शल (डॉ) सुधीर राय (सेवानिवृत्त), जो स्वयं एक वैस्कुलरसर्जन हैं, आयोजन सचिव डॉ प्रशांत रमन, एमसीएच (वैस्कुलर सर्जरी) जिन्होंने टीएमएच में वैस्कुलर सर्जरी की विशेषता को कार्यान्वित किया है और आयोजन अध्यक्ष कर्नल (डॉ) शिवराज सिंहचौहान (सेवानिवृत्त) विभागाध्यक्ष (जनरल सर्जरी) के मार्गदर्शन में किया गया।

टीएमएच में छह महीने पहले अनुभवी पेशेवरों के तहत शुरू की गई विशेष सेवाओं के साथ, सीएमई का उद्देश्य सर्जनों के बीच जागरूकता बढ़ाना था, जिसमें जमशेदपुर और आसपास के क्षेत्रों सेलगभग 150 प्रतिभागी शामिल हुए। सीएमई के सम्मानित अतिथि वक्ताओं में वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव डॉ. तपिश साहू, पूर्वी क्षेत्र के कार्यकारी समिति सदस्य डॉ. रविकुमार बी.एल. और चेन्नई के कंसल्टेंट वैस्कुलरसर्जन डॉ. श्रीनिवासन ए. शामिल थे। इस कार्यक्रम ने सभी क्लीनिकल प्रक्टिसनर्स के लिए एक मूल्यवान शिक्षण अनुभव प्रदान किया, जिसमें क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा आपातकालीन स्थितियों और दैनिक अभ्यासों में सामने आने वालीसामान्य वैस्कुलर समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, महत्वाकांक्षी और युवा सर्जनों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र, लिंब और जीवन-रक्षक परिणामों के लिए समय पर हस्तक्षेप परजोर देने के साथ वैस्कुलर इमरजेंसी की बेहतर समझ, और वैस्कुलर सर्जन से कब परामर्श करना है और वे कौन-सी सेवाएँ प्रदान करते हैं, इस पर मार्गदर्शन कार्यक्रम के अभिन्न अंग थे।

इसके अलावा, टीएमएच में वैस्कुलर और एंडोवैस्कुलर सर्जरी को एक अलग सुपर-स्पेशलिटी के रूप में शुरू करने के बारे में भी प्रतिभागियों के साथ जानकारी साझा की गई, जो राज्य और आस-पासके क्षेत्रों में एक अग्रणी पहल है, साथ ही टीएमएच की नई सेवा पेशकशों को अपने ग्राहकों के लिए बढ़ावा देना, और टीएमएच में सर्जिकल प्रशिक्षुओं और राज्य भर में इच्छुक सर्जनों के लिए कौशलविकास के अवसरों को भी प्रतिभागियों के साथ साझा किया गया। यह सेवा, जो पहले देश के टियर वन शहर तक सीमित थी, अब राज्य के लोगों के लिए सुलभ हो गई है। यह कार्यक्रम वैस्कुलर सर्जरी में ज्ञान और कौशल को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिससे चिकित्सकों और रोगियों दोनों को लाभ हुआ।

## आपसी एकता और भाईचारे का दिया संदेश

**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय में रंगों के त्यौहार होली के उपलक्ष्य मे रंगारंग एवं धमाकेदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं के बीच काफी उत्साह था। कार्यक्रम में सेलेब्रिटी डीजे का आयोजन किया गया, जिससे छात्र-छात्राओं ने नृत्य-गीत का आनंद उठाया और खूब मस्ती की। रंगों से होली खेली गई और सभी ने इसे बेहद उत्साह से मनाया। बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी..., होली खेले रघुबीरा अवध में... जैसे होली गीतों पर छात्र-छात्राएं खूब थिरके। रंगों के अलावा अबीर-गुलाल से यूनिवर्सिटी कैम्पस रंग-बिरंगा हो उठा। एक साथ मिले विभिन्न रंग अनेकता में एकता और भाईचारे का संदेश दे रहे थे। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी में सभी के लिए भोजन का प्रबंध था, जिसमें विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन शामिल थे। छात्रों ने इस खास मौके पर सहभोज का आनंद लिया।

# छठा रक्तदान शिविर, शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था केसरी सेना के तत्वाधान में शनिवार को आरपी पटेल हाई स्कूल जुगसलाई में संस्था के प्रमुख प्रवीण प्रसाद के नेतृत्व में छठा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, यह रक्तदान शिविर पिछले 6 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है, 23 मार्च को इस आयोजित रक्तदान शिविर में वीर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसमें कुल 138 रक्त संग्रह किया गया, रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेता अभय सिंह, कन्हैया सिंह शिव शंकर सिंह, सुधांशु ओझा,राजकुमार सिंह, अप्पू तिवारी, चंदन जैसवाल,सन्नी सिंह, चिंटू सिंह,नरेश लाल,तनवीर,अरूप मल्लिक, एवं अन्य ने भाग लिया, इन सभी के द्वारा शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी एवं रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया गया, कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने में सदस्यों के तौर पर विकास सिंह, सिट्टू सिंह, रंजन पांडे, विशाल सिंह, रविशंकर तिवारी, डब्लू तिवारी, विशाल सिंह,अमर तिवारी, मोनू तिवारी, लकी, मोहित पांडेय, राहुल, टीकम, प्रशांत, समेत अन्य का सहयोग रहा।

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय में रंगोत्सव की धूम

जमशेदपुर। आज दिनांक 23 मार्च, 2024 को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में रंगोत्सव की धूम रही। इसमें श्रीनाथ विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थी तथा सहायक प्राध्यापक सम्मिलित हुए। होली मिलन समारोह का उद्घाटन श्रीनाथ विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापको द्वारा विद्यार्थियों के बीच रंग गुलाल उड़ा कर किया गया। श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुखदेव महतो ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली हर्षोल्लास और उमंग का त्योहार है और इसे पूरे पारंपरिक तरीके से मनाना चाहिए।

## मतदान केंद्रों पर बहाल की जा रही मूलभूत सुविधाएं

**जमशेदपुर।** निर्वाचन आयोग के मापदंडों के अनुसार जिला अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार बूथों पर मतदाताओं को किसी तरह की असुविधा न हो यह सुनिश्चित कराने के लिए लगातार जिला प्रशासन की टीम सक्रियता से कार्य कर रही है। इसके तहत दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए रैम्प, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, प्रतीक्षा हेतु शेड की जगह चिन्हित कर कुर्सी की व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, भूतल पर मतदान केंद्र की व्यवस्था सुनिश्चित करना आदि महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# सभी कार्यकर्ता अपने लक्ष्य प्राप्त करें : बीडी राम



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी पलामू की लोकसभा स्तरीय बैठक हमीदगंज स्थित जे बी रिसोर्ट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी झारखंड के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पलामू लोकसभा के चुनाव संचालन समिति के सदस्यों, पलामू लोकसभा के कोर कमिटी के सदस्यों ,विधानसभा के चुनाव संचालन समिति के सदस्यों, विधानसभा के कोर कमिटी के सदस्यों, सभी जिला के पदाधिकारी, मंच मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की। मौके पर संगठन महामंत्री सिंह ने कहा कि हमारा सांसद जो भी हो उसे जिताना है और चार सौ का लक्ष्य पार करना है। सत्ता प्राप्त करना और समाज में परिवर्तन करना भाजपा का लक्ष्य है। भ्रष्टाचार के आरोप में कोई भी भाजपा का नेता आज तक जेल नहीं गया है। विकसित भारत 2047 का जो लक्ष्य है उसे लेकर हम आगे बढ़ें। सबका साथ सबका विश्वास और सब का प्रयास भी चाहिए पहले कोई भी देश का प्रधानमंत्री आते थे तो उन्हें प्रेम की निशानी ताजमहल दिखाया जाता था लेकिन आज जो प्रधानमंत्री आते हैं उन्हें सारनाथ और काशी विश्वनाथ दिखाया जाता है। देश को सजाना है आगे बढ़ाना है सिर्फ जीतना ही नहीं है लक्ष्य बहुत बड़ा लेकर चलना है। अपने लोकसभा को बड़े मोहम्मद से जीतने का कार्य करना है। इस चुनाव में भोजन बूथ पर जाकर करना है। सभी नेताओं को प्रवास कर सभाएं करनी है। दो निशान दो संविधान हटाने का काम बीजेपी ने किया है 19 करोड़ सदस्यों की भाजपा पार्टी दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी है। प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाईयों पर चल रहा है। इस अभियान को बढ़ाते हुए 2024 में 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने का काम करना है। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं को पंचायत-पंचायत में केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर जाना जिससे देश में 400 सीट के आंकड़ा को पार किया जा सके।

## ऐतिहासिक, अद्भुत, अलौकिक व गरिमामय रहा नमन का आयोजन

# तिरंगा यात्रा देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है : काले







खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** 23 मार्च भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के शहादत दिवस पर पिछले 8 वर्षों की भांति इस 9वें वर्ष भी 'नमन परिवार' द्वारा संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में अनेक गण्यमान्य व्यक्तियों तथा बड़ी संख्या में महिलाओं एवं हजारों युवाओं ने शामिल होकर भव्य एवं गरिमामय तिरंगा यात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम स्थल पर मां भारती एवं शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्प अर्पित कर नमन किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां भारती के रथ को तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया गया। इस तिरंगा यात्रा में हजारों देशभक्तों ने चिलचिलाती धूप में भी शामिल होकर एक स्वर में वंदे मातरम एवं भारत माता की जयघोष के साथ एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान से चलकर भालूबासा, बाराद्वारी, रामलीला मैदान, सब्जी मंडी, मेडिकल लाइन, बड़ा गोलचक्कर से बसंत सिनेमा, मनोकामना मंदिर, कालीमाटी रोड, हावड़ा ब्रिज, आर डी टाटा गोलचक्कर, पुलिस लाइन, गोलमुरी चौक से होते हुए 7 किलोमीटर की दूरी तय कर पुनः एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में यात्रा समाप्त हुई। यात्रा के दौरान युवा वर्ग के साथ-साथ बुजुर्गों एवं बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाश्रय सिंह, नमन के मुख्य संरक्षक राकेश्वर पांडे, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, शिवशंकर सिंह, कांग्रेस नेता अजय सिंह, तार कंपनी गुरुद्वारा के प्रधान अमरजीत सिंह, ह्यूम पाइप गुरुद्वारा के दलजीत सिंह, सरदारनी कमलजीत कौर एवं अन्य मौजूद थे।

### अमर शहीदों से प्रेरणा लें, प्रेरणा को निष्ठा का रूप दे: सरयू राय

देश को आज जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, उसके समाधान के लिए सभी चाहते हैं कि कोई भगत सिंह पैदा हो और समस्याओं को दूर कर दे परंतु वह भगत सिंह मेरे घर में नहीं बल्कि पड़ोसी के घर में पैदा हो। विचार इस पर होना चाहिए कि आज भगत सिंह जिंदा होते तो भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, सरकारी जुर्म के विरुद्ध उनकी क्या प्रतिक्रिया होती? जब तक देश के नागरिक, खास कर युवा पीढी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत के बारे में केवल नारे ही लगाती रहेगी, उनकी प्रेरणा को निष्ठा का रूप नहीं देगी, तब तक समस्याएं जस की तस रहेंगी, दिन-प्रतिदिन गंभीर होती रहेंगी। वर्तमान हालात में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के विचार और कृतित्व के आईने में हमें अपनी तस्वीर देखनी चाहिए और इस परिप्रेक्ष्य में अपनी भूमिका निर्धारित करनी चाहिए।

# दिल्ली की हार से शुरूआत, किंग्स का जोरदार आगाज

## आइपीएल 2024: करन-लिविंगस्टोन की आतिशी पारी, पंजाब ने दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से हराया


मैन ऑफ द मैच सैम करन

एजेंसी

**मुल्लानपुर।** सैम करन (63) और लियाम लिविंगस्टोन (38) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2024 के दूसरे मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से हरा दिया। 175 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही पंजाब की टीम एक समय 11.3 ओवर में 100 रन पर 4 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, यहां से सैम करन और लिविंगस्टोन ने मोर्चा संभाला और पांचवें विकेट के लिए सात ओवर में 67 रन जोड़कर पंजाब को वापसी दिला दी। हालांकि इसके बाद खलील अहमद ने 19वें ओवर में दो लगातार गेंदों पर सैम करन और शशांक सिंह को आउट कर मैच में वापसी दिलाई, लेकिन लिविंगस्टोन ने आखिरी ओवर में सुमित कुमार की गेंद पर छक्का लगाकर पंजाब को जीत दिला दी। लिविंगस्टोन 21 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्के की बदौलत 38 रन बनाकर नाबाद रहे, वहीं सैम करन ने 47 गेंदों पर 6 चौके और एक छक्के की बदौलत टूनार्मेंट का पहला अर्धशतक लगाते हुए शानदार 63 रन बनाए। पंजाब ने 19.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर मैच जीत लिया। करन और लिविंगस्टोन के अलावा शिखर धवन ने 22 और प्रभसिमरन सिंह ने 26 रन बनाए। दिल्ली की तरफ से कुलदीप यादव और खलील अहमद ने 2-2 व ईशांत शर्मा ने 1 विकेट लिया। इस मैच में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली को डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श ने तेज शुरूआत दिलाई और पहले 3 ओवर में 33 रन जोड़ दिये। चौथे ओवर में 39 के कुल स्कोर पर अर्शदीप सिंह ने मार्श को चलता कर यह साझेदारी तोड़ी। मार्श ने केवल12 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्के की बदौलत 20 रन बनाए। 8वें ओवर में 74 के कुल स्कोर पर हर्षल पटेल ने वॉर्नर को चलता कर दिल्ली को दूसरा झटका दिया। वॉर्नर ने 21 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्के की बदौलत 29 रन बनाए। इन दोनों के आउट होने के बाद दिल्ली का रन रेट कम हो गया. 11वें ओवर में 94 के कुल स्कोर पर कगिसो रबाडा ने शाई होप को चलता कर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। होप ने 25 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्के की बदौलत 33 रन बनाए। होप के बाद मैदान पर 14 महीने बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत बल्लेबाजी करने उतरे। पंत अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन वे अपनी पारी को ज्यादा दूर तक नहीं ले जा सके और 13 गेंदों पर 2 चौकों की बदौलत 18 रन बनाकर हर्षल पटेल का शिकार बने। इसके बाद रिक्की भुई (03) और ट्रिस्टन स्टब्स (05) कुछ खास नहीं कर सके और जल्दी-जल्दी आउट हो गए। भुई को हरप्रीत बरार और स्टब्स को राहुल चाहर ने अपना शिकार बनाया। यहां से अक्षर पटेल ने 13 गेंदों पर 21 रन बनाकर दिल्ली को अच्छे स्कोर की तरफ ले जाने का प्रयास किया, लेकिन ये अभिषेक पोरल थे, जिन्होंने 10 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्के की बदौलत नाबाद 32 रन बनाकर दिल्ली को 174 रनों तक पहुंचाया। पोरल ने हर्षल पटेल के पारी के आखिरी ओवर में 25 रन जड़ दिये, जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल थे।



**दिल्ली 174/9 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| वॉर्नर के. शर्मा बो. हर्षल पटेल | 29 | 21 | 03 | 02 |
| मार्श के. चाहर बो. अर्शदीप | 20 | 12 | 02 | 02 |
| शाइ होप के. ब्रार बो. रबाडा | 33 | 25 | 02 | 02 |
| पंत के बेयरस्टो बो. पटेल | 18 | 13 | 02 | 00 |
| रिकी भुई के. शर्मा बो. ब्रार | 03 | 07 | 00 | 00 |
| स्टब्स के. सिंह बो. चाहर | 05 | 08 | 00 | 00 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 21 | 13 | 02 | 01 |
| सुमित के शर्मा बो. अर्शदीप | 02 | 09 | 00 | 00 |
| अभिषेक पोरेल नाबाद | 32 | 10 | 04 | 02 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 01 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :10

**विकेट पतन** : 39-1, 74-2, 94-3, 111-4, 111-5, 128-6, 138-7, 147-8, 174-9.

**गेंदबाज** : सैम करन : 1-0-10-0, अर्शदीप सिंह : 4-0-28-2, कगिसो रबाडा : 4-0-36-1, हरप्रीत ब्रार : 3-0-14-1, राहुल चाहर : 4-0-33-1, हर्षल पटेल : 4-0-47-2.


**पंजाब 176/6 (19.2 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| शिखर धवन बो. इशांत शर्मा | 22 | 16 | 04 | 00 |
| बेयरस्टो रन आउट | 09 | 03 | 02 | 00 |
| प्रभसिमरन के. वॉर्नर बो. यादव | 26 | 17 | 05 | 00 |
| सैम करन बो. खलील अहमद | 63 | 47 | 06 | 01 |
| जितेश स्टंप पंत बो. यादव | 09 | 09 | 01 | 00 |
| लियाम लिविंगस्टन नाबाद | 38 | 21 | 02 | 03 |
| शशांक के. पंत बो. अहमद | 00 | 01 | 00 | 00 |
| हरप्रीत ब्रार नाबाद | 02 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :08


**विकेट पतन** : 34-1, 42-2, 84-3, 100-4, 167-5, 167-6.

**विकेट पतन** : खलील अहमद : 4-0-43-2, इशांत शर्मा : 2-0-16-1, मिचेल मार्श : 4-0-52-0, अक्षर पटेल : 4-0-25-0, कुलदीप यादव : 4-0-20-2, सुमित कुमार : 1.2-0-19-0.



## आइपीएल 2024

### आज का मैच (राजस्थान -लखनऊ)



**दोनों टीमें इस प्रकार हैं**

**राजस्थान रॉयल्स** : जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन (कप्तान), रियान पराग, शिमरोन हेटमायर, रोवमैन पॉवेल, ध्रुव जुरेल, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** : क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, दीपक हुडा, केएल राहुल (कप्तान), निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, मार्कस स्टोइनिस, क्रुणाल पंड्या, नवीन-उल-हक, यश ठाकुर, रवि बिश्नोई।



**दोनों टीमें इस प्रकार हैं**

**मुंबई इंडियंस** : रोहित शर्मा, इशान किशन, तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, टिम डेविड, हार्दिक पांड्या (कप्तान), मोहम्मद नबी, गेराल्ड कोएत्जी, क्वेना मफाका, जसप्रित बुमरा, पीयूष चावला।

**गुजरात टाइटंस** : शुबमन गिल (कप्तान), रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, विजय शंकर, डेविड मिलर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, जोश लिटिल, उमेश यादव, मोहित शर्मा।

### चेन्नई पहुंचे पथिराना, सीएसके टीम में शामिल

**नयी दिल्ली।** श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना चेन्नई पहुंच गए हैं और जल्द ही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम में शामिल होंगे। पथिराना के प्रबंधक अमिला कलुगालेगे ने इसकी पुष्टि की है। पथिराना को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट लग गई और उन्हें सीएसके के लिए शुरूआती आइपीएल 2024 मैच से चूकना पड़ा। शुक्रवार को आईपीएल 2024 के इस पहले मुकाबले में सीएसके ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 6 विकेट से शिकस्त दी थी। पथिराना के प्रबंधक अमिला कलुगालेगे ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पथिराना की एक तस्वीर साझा की, जिससे पुष्टि हुई कि स्टार पेसर चेन्नई पहुंच गए हैं, और जल्द ही सीएसके टीम में शामिल हो जाएंगे।

### सकामोटो ने तीसरी बार जीता खिताब

**टोक्यो।** जापान की काओरी सकामोटो वर्ष 1968 के बाद से फिगर स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं। 2022 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ने शुक्रवार को यहां कई ट्रिपल जंप के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपने फ्री स्केट में 222.96 के कुल स्कोर के साथ 149.67 अंक हासिल किए, जो 17 वर्षीय अमेरिकी इसाबेउ लेविटो से 10 अंक अधिक थे। दक्षिण कोरिया की किम चाए-योन ने 203.59 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। 2022 और 2023 में विश्व खिताब जीतने वाले सकामोटो ने कहा, मैं लघु कार्यक्रम में चौथे स्थान पर थी, इसलिए थोड़ा चिंतित थी लेकिन आज मैं भावनात्मक रूप से वास्तव में अच्छी जगह पर थी और मैं परिणाम से खुश हूं। सकामोटो ने सीजन में अपना दबदबा बनाया है, ग्रांड प्रिक्स सीरीज में जीत हासिल करने के बाद उन्होने चौथा जापानी राष्ट्रीय खिताब जीता है। आइस डांस में एकमात्र चीनी जोड़ी चेन ज़िजी और ज़िंग जियानिंग ने 58.85 अंक का स्कोर हासिल किया और 36 जोड़ियों के बीच 30वें स्थान पर रहे।

### पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष का 89 वर्ष की आयु में निधन

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का शनिवार को लाहौर में लंबी बीमारी के कारण 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पीसीबी ने शहरयार खान के निधन की घोषणा करते हुए एक बयान जारी किया, जिसमें लिखा था, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, अपने अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स और कर्मचारियों के माध्यम से, आज सुबह लाहौर में पूर्व पीसीबी अध्यक्ष शहरयार खान के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है। वह 89 वर्ष के थे। शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे और उन्हें कराची में दफनाया जाएगा।

### रुइचांग चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में हारे आयुष शेट्टी, भारतीय चुनौती समाप्त

**रुइचांग।** स्पोर्ट्स पार्क जिम में चल रहे रुइचांग चाइना मास्टर्स 2024 केपुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ ही भारतीय युवा शटलर आयुष शेट्टी का अभियान समाप्त हो गया। शेट्टी को एक घंटे और सात मिनट तक चले मैच में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के शटलर डोंग तियान याओ से 21-9, 18-21, 21-16 से हार का सामना करना पड़ा। वर्तमान में दुनिया के 76वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने दुनिया के 369वें नंबर के डोंग के खिलाफ पहले गेम में 4-4 तक बराबरी का मुकाबला खेला। इसके बाद डोंग ने गियर बदला और लगातार सात अंक लेकर स्कोर 11-4 कर दिया। शेट्टी ने डोंग की स्ट्रीक को तोड़ दिया लेकिन चीनी शटलर ने लगातार चार अंक हासिल कर पहला गेम शेट्टी की पहुंच से पूरी तरह बाहर कर दिया। उन्होंने पहला गेम 21-9 से अपने नाम किया।

### भारतीय पुरुष और महिला टीमों को मिला कठिन ड्रा

चेंगदू, 23 मार्च (हि.स.)। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने थॉमस और उबेर कप के लिए ड्रा शुक्रवार को यहां घोषित कर दिया गया है। दोनों टूनार्मेंट में 16 टीमें शामिल हैं, जिन्हें चार समूहों में बांटा गया है। टूनार्मेंट 27 अप्रैल से 5 मई तक खेले जाएंगे। मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष टीम को थॉमस कप में मजबूत इंडोनेशिया के साथ रखा गया है, जबकि उबेर कप में महिला टीम को शक्तिशाली चीन के साथ रखा गया है। थॉमस कप में ग्रुप सी में भारत और इंडोनेशिया के अलावा थाईलैंड और इंग्लैंड की टीमें हैं, जबकि मेजबान चीन ग्रुप ए में दक्षिण कोरिया, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ शामिल है।

# क्लासेन की तूफानी पारी बेकार, रसेल ने बल्ले और हर्षित राणा ने गेंद से केकेआर को दिलाई रोमांचक जीत


एजेंसी

**कोलकाता।** आइपीएल 2024 के तीसरे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को हरा दिया है। रोमांचक मुकाबले में केकेआर ने 4 रन से जीत हासिल की। पहले बैटिंग करते हुए केकेआर की शुरूआत खराब रही। लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट के संयमित अर्धशतक के बाद आंद्रे रसेल के 25 गेंद में तूफानी नाबाद 64 की बदौलत टीम 7 विकेट पर 208 रन तक पहुंच गई। तेज शुरूआत के बाद हैदराबाद ने नियमित अंतराल पर विकेट खोए। अंत में हेनरिच क्लासेन का तूफान दिखने को मिला। लेकिन हर्षित राणा ने आखिरी 5 गेंद पर 7 रन डिफेंड कर अपनी टीम को जीत दिला दी।

**फिल साल्ट ने शुरूआत में संभाला मोर्चा**

फिल साल्ट आइपीएल नीलामी में नहीं बिके थे लेकिन उन्हें जेसन रॉय की जगह टीम में शामिल किया गया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद उन्होंने शुरूआती झटकों के बाद धैर्य से खेलना जारी रखा और महज 38 गेंद में आईपीएल में अपना तीसरा पचासा जड़ दिया लेकिन जैसे ही अंत में तेजी से रन जुटाने का प्रयास किया मयंक मार्कंडेय का शिकार हो गये। पदार्पण कर रहे रमनदीप सिंह ने 17 गेंद में एक चौके और चार छक्के से 35 रन और रिंकू सिंह ने 15 गेंद में तीन चौके से 23 रन का योगदान दिया। रसेल ने लेग स्पिनर मार्कंडेय के खिलाफ स्टैंड में उस जगह पांच गेंद में तीन छक्के जड़े। रसेल को 20 रन पर जीवनदान मिला जब मार्कंडेय की गेंद पर ऐडन मार्कराम ने लांग ऑन पर मैदान के करीब कैच लपका लेकिन रिप्ले में दिखा कि यह जमीन छू रहा था। जमैका के इस बल्लेबाज ने भुवनेश्वर कुमार पर दो चौके और दो छक्के जड़कर इस ओवर में 26 रन जुटाये। रसेल और रिंकू सिंह ने 33 गेंद में 81 रन की साझेदारी निभायी जिससे केकेआर ने अंतिम पांच ओवर में 85 रन जोड़े। 20 गेंद पर फिफ्टी लगाने वाले रसेल ने 25 गेंदों पर 7 छक्कों की मदद से 64 रनों की पारी खेली।





**श्रेयस अय्यर नहीं खोल पाए खाता**

बायें हाथ के गेंदबाज टी नटराजन ने वेंकटेश अय्यर और श्रेयस अय्यर दोनों को पवेलियन भेजा। नटराजन और भुवनेश्वर ने चार ओवरों में सिर्फ 16 रन देकर केकेआर को पावरप्ले के अंदर रोके रखा। भुवनेश्वर ने शुरूआती ओवर में शानदार गेंदबाजी की और सिर्फ तीन रन गंवाये। दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज सॉल्ट ने मार्को यानसेन पर लगातार तीन छक्के जड़कर हाथ खोले। लेकिन नरेन गफलत में विकेट गंवा बैठे जिसके बाद कमिंस ने नटराजन को लगाया जिन्होंने वेंकटेश ओर अय्यर के विकेट झटक लिये। मार्कंडेय ने गुगली पर नीतिश राणा को अपना शिकार बनाया जिससे आठ ओवर में केकेआर का स्कोर चार विकेट पर 51 रन था। लेकिन सॉल्ट धैर्य से रन जुटाते रहे और उन्हें रमनदीप का अच्छा साथ मिला। दोनों ने 54 रन की भागीदारी निभायी। रमनदीप ने कमिंस पर बाउंड्री लगाने के बाद एक छक्का जड़ा। रमनदीप ने मार्कंडेय, यानसेन और शाहबाज अहमद पर तीन छक्के लगाये। इसके बाद रसेल और रिंकू ने रन गति तेज कर केकेआर को 200 रन तक पहुंचाया।

**कोलकाता 208/7 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट के. येन्सन बो. मार्कंडेय | 54 | 40 | 03 | 03 |
| नरेन रन आउट (अहमद) | 02 | 04 | 00 | 00 |
| वेंकटेश के. येन्सन बो. नटराजन | 07 | 05 | 01 | 00 |
| श्रेयस के. कमिंस बो. नटराजन | 00 | 02 | 00 | 00 |
| राणा के. त्रिपाठी बो. मार्कंडेय | 09 | 11 | 01 | 00 |
| रमनदीप के मार्कंडेय बो. कमिंस | 35 | 17 | 01 | 04 |
| रिंकू के. मार्करम बो. नटराजन | 23 | 15 | 03 | 00 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 64 | 25 | 03 | 07 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 06 | 03 | 01 | 00 |

**अतिरिक्त** :08

**विकेट पतन** : 23-1, 32-2, 32-3, 51-4, 105-5, 119-6, 200-7.

**गेंदबाज** : भुवनेश्वर कुमार : 4-0-51-0, मार्को येन्सन : 3-0-40-0, टी नटराजन : 4-0-32-3, पैट कमिंस : 4-0-32-1, मयंक मार्कंडेय : 4-0-39-2, शाहबाज अहमद : 1-0-14-0.

**हैदराबाद 204/7 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| मयंक के. रिंकू बो. राणा | 32 | 21 | 04 | 01 |
| अभिषेक के. वरुण बो. रसेल | 32 | 19 | 04 | 02 |
| त्रिपाठी के. राणा बो. नरेन | 20 | 20 | 00 | 01 |
| मार्करम के रिंकू बो. वरुण | 18 | 13 | 02 | 00 |
| क्लासेन के शर्मा बो. राणा | 63 | 29 | 00 | 08 |
| समद के. वेंकटेश बो. रसेल | 15 | 11 | 01 | 01 |
| शाहबाज के. श्रेयस बो.राणा | 16 | 05 | 01 | 02 |
| मार्को येन्सन नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |
| पैट कमिंस नाबाद | 00 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :07

**विकेट पतन** : 60-1, 71-2, 107-3, 111-4, 145-5, 203-6, 204-7.

**विकेट पतन** : मिचेल स्टार्क : 4-0-53-0, हर्षित राणा : 4-0-33-3, वरुण चक्रवर्ती : 4-0-55-1, सुनील नरेन : 4-0-19-1, आंद्रे रसेल : 2-0-25-2, सुयश शर्मा : 2-0-18-0.

# स्विस ओपन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंचे श्रीकांत, प्रियांशु, किरण बाहर

एजेंसी

**बासेल।** भारतीय शटलर किदांबी श्रीकांत ने स्विस ओपन सुपर 300 टूनार्मेंट में अपना शानदार अभियान जारी रखते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। श्रीकांत ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली को सीधे गेम में 21-10, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुरूआत से ही, श्रीकांत ने अपना दबदबा कायम रखा और 11-5 की बढ़त बना ली और अपने प्रतिद्वंद्वी पर लगातार दबाव बनाए रखा। ली की थोड़ी देर की वापसी के बावजूद, श्रीकांत ने अपना संयम बनाए रखा और अपने बेहतर कौशल का प्रदर्शन करते हुए पहला गेम 21-10 से जीत लिया। दूसरे गेम में, श्रीकांत की आक्रमण क्षमता ली के लिए बहुत अधिक साबित हुई, भारतीय शटलर ने दूसरा गेम आसानी से 21-14 से जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सेमीफाइनल में श्रीकांत का



सामना चीनी ताइपे के लिन चुन यी से होगा। एक अन्य भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज को निराशा का सामना करना पड़ा क्योंकि वे अपने-अपने मुकाबलों में हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गए। प्रियांशु को चाउ टीएन चेन (15-21, 19-21) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जबकि किरण जॉर्ज को रासमस गेम्के (23-21, 17-21, 15-21) के हाथों हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल स्पर्धा में ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को ऑस्ट्रेलिया की सेत्याना मापसा और एंजेला यू के खिलाफ सीधे गेम (14-21, 15-21) से हार का सामना करना पड़ा। इस हार से उनकी ओलंपिक योग्यता आकांक्षाओं को झटका लगा, क्योंकि वे वर्तमान में रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं। ओलंपिक खेलों के नजदीक आने के साथ, ट्रीसा और गायत्री को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए एक कठिन लड़ाई का सामना करना पड़ रहा है।

# अभिभावकों और स्कूल के बेहतर समन्वय से बच्चों के भविष्य को गढ़ा और संवारा जा सकता है: निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल का प्रकाशन किया गया। इस दौरान अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को निदेशक ने प्रशस्ति-पत्र, मेडल तथा वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को क्रमशः 1100, 750, 550 रुपये का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर व मां सरस्वती पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने विद्यालय के गौरवपूर्ण प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके उपलब्धियों को दोहराया। साथ ही अभिभावकों से अपने बच्चों पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि समय समय पर बच्चों का मूल्यांकन करते रहने से गलत रास्तों पर जाने से बच जाते हैं। अभिभावकों और स्कूल के बेहतर समन्वय से ही बच्चों के भविष्य को गढ़ा और संवारा जा सकता है। आपके बच्चे आने वाले समय में देश और समाज की सेवा करें, ऐसी जीवन निर्माण करने की दायित्व हमारा और आपका है। कक्षा 6 में सृष्टि कुमारी, कुणाल तिवारी, अजीत कुमार, कक्षा 7 में भास्कर तिवारी, मो. फैज, प्रतीक तिवारी, कक्षा 8 में संध्या कुमारी, रूपंजलि, जीनत परवीन तथा कक्षा 9 में आदित्य प्रकाश, रिदम राज, आराध्या उपाध्याय ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त की। मौके पर शिक्षक मुकेश कुमार, बीरेंद्र साह, उदय प्रकाश, खुर्शीद आलम, रिजवाना शाहीन, सरिता दूबे, नीलम केशरी, शिवानी, सुषमा तिवारी, संतोष प्रसाद, नीरा शर्मा आदि उपस्थित थे।


प्रशस्ति पत्र का वितरण करते निदेशक।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


संबोधित करते अलखनाथ पांडेय।

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल के सभागार में ग्रुप अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जायन्ट्स सदस्यो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सदस्यों ने होलियाना अंदाज में हास्य व्यंग्य से ओतप्रोत कविता, प्रहसन एवं गीत संगीत की धुन पर झूमते हुए होली मिलन का आनंद लिया। मौके पर जायन्ट्स सदस्यों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अच्छे किस्म के रंग, अबीर, गुलाल से ही होली खेलें। होली का त्योहार सौहार्द पूर्वक मनायें। किसी के साथ जबरदस्ती रंग अबीर नहीं लगायें। होली में सभी बुराइयों को होलिका में जलाकर आपसी भेदभाव मिटाए। मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, विनोद कमलापुर, मदन प्रसाद केशरी, मनोज केशरी, नंद कुमार गुप्ता, मोजीबुद्दीन खान, ध्रुव केशरी, विनोद गुप्ता, दीपक तिवारी, सुरेश गुप्ता, अवधेश कुशवाहा, मनदीप प्रसाद, चंदन चंद्रवंशी, सुनील अग्रवाल, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, महेंद्र सर्राफ, अरुण सोनी, लखन सर्राफ, अशोक गुप्ता, अरविंद तूफानी, अशोक केशरी, रविन्द्र केशरी, पवन केशरी, रवि केशरी, रितेश केशरी, विजय केशरी, विजय जनरल आदि उपस्थित थे।

## अवैध देशी शराब के खिलाफ चला छापामारी अभियान

**कांडी।** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निदेर्शानुसार होली पर्व शांतिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम के नेतृत्व में शनिवार को जमुआ, पतीला, अमडीहा, भीलमा समेत अन्य कई गावों में छापेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बन रहे जावा महुआ शराब भट्ठी ध्वस्त किया गया। साथ ही लगभग 19 लीटर देशी शराब जप्त करते हुए लगभग 100 किलो ग्राम जावा महुआ तथा शराब बनाने वाला उपकरण को नष्ट कर दिया गया। साथ ही थाना प्रभारी ने उन सभी लोगों को चिन्हित कर दोबारा शराब नहीं बनाने की सख्त निर्देश दिया। निर्देश का पालन नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई। मौके पर कई पुलिस बल मौजूद थे।

## केतार थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** रंगो का त्योहार होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शनिवार को केतार थाना परिसर में बीडीओ सावित्री कुमारी, थाना प्रभारी रोशन कुमार वर्णवाल की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर बीडीओ सावित्री कुमारी ने कहा कि त्योहार में ऐसा कोई गलत काम न करे कि प्रशासन को मजबूरन कार्रवाई करना पड़े। लोग अपने अपने गांवों में शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाएं। जबरन किसी को रंग न लगाए। थाना प्रभारी ने कहा कि चैक चैराहे से लेकर गांव टोला कस्बे में बिकने वाला शराब पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। वही थाना प्रभारी रोशन कुमार वार्नवाल ने कहा की यदि किसी को गलत हरकत करते सूचना मिलती है तो पुलिस उस पर कानूनी कारवाई करेगी। उपस्थित सभी लोगो ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। मौके पर प्रमुख पति सुरेंद्र गुप्ता, मुखिया मुनि देवी, श्याम सुंदर बैठा, हेमंत पाठक, उदय प्रसाद, सुशील पाठक, योगेंद्र सिंह, अजय वर्मा, दीन दयाल गुप्ता, पंकज सिंह, रविन्द्र पासवान, राजू सिंह, हकीमुदीन मियां, दिलीप जायसवाल, सीताराम जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## राशन लेने गए लाभुक के साथ मारपीट की


जानकारी देते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के सलगा गांव के पूर्वी टोला में संचालित अनीता स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष मनौती देवी के पति सह संचालक रामसनेही यादव द्वारा राशन लेने गए लाभुक को पटककर मारने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में घायल लाभुक मुकेश कुमार राम ने बताया कि मैं राशन लेने के लिए सुबह 8 बजे ही आया था। लगभग 11:00 बजे तक मैं लाइन में खड़ा रहा। लेकिन रामसनेही यादव के द्वारा बाद में आए लाभुकों को मेरे से पहले राशन दिया जा रहा था। इसी दौरान मैंने उनसे कहा कि मैं बगैर खाना खाए आया हूं भूख लगी है, मेरे को राशन दे दीजिए। बस इतनी बात पर नाराज होकर रामसनेही यादव ने मुझे उठाकर पटक दिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इस दौरान अन्य लाभुकों के द्वारा बीच बचाव किया गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे उप प्रमुख सकेंद्र पासवान एवं मुखिया प्रतिनिधि वशिष्ठ पासवान ने डीलर पति रामसनेही यादव को जमकर फटकार लगाई। साथ ही कहा कि अगर आपको जिस लाभुक को राशन नहीं देना है मत दीजिए। लेकिन किसी भी लाभुकों के साथ गाली ग्लौज एवं मारपीट करना गलत है। लाभुक कुमारी देवी, मीना देवी, कलावती देवी, लीलावती देवी एवं सुकनी देवी सहित दर्जनों आक्रोषित लाभुकों ने बताया कि उक्त डीलर के द्वारा 2 से 5 किलो तक की राशन की कटौती भी की जाती है।

### उपायुक्त को आवेदन देकर ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ के ऊपर की कार्रवाई की मांग

## धार्मिक झंडा उतारने एवं पूर्वजों द्वारा चयनित स्थल पर समत नहीं गाड़ने देने के विरोध में ग्रामीण बीडीओ के खिलाफ हुए गोलबंद

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते लोग।

**मझिआंव/बरडीहा।** बरडीहा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विजय राम के द्वारा हिंदुओं के घर के ऊपर लगे महावीरी, भगवा एवं भोलेनाथ का झंडा जबरन उतरवा देने एवं पूर्वजों द्वारा निर्धारित स्थल पर होलिका दहन हेतु समत नहीं गाड़ने देने के कारण बरडीहा में तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विजय राम के विरोध में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियो ने गोलबंद होकर उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि जब से प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राम ने बरडीहा प्रखंड में योगदान दिए हैं, तब से इनके द्वारा अपनी शक्ति का गलत प्रयोग कर क्षेत्र में भयावह स्थिति पैदा करते हुए अशांति फैलाने का कार्य किया जा रहा है। इन्होंने हद की सीमा तो तब पार कर दी, जब शुक्रवार की बीती रात्रि में हिंदुओं की महान आस्था का पर्व होलिका दहन हेतु पूर्वजों द्वारा चयनित स्थलों पर समत गाड़ने गए ग्रामीणों को देखते ही भड़क गए और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते मुखिया प्रतिनिधि वशिष्ठ पासवान को बुलाकर सभी ग्रामीणों के सामने अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए जेल भेजने की धमकी दी। रात्रि में थाना पुलिस को बुलाकर सभी ग्रामीणों एवं प्रतिनिधि को 9:00 बजे से 12:00 बजे तक 3 घंटे बंधक बनवा दिया। इतना ही नहीं इनके द्वारा जबरन हिंदुओं के घर पर लगे महावीरी झंडा, भगवा झंडा एवं भोलेनाथ का झंडा भी उतरवा दिया गया। इसके अलावा उन्होंने विजय बहादुर पासवान के नवनिर्मित मकान में गृह प्रवेश के दौरान लगाए गए हनुमान जी का झंडा भी उतरवा दिया। इस वर्ष प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राम के द्वारा समत गाड़ने नहीं दिया गया जो समझ से परे है। बताया कि समत नहीं गाड़ने देने के बाद लगभग हम सभी लोग अपने अपने घर लौट गए। इसके पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अपने चहेते गर्वित मातृभूमि के पत्रकार प्रदीप कुमार तिवारी एवं सुरेंद्र विश्वकर्मा के द्वारा पूर्व के स्थल से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थल चयन कर समत गाड़ने हेतु रेंडी का पौधा को गड़वा दिया गया।जो दूसरे कुंदरहे गांव का सिवान पड़ता है।साथ ही सभी ग्रामीणों ने समत नहीं जलाने का निर्णय लिया है। इसकी प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक, स्थानीय विधायक एवं सांसद को भी प्रेषित कर दी गई है। आवेदन देने वालों में नकुल राम, गोरख पासवान, मनीष कुमार, उप प्रमुख सकेंद्र पासवान, मुखिया प्रतिनिधि वशिष्ठ पासवान, सुनील कुमार, दिनेश प्रजापति सहित सैकड़ो लोगों का नाम शामिल है।

इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी विजय राम ने बताया कि चुनाव आयोग के द्वारा आदर्श आचार संहिता लग जाने के बाद मैं प्रखंड विकास पदाधिकारी के हैसियत से नहीं बल्कि चुनाव आयोग के द्वारा प्रदत दंडाधिकारी की हैसियत से काम कर रहा हूं।ग्रामीणों के लिए पूर्व निर्धारित स्थल से लगभग 100 मीटर की दूरी पर समत जलाने हेतु भूमि उपलब्ध करा दी गई है। और झंडा उतरवाने के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार सभी तरह के झंडों को उतरवाया गया है।

## जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गढ़वा के एथलीटों ने जीते स्वर्ण पदक

खबर मन्त्र संवाददाता


विजेता खिलाड़ी।

**गढ़वा।** 20 से 22 मार्च तक देवघर के कुमैठा स्टेडियम में आयोजित 17वीं झारखण्ड राज्य जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गढ़वा के एथलीटों ने दो स्वर्ण सहित सात मेडल जीते। गढ़वा जिले के खिलाड़िओं ने दो स्वर्ण, दो सिलवर तथा तीन ब्रॉन्ज मेडल जीते। अंडर 20 बालक वर्ग में ज्ञानचंद तिर्की ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक, अंडर 20 बालिका वर्ग में सुरभि कच्छप ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक, अंडर 18 बालक वर्ग में प्रिंस कुमार शर्मा शॉटपुट में सिलवर मेडल, अंडर 20 बालिका वर्ग में 400 मीटर दौड़ में सुरभि कच्छप ने सिलवर मेडल, अंडर 20 बालक वर्ग में राजवीर कुमार शॉटपुट में सिलवर मेडल, अंडर 16 बालिका वर्ग में अपर्णा कुजूर 600 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल, अंडर 16 बालक वर्ग में मनीष कुमार शॉटपुट स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीत कर गढ़वा जिला का नाम रौशन किया। इस उपलब्धि पर संघ सहित कई लोगों ने टीम को बधाई दी। बधाई देने वालों में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शिवकुमार पांडेय, उपाध्यक्ष नसीम अख्तर, सचिव आलोक मिश्रा, कोषाध्यक्ष अजयकांत, सह सचिव सुशील कुमार तिवारी, लक्ष्मण राम, विकाश पांडेय, धर्मेंद्र पाल, राजेश पांडेय, सतेंद्र यादव, कौशलेश तिवारी, ओलंपिक संघ के संरक्षक अमृत शुक्ला, अनीता दत्त, राकेश पाल, रेखा चैबे, अध्यक्ष शैलेन्द्र पाठक, उपाध्यक्ष उदयनारायण तिवारी, विजय केशरी, मदन केशरी, मनीष केशरी, कोषाध्यक्ष उमेश सहाय, ओमप्रकाश तिवारी, आनंद दुबे, अरविंद कुमार, जगरनाथ राम, किशोर कुणाल, चन्द्रबहादुर सिंह आदि का नाम शामिल है।

## मां जानकी का भव्य मंदिर निर्माण की घोषणा शीघ्र

**30 एकड़ भूमि आवंटित, 25 एकड़ और पर चल रही है बात**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सीतामढ़ी।** 55 एकड़ जमीन पर मां जानकी का भव्य मंदिर बनेगा। रामायण रिसर्च काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री 1008 परमहंस स्वामी सांदीपेंद्र जी महाराज ने कहा है कि मां सीताजी के प्राकट्य क्षेत्र सीतामढ़ी में मां सीताजी की भव्य प्रतिमा एवं उन्हें भवगती के रूप में स्थापित की जायेगी। को 30 एकड़ भूमि उपलब्ध हो गयी है। साथ ही 25 एकड़ भूमि को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में यह प्रक्रिया पूरी होते ही वह खुद सीतामढ़ी जायेंगे और मंदिर-निर्माण कार्य एवं प्रारूप की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही वह पीएम मोदी से इस विषय पर ड्रॉट करेंगे। सीतामढ़ी में उक्त स्थल के भूमि-पूजन हेतु प्रस्ताव भी रखेंगे। राष्ट्रीय संत संरक्षक मंडल एवं झारखंड प्रदेश के संयोजक स्वामी दिव्यानंद महाराज ने इसकी जानकारी दी।

# बिहार इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी, मृत्युंजय बने साइंस टॉपर

एजेंसी

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शनिवार को 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए। बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर ने दोपहर 01:30 बजे रिजल्ट जारी किया। सीवान के रहने वाले मृत्युंजय कुमार 12वीं की परीक्षा में साइंस टॉपर बने हैं। मृत्युंजय कुमार को 481 नंबर मिले हैं। कॉमर्स में शेखपुरा की रहने वाली कॉलेज ऑफ कॉमर्स की स्टूडेंट प्रिया कुमारी हैं। इन्हें कुल 478 अंक हासिल हुए हैं। आर्ट्स में पटना के कॉमर्स कॉलेज के स्टूडेंट तुषार ने बाजी मारी है। तुषार कुमार को 482 अंक मिले हैं। 12वीं के साइंस संकाय में छपरा की रहने वाली सिमरन गुप्ता सेकेंड टॉपर बनी हैं। सिमरन को 477 अंक मिले हैं। सीतामढ़ी के रहने वाले वरुण कुमार थर्ड साइंस टॉपर बने हैं। वरुण ने भी 477 अंक हासिल किए हैं। पटना के सौरव कुमार कॉमर्स के सेकेंड टॉपर बने हैं। सौरव को 470 अंक मिले हैं। पटना के ही गुलशन कुमार कॉमर्स के थर्ड टॉपर बने हैं, जिन्हें 469 अंक मिले हैं। आर्ट्स संकाय में पटना की रहने वाली निशी सिन्हा सेकेंड टॉपर बनी हैं। निशी ने 473 अंक हासिल किया है जबकि पटना की रहने वाली तनु कुमारी 472 अंक के साथ आर्ट्स की थर्ड टॉपर बनी हैं। इसके साथ साइंस टॉपर्स की लिस्ट में टॉप फाइव में जगह बनाने वालों में 11 छात्र-छात्राएं शामिल हैं जबकि आर्ट्स में टॉप फाइव में पांच छात्र-छात्राएं हैं। टॉप तीन में जगह बनाने वाले तीनों स्टूडेंट पटना के रहने वाले हैं। कॉमर्स संकाय में टॉप फाइव में आठ छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी है।



## बेटी की सफलता पर नहीं थम रही परिजनो की खुशी

**नवादा।** बिहार के नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरिश्चंद्र बीघा नहर की रहने वाले शंकर कुमार साव की पुत्री दीपाली कुमारी ने पूरे बिहार में कॉमर्स में पांचवा रैंक लाकर नाम रोशन की है। दीपाली की मां गृहिणी है। दीपाली का छोटा भाई प्रिंस कुमार 10वीं में है और पिता ई रिक्शा चलाते हैं । पिता इस ई रिक्शा से ही पूरे घर को संभाला है और बेटी की पढ़ाई भी करायी है। दीपाली ने कॉमर्स संकाय में पूरे राज्य में 467 अंक लाकर पांचवा स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। दीपाली की आगे चलकर सीए बनने की ख्वाहिश है। लेकिन मेरी माता-पिता की स्थिति सही नहीं है हमें कोई बेहतर रास्ता मिलेगा तो हम अपने बिहार और अपने नवादा का भी नाम रोशन करेंगे।

## खबर एक नजर में

### श्री राम कथा पूजा समिति की बैठक में रामनवमी पर राम कथा का आयोजन करने का निर्णय


बैठक करते लोग।

**गढ़वा।** रामनवमी महा महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर श्री राम कथा पूजा समिति की बैठक शहर के गढ़देवी मोहल्ला स्थित नरगिर आश्रम परिसर में आयोजित की गई। चंदन जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष अयोध्या के परम पूज्य बाल स्वामी अवधेन्द्र प्रपन्नाचार्य के मुखारविंद से चैत्र प्रतिपदा अष्टमी तक दिव्य राम कथा का आयोजन संध्या 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक कराने का निर्णय लिया गया। मौके पर श्री जायसवाल ने बताया कि चैत्र प्रतिपदा 9 अप्रैल को सुबह 6:00 बजे विशाल एवं भव्य कलश यात्रा एवं नगर प्रबोध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा गढ़देवी मोहल्ला स्थित नरगिर आश्रम से निकलेगी, जो सहिजना के पीएचडी कॉलोनी तक जाएगी। वापसी के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। 9 अप्रैल मंगलवार को कलश पूजन स्थापना एवं कथा मंच का उद्घाटन किया जाएगा। प्रतिदिन एकम से अष्टमी तक प्रात: बेला में पूजन एवं मानस पाठ तथा संध्या 6:00 से 10:00 तक कथा का आयोजन किया जाएगा। नवमी को प्रात: 10:00 बजे हवन के पश्चात भंडारा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सभी ने रामकथा को दिव्य एवं भव्य बनाने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से डॉ मुरली गुप्ता, अनिरूद्ध शरण, जगजीवन बघेल, सन्नी चन्द्रवंशी, मनीष कमलापुरी, दिलीप श्रीवास्तव, दिलीप पाठक, अजय सिंह, राजेश विश्वकर्मा, अरविंद पटवा, मीरा केशरी, अजय केशरी, नीतेश कुमार गुड्डू, कुमार रणविजय सिंह, संजय अग्रहरि, धर्मनाथ झा, गौतम चन्द्रवंशी, शिव देव सिंह, विक्की पासवान, हिमांशु कुमार, मुन्ना बघेल, गौतम शर्मा, भरत केशरी, ऋषिकेश पांडेय, कृष्णा केशरी, गुड्डू हरि, छोटे केशरी, नंदू ठाकुर, संतोष चन्द्रवंशी, ब्रजेश कुमार गोलू, शुभम केशरी, शिवा शर्मा, राजकुमार शर्मा, शान्तनु कुमार, निखिल केशरी, ओमप्रकाश पाठक, सौरभ कुमार, शुभम चन्द्रवंशी, करण बघेल आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### मॉस्को आतंकी हमले...

**हमले के पीछे कौन पता लगा लेंगे : रूस :** राष्ट्रपति पुतिन के सलाहकार ने कहा कि अमेरिका किस आधार पर यूक्रेन को क्लीन चिट दे रहा है, यह समझा से परे है। हम इस हमले की तह तक जायेंगे और पता लगाएंगे कि इस घटना के पीछे कौन है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के सलाहकार ने कहा कि हम यह स्पष्ट रूप से बताना चाहते हैं कि यूक्रेन का इस हमले में कोई भी हाथ नहीं है।

**सिटी हाल मलवे से कई और शव मिले :** रूस की जांच समिति ने शनिवार कहा कि आपातकालीन सेवाएं आतंकवादी हमले स्थल क्रोकस सिटी हॉल से मलबे को हटाने का काम जारी था क्योंकि वहां से और शव पाये गये थे। प्रारंभिक निरीक्षण के बाद समिति ने कहा कि आतंकवादियों ने कॉन्सर्ट हॉल में छोड़े गए गोला-बारूद के साथ-साथ स्वचालित हथियारों का भी इस्तेमाल किया। समिति ने कहा कि बैलिस्टिक, जेनेटिक और फिंगरप्रिंट जांच की जा रही है। समिति ने यह भी कहा है कि यह भी स्थापित हो गया है कि आतंकवादियों ने परिसर में आग लगाने के लिए ज्वलनशील तरल पदार्थ का इस्तेमाल किया था। कॉन्सर्ट स्थल पर गोलीबारी हुई और उसके बाद भीषण आग लग गयी। रूस की जांच समिति ने आतंकवादी हमले में एक आपराधिक मामला दर्ज किया है।

**पीएम मोदी ने की कड़ी निंदा :** इधर नयी दिल ली में पीएम मोदी ने मॉस्को में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कहा,दुख की इस घड़ी में भारत रूसी संघ की सरकार और जनता के साथ एकजुटता से खड़ा है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं। भारत दुख की इस घड़ी में रूसी संघ की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

**आईएसआईएस ने ली जिम्मेदारी :** इस बीच, आतंकवादी संगठन आईएसआईएस ने हमले की जिम्मेदारी ली। साथ ही कहा कि उसके लड़ाकों ने मॉस्को के बाहरी इलाके पर हमला किया था। इस घटना में सैकड़ों लोगों को मार डाला और घायल कर दिया तथा उनके सुरक्षित ठिकानों पर वापस जाने से पहले उस जगह पर भारी विनाश किया। आतंकी संगठन ने कहा कि हमारे लड़ाके सुरक्षित रूप से हमला करके अपने ठिकानों पर वापस लौट आये हैं।

### दिनदहाड़े गोली मार ...

छोटू को गोली मारने के बाद बाइक सवार दोनों अपराधी भरे बाजार में हथियार लहराते हुए फरार हो गये। छोटू को डेली मार्केट थाना से मात्र 200 मीटर की दूरी पर गोली मारी गयी। थाने के पास ही आपराधिक वारदात को अंजाम दे कर अपराधी भाग निकले।

**जांच में जुटी पुलिस :** डेली मार्केट और लोअर बाजार थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। बजरुद्दीन उर्फ छोटू, कांटाटोली के मौलाना आजाद कॉलोनी में रहता था। चर्च रोड कपड़ा मंडी में खरीदारी के दौरान उस पर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द ही अपराधियों खोज निकालेगी।

### दिल्ली हाईकोर्ट से...

केजरीवाल की 10 दिन की हिरासत की मांग करने वाली ईडी की याचिका पर दलीलों के दौरान, मुख्यमंत्री की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दावा किया कि आबकारी नीति मामले में 200 से अधिक छापों के बावजूद आप नेता की अपराध में संलिप्तता दिखाने वाली कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद उन्हें सात दिनों के लिए इडी की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 तैयार करने और लागू करने के लिए 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के रूप में कई करोड़ रुपये मिले। बाद में, इस नीति को रद्द कर दिया गया था। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने चुनाव लड़ने के लिए 'साउथ ग्रुप' के कुछ आरोपियों से कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये की मांग की।

### एके ने करोड़ों भारतीयों ...

इस प्रकार के व्यवहार से सामाजिक आंदोलन में काम करने वाले कार्यकर्ताओं से लोगों का विश्वास उठ जायेगा। यह अब स्पष्ट हो चुका है कि एक पवित्र आंदोलन को एक राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल किया गया। अन्ना हजार ने एक दिन पहले भी कहा था, जब अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया आंदोलन के समय हमारे साथ आए थे। तो भी मैंने उन दोनों से कहा था कि देश की भलाई के लिए काम करना है। पर दोनों ने मेरी बातों पर ध्यान नहीं दिया। ऐसे में मैं उन्हें कोई सलाह नहीं दूंगा और साथ ही मुझे केजरीवाल के हालात पर कोई दुख नहीं है।

### आपकी भावना समझ...

संकट की इस घड़ी में हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में पूरा झारखंड केजरीवाल जी के साथ खड़ा है। उन्होंने एक्स पर लिखा इंडिया झुकेगा नहीं। अरविंद केजरीवाल के इडी की रिमांड में जाने के बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल का वीडियो मैसेज पढ़कर सुनाया। जिसमें कहा गया था कि ' अब तक मैंने बहुत संघर्ष किया है, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े संघर्ष हैं। आप सभी से अपील है कि गिरफ्तारी के बाद वे भाजपा वालों से नफरत न करें। सब ठीक हो जायेगा।

स्पीड न्यूज

## रौतेला ने किया रामलला के दर्शन



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने अयोध्या में रामलला का दर्शन किया है। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने अयोध्या में राम लला के दर्शन किए। प्रियंका के बाद अब उर्वशी रौतेला ने भी राम लला का दर्शन किया है। उर्वशी ने मंदिर में हाथ जोड़कर भगवान श्री राम का आशीर्वाद लिया। उर्वशी माथे पर तिलक लगाकर और भगवान राम के नाम की चुनर ओढ़कर रामलला के दरबार में दर्शन किए। रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी को लेकर चर्चा में है। इस फिल्म में रवि किशन ,रश्मि देसाई, उर्वशी रौतेला पीयूष मिश्रा, विजय राज और अतुल पांडे और सिद्धार्थ बोडके की अहम भूमिका है।

## कुख्यात गैंगस्टर पुजारी चीन से आया मुंबई

मुंबई। कुख्यात गैंगस्टर प्रसाद विट्ठल पुजारी को मुंबई पुलिस चीन से वापस मुंबई ले आई। कई वर्षों से फरार चल रहे पुजारी के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया था। पुलिस के मुताबिक प्रसाद पुजारी 2008 से चीन में अस्थायी निवास वीजा पर रह रहा था। भारतीय एजेंसियों की पकड़ से बचने के लिए पुजारी ने एक चीनी महिला से शादी भी कर ली थी। चीन उसे मुंबई पुलिस को सौंपने के लिए सहमत हो गया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों की एक टीम 44 वर्षीय पुजारी को शनिवार सुबह फ्लाइट से लेकर मुंबई पहुंची और उसे लॉक-अप में ले जाया गया।

## अमेरिका में गोलीबारी दो की मौत, दो घायल

वाशिंगटन। अमेरिका के दक्षिणी राज्य लुइसियाना के सबसे बड़े शहर न्यू ऑरलियन्स में एक चौराहे के पास हुई फायरिंग में 2 लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों के हवाले से दी। न्यू ऑरलियन्स पुलिस ने कहा कि एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति की एम्बुलेंस या अस्पताल में मौत हो गई।

## आप विधायक के ठिकानों पर छापा

नयी दिल्ली। दिल्ली के सबसे बड़े विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक गुलाब सिंह के गांव घुम्मनहेड़ा में उनके ठिकानों पर आयकर विभाग और ईडी ने छापेमारी की है। परिवार के किसी भी व्यक्ति को घर और आवास पर अंदर से बाहर और बाहर से अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। दोपहर बाद नोटों की गिनती करने की मशीन लेकर एक व्यक्ति विधायक के आवास व कार्यालय परिसर में दाखिल हुआ। सिंह के आवास और कार्यालय पर आयकर विभाग की छापेमारी की भनक लोगों को सुबह लगी जबकि शुक्रवार की रात करीब दस बजे आयकर की टीम ने डेरा डाल दिया था।

## मुकेश अंबानी को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

नयी दिल्ली। भारत के दूरसंचार क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश डी अंबानी को वॉयस एंड डेटा द्वारा प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2023 के लिए रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष मैथ्यू ओमन को पाथब्रेकर ऑफ द ईयर अवार्ड से नवाजा गया। देश में 5जी के तेज रोलआउट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए श्री ओमन को यह अवार्ड मिला।

# कांग्रेस के छह बागी विधायक भाजपा में शामिल

हिमाचल में झटका

### तीन निर्दलीय विधायक भी भाजपा में हुये शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश में बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के कारण अयोग्य ठहराए गए छह पूर्व विधायक भाजपा में शामिल हो गए हैं। उनके साथ-साथ तीन निर्दलीय विधायक भी भाजपा में शामिल हुए हैं। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में हिमाचल प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायक- आशीष शर्मा, केएल ठाकुर और होशियार सिंह हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। बागी विधायक भी भाजपा में शामिल हुए, जिनमें धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा, सुजानपुर से राजेंद्र राणा, कुटलैहड़ से देवेंद्र भुट्टो, गगरेट से चैतन्य शर्मा, लाहौल स्पीति से रवि ठाकुर और बड़सर से विधायक इंद्र दत्त लखनपाल हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद बागी विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि कांग्रेस की कार्यक्षमता खत्म हो गई है। न तो हाईकमान का कोई प्रभाव है और न ही पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए कोई सम्मान बचा है। इसलिए कांग्रेस के नेता वहां परेशान हैं।




# पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमले में एक और चार्जशीट

### 2022 में नक्सलियों के हमले दो पुलिस कर्मियों की हुयी थी मौत

एजेंसी

नयी दिल्ली। झारखंड के पूर्व विधायक गुरचरण नायक पर हुए हमले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को एक और आरोपित के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। माओवादियों के हमले दो पुलिस कर्मियों की भी मौत हुई थी। एनआईए की विशेष अदालत रांची के समक्ष अपने इस पूरक आरोप पत्र में जांच एजेंसी ने आरोपित मोने तियू पर आईपीसी, यूए (पी) अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए हैं। मामला 4 जनवरी 2022 का है। पश्चिम सिंहभूम जिले के हाई स्कूल झिलुरूआ में पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हुए हमले के संबंध में एनआईए द्वारा पहले दिसंबर 2022 में चौदह लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

इसके बाद मई 2023 में दूसरे पूरक आरोप पत्र में दो लोगों को आरोपित किया गया था। एनआईए के प्रवक्ता के मुताबिक, यह आरोप पत्र तिवारी बांकीरा उर्फ शाका (25) और सदन कोरह उर्फ साजन (20) के खिलाफ किया गया था।



## एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन जनता के लिए खुला


**श्रीनगर। एशिया का सबसे बड़ा कश्मीर का ट्यूलिप गार्डन शनिवार को आधिकारिक तौर पर जनता के लिए खोल दिया गया। इस साल गार्डन में अलग-अलग 17 लाख फूल दिखेंगे जिसमें इस साल पांच नए फूल भी शामिल किए गए हैं। जबरवन पर्वत श्रृंखला की तलहटी और राजसी डल झील के किनारे स्थित सुरम्य ट्युलिप गार्डन खुलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग तथा पर्यटक यहां पर पहुंच रहे हैं और लाल, पीले, गुलाबी आदि विभिन्न रंगों के खिले हुए ट्युलिप के फूलों की सुंदरता का आनंद ले रहे हैं।**

# सीएए किसी को नागरिकता से वंचित नहीं करता : उपराष्ट्रपति

### पड़ोस में सताये गये अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। एक बहुलवादी और लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में देश के समृद्ध इतिहास को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को जोर देकर कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) किसी भी भारतीय नागरिक को उसकी नागरिकता से वंचित नहीं करता है। उन्होंने कहा कि सीएए के माध्यम से हाल के कदमों का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिक के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना पड़ोस में सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है। धनखड़ ने हमारे संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय के मूल्यों द्वारा निर्देशित सीएए जैसे कदमों के सुखद प्रभाव को महसूस करने में कुछ वर्गों की विफलता पर अपना दर्द व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग पड़ोस में सताए गए अल्पसंख्यकों पर मानवाधिकार के



दृष्टिकोण से ऐतिहासिक संदर्भ और सुखद प्रभाव को पहचानने में विफल रहे। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका और सामाजिक विमर्श पर इसके प्रभाव को स्वीकार करते हुए उपराष्ट्रपति ने एक स्वतंत्र और उद्देश्यपूर्ण मीडिया की आवश्यकता पर जोर दिया। मीडिया के राजनीतिकरण के प्रति आगाह करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि मीडिया एक पंजीकृत मान्यता प्राप्त या गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल नहीं हो सकता है। उन्होंने आगाह किया कि मीडिया को सभी सावधानियां बरतनी चाहिए ताकि वह पक्षपातपूर्ण राजनीति के लिए युद्ध का मैदान न बन जाए। धनखड़ ने निगरानी रखने और ऐसी गलत सूचनाओं पर अंकुश लगाने के लिए मीडिया की जिम्मेदारी को रेखांकित किया।

# पंजाब में जहरीली शराब से 20 मरे

▸▸ 11 पटियाला के राजिंदरा अस्पताल और छह संगरूर के सिविल अस्पताल में भर्ती

चंडीगढ़। पंजाब के संगरूर में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से छह और लोगों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 20 हो गई है। इस बीच, घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। वहीं 11 लोगों का पटियाला के राजिंदरा अस्पताल और छह लोगों का संगरूर के सिविल अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। संगरूर के सिविल सर्जन कृपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि इस घटना में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि दिड़बा और सुनाम ब्लॉक के गुजरां, टिब्बी रविदासपुरा और ढंडोली खुर्द गांवों से लोगों की मौत होने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और आबकारी अधिनियम के तहत मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है।

## नौसेना ने मुंबई पुलिस को सौंपा 35 सोमालियाई समुद्री डाकू

नयी दिल्ली। अरब सागर में 16 मार्च को भारतीय नौसेना के सामने समर्पण करने वाले 35 सोमालियाई समुद्री डाकुओं को लाकर मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है। इनके कब्जे से छुड़ाए गए चालक दल के 16 सदस्य भी शनिवार को मुंबई लाये गए हैं। इन समुद्री डाकुओं ने दिसंबर में माल्टा के व्यापारिक जहाज एमवी रुएन को चालक दल समेत अपहृत करके रखा था। पिछले हफ्ते नौसेना ने जब इन लुटेरों को घेरा तो इन समुद्री डाकुओं ने ड्रोन को मार गिराया और नौसेना के युद्धपोत पर गोलीबारी भी की लेकिन 40 घंटे से अधिक समय तक चले ऑपरेशन के दौरान भारतीय कमांडो के सामने सरेंडर करना पड़ा।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार के अनुसार समुद्री सुरक्षा अभियानों के तहत भारतीय नौसेना इस क्षेत्र में व्यापक निगरानी कर रही है, जिसमें यातायात की निगरानी भी शामिल है। इसके बावजूद अरब सागर से गुजर रहे माल्टा के व्यापारिक जहाज एमवी रुएन का सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने पिछले साल 14 दिसंबर को 35 सदस्यीय चालक दल समेत अपहरण कर लिया था।

# लोकतंत्र किसी संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता : योगी

▸▸ केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उप्र के सीएम योगी ने कहा-कोई भी कानून से बड़ा नहीं हो सकता

▸▸ सीएम राज्य का सेवक होता है, कानून से ऊपर नहीं

एजेंसी

लखनऊ। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है इसीलिए अरविंद केजरीवाल बार-बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बन सके। मगर लोकतंत्र किसी व्यक्ति, पार्टी या संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश का मालिक नहीं होता। हमारा काम जनसेवक और कस्टोडियन का होता है। कोई भी, फिर चाहे मैं ही क्यों न हूं, अगर नियम विरुद्ध आचरण करूंगा तो मुझ पर भी देश का कानून लागू होगा। कोई व्यक्ति या सरकार खुद को कानून से ऊपर मानने लगे तो ये गलत है। ईडी एक स्वतंत्र नियामक संस्था है और केजरीवाल का मामला कोर्ट में है, इसे अब कोर्ट ही तय करेगी। ये बातें शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक निजी टीवी चैनल के साथ बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यूपी में जो भी परिवर्तन दिखाई देता है, उसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूपी की जनता को दिया जाना चाहिए। प्रदेश के बारे में आज देश और दुनिया की धारणा बदली है। 2017 से पहले यहां लोगों के सामने पहचान का संकट था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। सुरक्षा की स्थिति बदतर थी। प्रदेश में विकास का माहौल नहीं था। सरकारों ने अपने परिवार का विकास किया। जातीयता के नाम पर प्रदेश को विभाजित किया गया। मगर, आज ये नये भारत का नया यूपी है, जो देश की उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश है। यहां सर्वाधिक निवेश को धरातल पर उतारने का कार्य हुआ है। यूपी आज इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की योजनाओं को सबसे तीव्रता के साथ आगे बढ़ाने वाला प्रदेश बन चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की बात करती है,ध्रुवीकरण की राजनीति नहीं करती। हम लोकआस्था का सम्मान करते हैं। हम कर्फ्यू नहीं लगाते, कांवड़ यात्रा का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रदेश में स्पिरिचुअल टूरिज्म में यूपी में बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वह जितनी बार अयोध्या, मथुरा और काशी गये हैं, उतना कोई भी मुख्यमंत्री नहीं गया। यही कारण है कि 2017 से पहले की अयोध्या और अब की अयोध्या में संभावनाओं के मामले में 100 गुना ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। लाखों लोगों को रोजगार मिला है।



सीएम ने बताया कि वे अपना चुनावी अभियान मथुरा में से आरंभ करेंगे। मुख्यमंत्री ने बदायूं की घटना को वीभत्स बताया। उन्होंने कहा बुलडोजर अन्यायियों और अत्याचारियों के साथ साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए चलता है। सीएम ने प्रदेश में हुए एनकाउंटर पर कहा कि पुलिस नियमानुसार अपना काम करती है। बेटी और व्यापारी को कोई भी परेशान करेगा तो कानून का राज स्थापित करने के लिए जो भी उपाय है, वह किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कहा कि हम हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर पाए, इसलिए शायद मुसलमानों के मन में जगह नहीं बना पाए। हिन्दुस्थान में हमें यहां की मूल आत्मा का सम्मान करना पड़ेगा। हिन्दू भारत की मूल आत्मा है। उसका अपमान नहीं किया जा सकता, जिसको गलतफहमी होगी कि हम इस भावना का अपमान करके राजनीति करेंगे, तो हम ऐसी राजनीति को ठोकर मारते हैं।

# कविता की इडी हिरासत 26 मार्च तक बढ़ी

दिल्ली शराब घोटाला

नयी दिल्ली। राजधानी की एक विशेष अदालत ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत 26 मार्च तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी और बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद सुश्री कविता की हिरासत को तीन और दिनों के लिए 26 मार्च तक बढ़ा दी। सुश्री कविता को जांच एजेंसी ने 15 मार्च को हैदराबाद में उसके आवास पर छापा



मारने के बाद गिरफ्तार किया था और मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए 16 मार्च को सात दिनों की ईडी हिरासत हासिल की थी। ईडी के विशेष वकील जोहेब हुसैन ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत एक आवेदन दायर करके सुश्री कविता की हिरासत को पांच और दिनों के लिए बढ़ाने की मांग की। इस मामले में वर्ष 2021-22 के लिए दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में अनियमितताओं के लिए दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ 17 अगस्त 2022 को सीबीआई द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# तीन दशकों से लखनऊ सीट पर भाजपा का कब्जा

लोकसभा चुनाव

▸▸ लखनऊ सीट अंतिम बार 1984 में कांग्रेस ने जीती थी

▸▸ 1991 से 2019 तक विपक्ष ने जीता लोकसभा चुनाव

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ किसी जमाने में कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी। सपा और बसपा के उभार के बाद प्रदेश में कांग्रेस की राजनीतिक जमीन लगातार सिकुड़ती गई। हालांकि प्रदेश की राजनीति में अग्रणी भूमिका निभाने के बावजूद सपा और बसपा लखनऊ संसदीय सीट जीतने में कामयाब नहीं हुईं। कांग्रेस ने लखनऊ सीट अंतिम बार 1984 में जीती थी। पिछले तीन दशकों से लखनऊ सीट पर भाजपा का कब्जा है। लखनऊ भाजपा का वो अभेद्य दुर्ग है जिसे 1991 से 2019 तक हुए सात चुनाव में विपक्ष विजय पताका फहरा नहीं पाया। वर्ष 2007 में बसपा ने और 2012 में सपा ने यूपी में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई, बावजूद इसके सपा और बसपा लखनऊ लोकसभा सीट जीतने का ख्वाब पूरा नहीं कर पाईं। बसपा को प्रदेश की सत्ता चार बार संभालने का मौका मिला। वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा का सोशल इंजीनियरिंग का फामूर्ला हिट रहा। बसपा ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। विधानसभा चुनाव के दो साल बाद 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में बसपा के खाते में 20 सीटें ही आईं। सपा ने 23, भाजपा ने 10, कांग्रेस ने 21, रालोद ने 5 और 1 सीट पर निर्दलीय ने जीत दर्ज की। इस चुनाव में बसपा ने लखनऊ सीट से पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास के पुत्र डॉ.अलिखेश दास को मैदान में उतारा था। अखिलेश दास ने



जीत के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी, लेकिन उन्हें जीत नसीब नहीं हुई। लखनऊवासियों ने जीत का सेहरा भाजपा प्रत्याशी लालजी टंडन के सिर पर बांधा। कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी दूसरे और बसपा प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे। ये वो समय था जब प्रदेश में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार थी। वर्ष 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी जगमोहन सिंह वर्मा लखनऊ सीट पर चौथे स्थान पर रहे। ये चुनाव जनता दल के मंदाता सिंह ने जीता था। 1991 के चुनाव में बसपा के बलबीर सिंह सलूजा पांचवें स्थान पर रहे। 1996 में वेद प्रकाश ग्रोवर तीसरे, 1998 में डा. दाऊ जी गुप्ता तीसरे, 1999 में इजहारूल हक और 2004 में नसीर अली सिद्दीकी चौथे स्थान पर रहे। वर्ष 1991 से 2004 तक भाजपा प्रत्याशी अटल बिहारी वाजपेयी ने लगातार लखनऊ सीट पर जीत दर्ज की। वर्ष 2004 के चुनाव में चौथे स्थान पर रहे बसपा प्रत्याशी नसीर अली सिद्दीकी को तो निर्दलीय प्रत्याशी राम जेठमलानी से भी कम वोट हासिल हुए थे। जेठमलानी तीसरे स्थान पर रहे। वर्ष 2014 के चुनाव में बसपा उम्मीदवार नकुल दूबे तीसरे स्थान पर रहे। चुनाव भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने जीता। वर्ष 2019 के चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन था। बसपा की तरह सपा भी अब तक लखनऊ संसदीय सीट जीत नहीं पाई। वर्ष 1996 के चुनाव में सपा प्रत्याशी राज बब्बर दूसरे स्थान पर रहे।

## बंगाली अभिनेता पार्थ सारथी देव का निधन

कोलकाता। मशहूर बंगाली अभिनेता पार्थसारथी देव का कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया है। वह 68 वर्ष के थे। उनके परिवार के सदस्यों ने शनिवार को बताया कि देव का शुक्रवार रात 11 बजकर 50 मिनट पर निधन हो गया। उनका अस्पताल में इलाज जारी था। देव के परिजनों बताया कि देव लंबे समय से फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित थे तथा पिछले एक महीने से एम आर बांगुर सरकारी अस्पताल में भर्ती थे। पिछले एक हफ्ते में उनकी हालत और बिगड़ गयी थी तथा वह गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती थे। टेलीविजन धारावाहिकों में भी लोकप्रिय चेहरा रहे देव ने फीचर फिल्मों में भी काम किया, जिसमें हाल में रिलीज हुई रक्तबीज मूवी शामिल है। देव ने रंगमंच, धारावाहिक, फिल्म तथा वेब सीरीज में अभिनय किया है।

VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !